नई दिल्ली से प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

जन-जन की आवाज

# द न्यूज फिफ्टीन

RNI NO.- DELHIN/2023/86360 www.thenews15.in



वर्ष :02 | अंक : 216 | नई दिल्ली, सोमवार 04 नवंबर 2024 | मूल्य : 05 | पृष्ठ-12 |

हॉरर फिल्मों की दीवानी है माधुरी दीक्षित... पेज-12

## एक नजर

### प्रधानमंत्री मोदी ने भाई दूज पर देशवासियों को दी बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को देशवासियों को भाई-बहन के बीच अटूट स्नेह के पर्व 'भाई दूज' पर बधाई दी। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, सभी देशवासियों को भाई दूज की ढेरों शुभकामनाएं। यह पावन अवसर भाई-बहन के आपसी स्नेह-भाव को और प्रगाढ़ करे, यही कामना है। भाई-बहन के बीच स्नेह के बंधन के पर्व 'भाई दूज' को बड़ी श्रद्धा और परस्पर प्रेम के साथ मनाया जाता है। रक्षाबंधन के बाद, 'भाई दूज' ऐसा दूसरा त्योहार है जो भाई-बहन के बीच स्नेह को समर्पित है।

### सत शर्मा बने जम्मू-कश्मीर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने श्री सत शर्मा को जम्मू-कश्मीर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी महासचिव अरुण सिंह ने आज यहां एक विज्ञप्ति में बताया कि भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने श्री सत शर्मा को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष नियुक्त किया है। जम्मू-कश्मीर प्रदेश भाजपा के निवर्तमान अध्यक्ष रविन्दर रैना को भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का सदस्य नियुक्त किया गया है। ये नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से की गई हैं।

### मुंबई पुलिस ने अमेरिका से की लॉरेंस बिश्नोई के भाई को हिरासत में लेने की अपील

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने अमेरिका से गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई को हिरासत में लेने की मांग की है। एक अधिकारी ने शनिवार को यहां बताया कि अमेरिका के अधिकारियों ने लॉरेंस के छोटे भाई अनमोल बिश्नोई (25) की उनके देश में मौजूदगी के बारे में उन्हें सतर्क किया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी सरकार से अलर्ट के बाद मुंबई पुलिस ने उसके प्रत्यर्पण की प्रक्रिया शुरू कर दी है और इस संबंध में अपराध शाखा ने हाल ही में यहां एक विशेष अदालत का दरवाजा खटखटाया है।

अदालत में दायर आवेदन में मुंबई पुलिस ने कहा है कि वह उपनगरीय बांद्रा में बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के घर पर कथित गोलीबारी के मामले में अनमोल के प्रत्यर्पण की पहल करना चाहती है। लॉरेंस के सलाखों के पीछे होने के कारण अप्रैल में सलमान खान के घर के बाहर हुयी गोलीबारी सहित प्रमुख अभियान अनमोल द्वारा कराये जाने का आरोप है।

### दिल्ली में आयोजित होगा पहला एशियाई बौद्ध शिखर सम्मेलन

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में पांच और छह नवंबर को पहला एशियाई बौद्ध शिखर सम्मेलन (एबीएस) का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन का आयोजन भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय, अंतरराष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ (आईबीसी) के सहयोग से किया जा रहा है। इस शिखर सम्मेलन का विषय 'एशिया को सुदृढ़ बनाने में बुद्ध धम्म की भूमिका' है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। संस्कृति मंत्रालय की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार शिखर सम्मेलन के माध्यम से पूरे एशिया के विभिन्न बौद्ध परंपराओं के संघ नेताओं, विद्वानों, विशेषज्ञों और चिकित्सकों को एक साथ लाया जाएगा, ताकि संवाद को बढ़ावा दिया जा सके, समझ को बढ़ावा दिया जा सके और बौद्ध समुदाय के सामने आने वाली समकालीन चुनौतियों का समाधान किया जा सके।

# झारखंड में भाजपा का घोषणा पत्र जारी

- भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में घोषणा की है कि वे खाली पड़े सभी 2 लाख 87 हजार खाली पदों को भरेंगे




**रांची, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ओर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज यहां भाजपा का घोषणा पत्र जारी किया।

इस मौके पर श्री शाह ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पर जमकर हमला बोला और युवाओं के कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की। रोजगार और पेपर लीक के मुद्दे पर सरकार को आड़े हाथों लेते हुआ उन्होंने कहा कि बेरोजगारी और पेपर लीक से त्रस्त युवा आज भाजपा के साथ अपना भविष्य ढूंढ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज हर परीक्षा में पेपर लीक की घटनाएं हुई है। चाहे वो 11वीं जेपीएससी की परीक्षा की हो या फिर जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा या फिर लैब अस्टिटेंट की परीक्षा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आयी तो पेपर लीक माफियाओं को उल्टा लटका के सीधा कर देंगे।

श्री शाह ने हेमंत सोरेन से सवाल पूछा कि आपने प्रतिवर्ष 5 लाख युवाओं को नौकरी देने का वादा किया था। मैं आपसे हिसाब मांगने आया हूं। 25 लाख छोड़िये आप पांच लाख युवाओं की लिस्ट दे दीजिए।उन्होंने कहा इस सरकार से झारखंड के युवा आक्रोशित हैं और आपको ढूंढ रहे हैं।

भाजपा ने अपने झारखंड की जनता से वादा किया है कि उनके सरकार आने पर जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा को रद्द करेंगे।साथ ही साथ सभी पेपर लीक मामलों की सीबीआई जांच कराएंगे।

भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में घोषणा की है कि वे खाली पड़े सभी 2 लाख 87 हजार खाली पदों को भरेंगे। साथ ही 5 लाख स्वरोजगार के अवसर प्रदान करेंगे।पार्टी का यह भी वादा किया है कि 2 साल तक हर युवाओं को प्रति माह 2-2 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि देंगे।

भाजपा ने यह भी वादा किया है कि बीएड, नर्सिंग और अन्य पाठ्यक्रमों की सरकारी संस्थानों में मुफ्त शिक्षा मिलेगी। साथ ही साथ निजी संस्थानों में ट्यूसन फी माफ होगी।फूलो झानो पढ़ो बीटिया योजना के तहत गरीब और पिछड़े वर्ग की बेटियों को केजी से पीजी तक की मुफ्त शिक्षा देंगे।

झारखंड को कौशल विकास के हब के रूप में विकसित करेंगे। इसके तहत 5 लाख युवाओं को ट्रेनिंग और 1 लाख की वित्तीय सहायता प्रदान करेंगे।सभी सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण व्यवस्था यथावत रखा जाएगा और ओबीसी के लिए 27 फीसदी आरक्षण बरकरार रहेगा।

### मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद का हो जाएगा सफाया : अमित शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाले झामुमो गठबंधन पर नक्सलवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार मार्च 2026 तक देश से इस खतरे को खत्म कर देगी। शाह ने विश्वास जताया कि राजग झारखंड में सरकार बनाएगा और दावा किया कि हाल ही में हुए लोकसभा चुनावों के आधार पर यह 81 विधानसभा सीटों में से कम से कम 52 सीटें जीतेगा।
चतरा जिले के सिमरिया में एक रैली को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि यह झारखंड से दलित विरोधी, आदिवासी विरोधी, गरीब विरोधी और युवा विरोधी हेमंत सरकार को हटाने का समय है। गृह मंत्री अमित शाह ने आरोप लगाते हुए कहा कि ये सरकार तुच्छ राजनीतिक लाभ के लिए नक्सलवाद को बढ़ावा दे रही है। हमने पिछले पांच वर्षों के दौरान झारखंड से इस खतरे को जड़ से उखाड़ फेंका और अब प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार मार्च 2026 तक भारत से नक्सलवाद का सफाया कर देगी।

## हेमंत सोरेन का बीजेपी पर बड़ा हमला

### बांग्लादेशी घुसपैठियों की बात करते हैं शेख हसीना को शरण देने वाले : सोरेन

झारखंड में विधानसभा चुनाव से पहले सियासी पारा हाई हो गया है. सीएम हेमंत सोरेन ने भाजपा पर तीखा हमला करते हुए बांग्लादेश के साथ संबंध बढ़ाने का आरोप लगाया. गढ़वा विधानसभा सीट के रांका में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा नेताओं के पास बांग्लादेश को लेकर "दोहरे मानदंड" हैं.

**सीएम सोरेन ने उठाए सवाल**

उन्होंने कहा कि झारखंड में उत्पादित बिजली बांग्लादेश को दी जा रही है, जबकि राज्य के लोगों को इन बिजली संयंत्रों से होने वाले प्रदूषण से जूझना पड़ रहा है. क्या केंद्र का यह कर्तव्य नहीं है कि वह सीमाओं की रक्षा करे और घुसपैठ को रोके? राज्य सरकारों की इसमें कोई भूमिका नहीं है. घुसपैठिए आपके (भाजपा) शासित राज्यों से भारत में प्रवेश करते हैं, आप वहां घुसपैठ को क्यों नहीं रोकते? सीएम सोरेन ने कहा कि वे (भाजपा) खुद स्वीकार करते हैं कि उनके राज्य में घुसपैठ होती है, फिर भी वे झारखंड को जिम्मेदार ठहराते हैं.

**झारखंड में 2 फेज में होगी वोटिंग**

बता दें कि 81 सदस्यीय झारखंड विधानसभा के लिए चुनाव 13 और 20 नवंबर को दो चरणों में होंगे और 23 नवंबर को वोटों की गिनती होगी. सत्तारूढ़ झामुमो विपक्ष के इंडिया ब्लॉक के हिस्से के रूप में चुनाव लड़ेगा, जिसने 43 विधानसभा सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं. कांग्रेस को 30 सीटें दी गई हैं, जबकि लालू प्रसाद के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनता दल (फखऊ) 6 सीटों पर चुनाव लड़ेगी. इसके अलावा भारतीय



कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) को चार सीटें दी गई हैं.

उन्होंने सवाल किया कि केंद्र ने बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता से बाहर किए जाने के बाद भारत में शरण लेने की अनुमति क्यों दी. सोरेन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने शपथ लेते समय संविधान के सामने सिर झुकाया, उन्होंने कहा कि देश संविधान के अनुसार चलेगा और समाज के सभी वर्गों को समान अधिकार मिलेंगे, तो मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि क्या आपने बांग्लादेश के साथ कोई आंतरिक व्यवस्था की है? मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि आपने शेख हसीना के हेलीकॉप्टर को यहां उतरने की अनुमति क्यों दी. आपने उन्हें किस आधार पर शरण दी है?

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की यह टिप्पणी केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा रांची में एक चुनावी रैली को संबोधित करने के एक दिन बाद आई है, उन्होंने झामुमो के नेतृत्व वाली सोरेन सरकार पर बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया था. अमित शाह ने दावा किया था कि झारखंड में आदिवासी आबादी घट रही है और इसकी जनसांख्यिकी तेजी से बदल रही है.

### भारत, पाक में सरकार के हस्तक्षेप से आ सकती है वायु प्रदूषण में कमी : अध्ययन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक नए अध्ययन के अनुसार, भारत और पाकिस्तान में सरकारी हस्तक्षेप से फसल जलाने की अवैध प्रथा को रोकने और दक्षिण एशिया में गंभीर वायु प्रदूषण को कम करने में मदद सकती है।

अमेरिका के ब्राउन विश्वविद्यालय की शोधकर्ता जेम्मा डिपोप्पा के नेतृत्व में किए गए इस अध्ययन के अनुसार, फसल जलाने के कारण बढ़ने वाला वायु प्रदूषण हर साल दक्षिण एशिया में 20 लाख लोगों की जान लेता है और यह एक सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल की स्थिति बन चुका है।

शोधकताओं ने फसल जलाने से होने वाले प्रदूषण का शिशु और बाल मृत्यु दर पर असर भी देखा और अनुमान लगाया कि अगर फसल जलाने की घटनाओं को कम किया जाए तो प्रति 1,000 बच्चों में 1.5 से 2.7 बच्चों की जान बचाई जा सकती है।

ब्राउन यूनिवर्सिटी में राजनीति विज्ञान की सहायक प्रोफेसर डिपोप्पा ने कहा, 'यह स्पष्ट तौर पर स्वास्थ्य आपातकाल है, और हमने सोचा, 'सरकार लोगों के लिए हानिकारक चुनौती का सामना क्यों नहीं कर पा रही है?



डिपोप्पा ने आगे कहा कि हमने सरकारी हस्तक्षेप के पहलू और विशेष रूप से राज्य के प्रशासन का अध्ययन करने का फैसला किया है। डिपोप्पा ने अपने सह-लेखक प्रिंसटन यूनिवर्सिटी के साद गुलजार के साथ, हवा, आग और स्वास्थ्य के दस वर्षों के डेटा का विश्लेषण किया है। उन्होंने पाया कि भारत और पाकिस्तान जैसे देशों में संबंधित सरकारी अधिकारी तब एक्शन लेते हैं जब प्रदूषण उनके अपने क्षेत्र में होने लगता है। अपने अपने प्रभार से बाहर के क्षेत्रों के प्रदूषण को लेकर सक्रिय नहीं होते।

अध्ययन में पाया गया कि जब हवा प्रदूषण को पड़ोसी क्षेत्रों की ओर ले जाने की संभावना सबसे अधिक होती है, तो फसल जलाने से होने वाली आग में 15 प्रतिशत की वृद्धि होती है।

## वायनाड में राहुल गांधी बोले- ये संविधान बचाने की लड़ाई

# प्रियंका ने कहा- इस सरकार को बस सत्ता चाहिए

**वायनाड, एजेंसी।** राहुल गांधी भी वायनाड लोकसभा सीट के उपचुनाव में अपनी बहन प्रियंका गांधी के लिए प्रचार रण में उतर गए हैं। रविवार को राहुल गांधी ने वायनाड में प्रियंका गांधी के लिए चुनाव प्रचार किया और एक रैली को संबोधित किया। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि प्रियंका गांधी आपकी सबसे अच्छी सांसद होंगी।

**राहुल गांधी बोले- प्रियंका सबसे अच्छी सांसद साबित होंगी**

राहुल गांधी ने रविवार को वायनाड में आयोजित रैली के दौरान कहा कि 'मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे प्रियंका गांधी जैसी बहन मिली, अब ये आप लोगों की भी खुशकिस्मती होगी कि वे आपकी भी बहन, मां और बेटी जैसी होंगी। मुझे विश्वास है कि वे आपके लिए सबसे अच्छी सांसद साबित होंगी।'



राहुल गांधी ने अपने संबोधन में जोर देकर कहा कि आज देश में पहला संघर्ष संविधान की रक्षा और उसके संरक्षण के लिए है। उन्होंने कहा कि देश का संविधान नफरत से नहीं, बल्कि विनम्रता और प्रेम से लिखा गया है।

**राहुल गांधी ने कहा- ये संविधान को बचाने की लड़ाई**

मनंतावडी में एक नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कहा, 'आज देश में मुख्य लड़ाई हमारे देश के संविधान की लड़ाई है। हमें जो सुरक्षा मिलती है, हमारे देश की महानता, सब संविधान से ही आई है।' उन्होंने कहा, 'संविधान गुस्से या नफरत से नहीं लिखा गया था। इसे उन लोगों ने लिखा था जिन्होंने अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी, जिन लोगों ने कष्ट झेले, जिन्होंने कई साल जेल में बिताए। और उन्होंने संविधान को विनम्रता, प्रेम और स्नेह के साथ लिखा।' लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि यह प्रेम और घृणा के बीच की लड़ाई है।


उन्होंने कहा, 'यह आत्मविश्वास और असुरक्षा के बीच की लड़ाई है। और अगर आप वास्तव में इस लड़ाई को जीतना चाहते हैं, तो आपको अपने दिल से क्रोध, घृणा को हटाकर और उसकी जगह प्रेम, विनम्रता और करुणा को लाना होगा।' राहुल गांधी ने अपनी बहन के गुणों के बारे में बात करते हुए अपने बचपन की पुरानी यादें साझा कीं। राहुल गांधी ने याद करते हुए कहा, 'यह वही व्यक्ति हैं, जिन्होंने मेरे पिता (राजीव गांधी) की हत्या में शामिल लड़की को गले लगाया था।k

## पीएम मोदी और जेपी नड्डा से मिले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

# प्रधानमंत्री को महाकुंभ 2025 में आने का दिया न्योता

नई दिल्ली, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को पीएम मोदी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से उनके आवास पर मुलाकात की. सीएम योगी पहले प्रधानमंत्री मोदी से मिले फिर उन्होंने नड्डा से मुलाकात की. ढट के साथ योगी की एक घंटे से अधिक समय तक बैठक चली. सूत्रों ने बताया कि सीएम योगी ने प्रधानमंत्री मोदी को महाकुंभ 2025 के लिए प्रयागराज आने का न्योता दिया. सूत्रों ने आगे बताया कि योगी और नड्डा ने राज्य में होने वाले आगामी उपचुनावों पर भी चर्चा की.

7 लोक कल्याण मार्ग पर हुई यह मुलाकात 4 जून को लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद दोनों नेताओं के बीच पहली आमने-सामने की चर्चा है. सीएम का यह दौरा 13 नवंबर को होने वाले महत्वपूर्ण उपचुनावों से कुछ दिन पहले हुआ है. कुल नौ विधानसभा सीटों पर चुनाव होने हैं, जिनमें से पांच सीटें वर्तमान में भाजपा के



नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (NDA) के पास हैं और चार सीटें विपक्षी समाजवादी पार्टी के पास हैं.

एक घंटे से अधिक समय तक चली यह मुलाकात दिवाली के बाद यूपी के मुख्यमंत्री की शिष्टाचार मुलाकात बताई जा रही है. हालांकि, राज्य की नौ सीटों पर होने वाले उपचुनावों से पहले इसे अहम माना जा रहा है. समाचार एजेंसी एएनआई के एक वीडियो में यूपी के सीएम को दिल्ली स्थित यूपी सदन से निकलते हुए दिखाया गया है.



जिन नौ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हो रहे हैं, उनमें से 5 पर भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए और 4 पर समाजवादी पार्टी (सपा) का कब्जा है. उपचुनाव कटेहरी (अंबेडकरनगर), करहल (मैनपुरी), मिल्कीपुर (अयोध्या), मीरापुर (मुजफ्फरनगर), गाजियाबाद, मझवां (मिजार्पुर), सीसामऊ (कानपुर नगर), खैर (अलीगढ़), फूलपुर (प्रयागराज) और कुंदरकी (मुरादाबाद) में होंगे.

### महाकुंभ में 7000 बसें चलाएगी सरकार

अगले साल प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुंभ की तैयारी जोरों पर है. उत्तर प्रदेश राज्य रोडवेज परिवहन निगम, यानी यूपी एस आर टी सी, महाकुंभ में 7000 बसें चलाएगी. इस पहल का उद्देश्य प्रयागराज आने वाले श्रद्धालुओं को सहूलियत देना है. 7000 बसों के बेड़े में 200 इलेक्ट्रिक बसें भी शामिल होंगी. इसके अलावा, जरूरत पड़ने पर और भी बसों को शामिल किया जाएगा.

## वक्फ संशोधन बिल पर बढ़ा संकट?

# जिनके भरोसे केंद्र में मोदी सरकार, उन्हीं के नुमाइंदे ने कहा- मुसलमानों के दिल में..

वक्फ संशोधन बिल को लेकर देश भर में सियासी घमासान जारी है. कुछ राजनीतिक दल इसे मुसलमानों के लिए बेहतर बता रहे हैं तो कुछ इसका विरोध कर रहे हैं. इस बीच, बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए के घटक दल तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) ने भाजपा की टेंशन बढ़ा दी है.

एक रिपोर्ट के मुताबिक, टीडीपी उपाध्यक्ष नवाब जान उर्फ अमीर बाबू ने रविवार को वक्फ संशोधन बिल को लेकर चिंता जताई. उन्होंने कहा कि यह बिल मुसलमानों के दिलों में दर्द पैदा कर रहा है. चंद्रबाबू नायडू के कहने पर ही वक्फ संशोधन बिल को लेकर ज्वाइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (जेपीसी) का गठन किया गया है.



चंद्रबाबू नायडू के अनुसार इस बिल को लेकर सभी का राय मशवरा लेना चाहिए. पूरे देश में इस मुद्दे पर राय मशविरा चल रहा है और चंद्रबाबू नायडू ने सभी से सर्वे करने का आग्रह किया है. यह आवश्यक है कि इस विषय पर सभी पक्षों की बात सुनी जाए.

### सेकुलर सोच वाले इंसान हैं चंद्रबाबू नायडू

इससे पहले, नवाब जान उर्फ अमीर बाबू ने कहा था कि वक्फ संशोधन बिल को नाकाम करने के लिए हमें आगे बढ़ना है. भारत की बदकिस्मती है कि पिछले 10-12 वर्षों में यहां ऐसी घटनाएं हुईं, जो नहीं होनी चाहिए थीं. हमारे चंद्रबाबू नायडू एक सेकुलर सोच वाले इंसान हैं. वे हिंदू और मुसलमान को एक ही नजर से देखते हैं. चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि जिस धर्म का जो भी बोर्ड है, उसमें उसी धर्म के लोग होने चाहिए. हम इस वक्फ संशोधन बिल को लागू नहीं होने देंगे.

# नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने आम आदमी पार्टी के नेताओं से सवाल पूछने का जनता से किया आह्वान

- जनता उनसे पिछले दस साल में किये गए झूठे वादों पर करे सवालः विजेंद्र गुप्ता
- मार्शलों के मुद्दे पर सरकार उन्हें गुमराह कर राजनीति कर रही हैः विजेन्द्र गुप्ता




**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा अपने नेताओं को जनता के बीच जाकर उनके साथ संवाद करने के आदेश पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए दिल्ली की जनता से अपील की है कि 'आप' के नेता जब भी उनके पास आएं तो वे उनसे पिछले 10 साल में भ्रष्टाचार में लिप्त 'आप' सरकार की विफलताओं पर सवाल जरूर पूछे और उन्हें अपने मोहल्ले में फैली गंदगी दिखाए, टूटी हुई सड़कें और जाम सीवर दिखाए, पीने के पानी की दिक्कत के बारे में बताए, उनसे पूछे कि दिल्ली में इतना प्रदूषण क्यों है, यमुना इतनी मैली क्यों है, पंजाब की पराली को वह क्यों नहीं रोक पा रहे हैं, दिल्ली की परिवहन व्यवस्था इतनी लचर क्यों हो चुकी है, दिल्ली जल बोर्ड 73 हजार करोड़ के घाटे में कैसे पहुंच गया, सीवर के पानी को ट्रीट करने के लिए एसटीपी प्लांट दिल्ली सरकार ने क्यों नहीं लगाये, उनसे पूछें कि कैग की रिपोर्ट्स को विधानसभा में प्रस्तुत क्यों नहीं किया जा रहा है।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने जनता से अपील की कि वह आम आदमी पार्टी के नेताओं से पूछे कि 70 वर्ष से अधिक के बुजुर्गों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ दिल्ली में क्यों नहीं दिया जा रहा है। इस पर भी सवाल पूछे कि दिल्ली के 90 हजार गरीबों को राशन कार्ड क्यों नहीं दिए जा रहे हैं। संवाददाता सम्मेलन को भाजपा विधायक अभय वर्मा, अजय महावर, जितेंद्र महाजन, अनिल बाजपेई और प्रदेश भाजपा के मीडिया प्रभारी प्रवीण शंकर ने भी संबोधित किया।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि आम आदमी पार्टी अब धोखाधड़ी पार्टी बन चुकी है। लोगों को धोखा देना, उन्हें गुमराह करना, उनसे झूठे वादे करना उनकी फितरत बन चुकी है। उन्होंने कहा कि सरकार बस मार्शलों के साथ भी धोखा कर रही है। उपराज्यपाल द्वारा 10 हजार डिफेंस वॉलिंटियर्स को 1 नवंबर से बहाल कर उन्हें प्रदूषण नियंत्रण की ड्यूटी पर लगाने के आदेश को भी नजरअंदाज कर सरकार इस मुद्दे को राजनीतिक रंग दे रही है। भाजपा पर आरोप लगाना आतिशी की नौटंकी है। वो चाहती ही नहीं है कि मार्शलों को बहाल किया जाए। गुप्ता ने आतिशी से सवाल किया कि अब वह एक सप्ताह में इस पर प्रस्ताव बनाने की बात करके किसे गुमराह करना चाह रही हैं। जब उपराज्यपाल के साथ हुई 5 अक्टूबर की मीटिंग में यह फैसला हो गया था कि इस विषय पर प्रस्ताव बनाकर मार्शलों को नियमित करने के लिए एक कमेटी का गठन किया जाएगा तो पिछले एक महीने से उन्होंने इस पर कार्रवाई क्यों नहीं की। उपराज्यपाल के 24 अक्टूबर के आदेश के बावजूद उन्होंने एक्शन क्यों नहीं लिया। इसका मतलब साफ है कि दिल्ली सरकार इन मार्शलों को न तो बहाल करना चाहती है और न ही नियमित। इसीलिए किसी न किसी बहाने से मामले को लटकाना चाहती है। मार्शलों की बहाली न हो पाने से प्रदूषण नियंत्रण के उपाय भी निरर्थक सिद्ध हो रहे हैं और जनता गैस चैंबर बन चुकी दिल्ली के प्रदूषित आबोहवा में सांस लेने को मजबूर हैं।

भाजपा विधायकों ने दिल्ली सरकार पर 24 अस्पतालों के निर्माण में भारी भ्रष्टाचार और डेसू में अपने चहेतों की नियुक्तियां कर बेजा फायदा पहुंचाने का आरोप लगाते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी के नेता आगामी चुनावों में अपनी हार देखकर हताश हो रहे हैं और बौखलाहट महसूस कर रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष में मांग की है कि सरकार विधानसभा का विशेष सत्र बुलाये और इन तमाम मुद्दों पर चर्चा करवाये और जनता को अपना जवाब दे, ताकि जनता भी जान सके कि आम आदमी पार्टी अब पूरी तरह से नाकारा साबित हो चुकी है और पिछले 10 साल से उन्हें धोखा देती आ रही है। इसलिए अब इसे सत्ता से बाहर करने का वक्त आ गया है।

## 'वक्फ बोर्ड के साथ जामा मस्जिद और इसके आसपास की जगहों का हो सर्वे', दिल्ली हाईकोर्ट का आदेश



**नई दिल्ली, एजेंसी।** जामा मस्जिद को संरक्षित स्मारक घोषित करने की मांग को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को जामा मस्जिद व इसके आसपास सर्वे-निरीक्षण करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति प्रतिबा एम सिंह व न्यायमूर्ति अमित शर्मा की पीठ एएसआइ को जामा मस्जिद का कोई स्केच या टेबल रिकार्ड पर पेश करके यह बताने को कहा है कि मस्जिद परिसर का उपयोग किन उद्देश्य के लिए हो रहा है। अदालत ने यह भी बताने को कहा कि राजस्व और दान का उपयोग किस तरह से किया जा रहा है।

चार सप्ताह के अंदर स्थिति रिपोर्ट पेश करने का भी निर्देश

पीठ ने दिल्ली वक्फ बोर्ड को यह बताने के लिए कहा है कि क्या जामा की प्रबंध समिति के संविधान में कोई परिवर्तन किया गया है या नहीं। अदालत ने बोर्ड को जामा मस्जिद व इसके आसपास के संरक्षण या सुरक्षा के लिए सुझाव व प्रस्ताव भी पेश करने को कहा। मामले की सुनवाई 11 दिसंबर तक के लिए स्थगित करते हुए अदालत ने चार सप्ताह के अंदर स्थिति रिपोर्ट पेश करने का भी निर्देश दिया।

**वक्फ बोर्ड की तरफ से संजय घोष हुए पेश**

मामले पर सुनवाई के दौरान वक्फ बोर्ड की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता संजय घोष ने पीठ को सूचित किया कि 10 फरवरी 2015 को जारी आदेश के तहत मस्जिद की प्रबंध कमेटी में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव के अलावा छह सदस्य हैं। वर्तमान कमेटी के संबंध में पीठ द्वारा पूछने पर अधिवक्ता ने कहा कि कमेटी के सदस्यों की वर्तमान स्थिति पर पूरी तरह से साफ नहीं है और वह इस पर निर्देश लेकर जवाब देंगे। वहीं, दूसरी तरफ केंद्र सरकार की तरफ से पेश हुए स्थायी अधिवक्ता मनीष मोहन व अनिल सोनी ने कहा कि इस संबंध में एएसआइ महानिदेशक के साथ हुई बैठक में एसआईए ने कहा कि जामा मस्जिद को संरक्षित स्मारक घोषित करने के संबंध में कोई कदम नहीं उठाया गया है।

**सुहैल अहमद खान और अजय गौतम ने दायर की थी याचिका**

अदालत सुहैल अहमद खान और अजय गौतम द्वारा दायर जनहित याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। इसमें जामा मस्जिद के इमाम मौलाना सैयद अहमद बुखारी द्वारा शाही इमाम उपाधि के इस्तेमाल और उनके बेटे को नायब (उप) इमाम के रूप में नियुक्त करने पर आपत्ति जताई गई है। याचिकाओं में अधिकारियों को जामा मस्जिद को संरक्षित स्मारक घोषित करने और उसके आसपास सभी अतिक्रमण हटाने के निर्देश देने की मांग की गई थी। याचिकाओं में यह भी सवाल उठाया गया है कि जामा मस्जिद एएसआई के अधीन क्यों नहीं थी।

## गढी मेंडू गावं में खास अंदाज में मनाया गया गोवर्धन महोत्सव



**नई दिल्ली, एजेंसी।** गोवर्धन पूजा को लेकर भक्तजनों में एक अलग सा ही माहौल रहता है। फिर दीपावली के अगले ही दिन पड़ने से उस त्यौहार का उत्साह ही अलग होता है। दिल्ली के उत्तर पूर्वी क्षेत्र के गढ़ी मेंदू गांव में यादव समाज के लोग इस त्यौहार को बरसो से एक अलग ही अंदाज से मनाते आ रहे हैं। कल भी इस त्यौहार को लेकर क्षेत्र के लोगों में एक अनोखा रोमांच था जिस का हिस्सा दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव, पूर्व विधायक भीष्म शर्मा, करावल नगर जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज और करावल नगर जिला आब्जर्वर पीके मिश्रा भी बने। इस कार्यक्रम का आयोजन माधव सेवा समिति यादव सभा यमुना पार व यादव छात्रावास ने किया। देवेंद्र यादव, भीष्म शर्मा, आदेश भारद्वाज और पी के मिश्रा ने गोवर्धन गिरिराज प्रतिरूप की परिक्रमा कर प्रभु आशीर्वाद ग्रहण किया। इस मौके पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि गोवर्धन जी की पूजा के पीछे पर्यावरण संरक्षण का भाव छिपा है। भगवान श्री कृष्ण जी द्वारा गोवर्धन पर्वत पूजा के माध्यम से हमें पहाड़ों से प्राप्त वन संपदा, खनिज, जल स्रोत और निकलने वाली नदियों को बचाकर रखने का संदेश है।

## मनोज तिवारी ने छठ सेवा शिविरों की सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी ने आज अपने निवास स्थान पर दिल्ली भर की छठ समितियों की एक तैयारी बैठक का आयोजन किया और तैयारी की समीक्षा की उन्होंने किसी भी समस्या के निदान के लिए एक हेल्पलाइन नंबर 90901313 88 जारी किया इस अवसर पर दिल्ली भर के लगभग 300 से अधिक छठ समितियों के पदाधिकारीगण ने भाग लिया। उपस्थित छठ समितियों के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए सांसद मनोज तिवारी ने कहा एक 10 सदस्यों की कमेटी आगामी छठ सेवा शिविरों के आयोजन और समापन तक किसी भी समस्या के निदान के लिए सुनवाई करेगी और इस हेल्पलाइन नंबर पर जो भी समस्या आएगी संबंधित अधिकारियों से बात कर उसका निदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कमेटी में पूर्वांचल मोर्चा के वर्तमान और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के साथ-साथ अन्य पदाधिकारी का भी सहयोग लिया जाएगा और यह कमेटी दिल्ली के मुख्य सचिव डिविजनल कमिश्नर सहित सभी संबंधित अधिकारियों के निरंतर संपर्क में रहेगी।

## दो बहनों ने पूर्व डीएसपी पर किया हमला, फिर खुद को फ्लैट में किया बंद; इस तरह निकालीं गई बाहर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वसुंधरा एन्क्लेव स्थित अनेकांत अपार्टमेंट के अंदर शुक्रवार रात को बिना वजह कार का हॉर्न बजाने का विरोध करने पर दो सगी बहनों ने उत्तर प्रदेश पुलिस के पूर्व डीएसपी पर हमला कर दिया। दोनों ने उन पर मिट्टी के दीये व गमले से हमला कर चोटिल कर दिया।

**चाकू से हत्या करने का किया प्रयास**

वारदात के बाद दोनों बहनों ने खुद को अपने फ्लैट में बंद कर लिया। घायल हालत में पुलिस ने बुजुर्ग व कैंसर से पीड़ित अशोक शर्मा को एलबीएस में भर्ती करवाया। देर रात उन्हें छुट्टी मिली। शनिवार देर शाम को उन्हीं दोनों बहनों ने अपने फ्लैट के बाहर खड़ी बुजुर्ग की पत्नी शांति शर्मा, दो बेटियों रीना शर्मा व प्रतिभा पर हमला कर दिया। तीनों के हाथों पर काटा और जमकर पीटा। चाकू से हत्या करने का प्रयास किया।

मारपीट कर फिर से आरोपित युवतियों ने खुद को फ्लैट में कैद कर लिया। पुलिस ने बताया कि शनिवार साढ़े छह बजे सोसायटी में मारपीट व हंगामे की सूचना मिलते ही न्यू अशोक नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। लोगों ने फ्लैट नंबर एक को घेरा हुआ था। मौके पर पीड़ित अशोक शर्मा मिले। जिन्होंने बताया कि भव्य जैन व छवि जैन नाम की दो बहनों ने उनके परिवार के साथ मारपीट की है।

**पुलिस की चेतावनी के बावजूद नहीं निकली घर से बाहर**

पुलिस की कई चेतावनी के बाद भी दोनों बहने अपने फ्लैट से बाहर नहीं आईं। उन्हें बाहर निकालने के लिए पुलिस ने उनके फ्लैट का बिजली व पानी का कनेक्शन कटवा दिया। दोनों बहनों की स्विफ्ट डिजायर कार के दो पहियों की हवा लोगों ने निकाल दी। सोसायटी के लोगों ने बताया कि इस बात से नाराज होकर दोनों बहनें फ्लैट से बाहर निकली। अपने-अपने मोबाइल में पुलिस व लोगों के वीडियो बनाए।

**कार से स्कूटी को घसीटा**

फ्लैट के बाहर खड़ी अपनी कार में बैठकर भागने लगी। लोगों ने पकड़ने की कोशिश की तो दो पुलिसकर्मियों समेत दस लोगों को टक्कर मार दी। पुलिस की पीसीआर वैन समेत अन्य वाहनों को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। गेट पर लगे बैरियर को तोड़ते हुए सोयायटी के बाहर चली गईं। एक स्कूटी में टक्कर मारकर करीब डेढ़ किलोमीटर तक घसीटते हुए ले गईं। पुलिस उनका पीछा करती रही।

**पुलिस ने नोएडा से किया गिरफ्तार**

नोएडा में जाकर आरोपितों की कार एक बस से टकराकर रुक गई। पुलिस ने दोनों को वहीं से गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों को पकड़ने के लिए 50 से अधिक पुलिसकर्मियों को मैदान में उतरना पड़ा।

**गार्ड को बंधक बनाकर की थी मारपीट**

बता दें डेढ़ माह पहले भी दोनों आरोपित बहनों ने सोसायटी के एक गार्ड को बंधक बनाकर पीटा था और गर्म प्रेस से जलाया था। तीन दिन तक खुद को अपने फ्लैट में बंद रखा था। इस केस में पुलिस इन्हें गिरफ्तार नहीं कर सकी।

# कीर्ति नगर फर्नीचर मार्केट में एक बिल्डिंग में आग लगी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के कीर्ति नगर इलाके में रविवार तड़के फर्नीचर मार्केट में एक बिल्डिंग में लगी आग की वजह से दम घुटने के कारण दो लोगों की मौत हो गई। मृतक के परिजनों का कहना है कि न हीं मौके पर अब तक फैक्ट्री के मालिक आए हैं और ना ही उन्होंने घटना की जानकारी देकर दुख ही प्रकट किया। इन लोगों को सुबह 8 बजे के करीब किसी और ने जानकारी देकर घटना के बारे में बताया। पुलिस के मुताबिक, आग को बुझा लिया है। दोनों के शवों को बाहर निकाल लिया गया है। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है।

दरअसल, दिल?ली के कीर्ति नगर में बड़ी फर्नीचर मार्केट है, यहां लकड़ी के कई बड़े गोदाम हैं। शनिवार की रात यहां लकड़ी के सामान में भीषण आग लग गई। जिस दौरान कमरे में सो रहे दो लोग बाहर नहीं निकल पाए और कमरे में धुंआ भर जाने से उनका दम घुट गया और उनकी मौत हो गई। वेस्ट जिले के कीर्ति नगर थाना इलाके में एक बिल्डिंग की छत पर आग लगने का मामला सामने आया है। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। इस बिल्डिंग में सोफे के कवर बनाने का काम होता था। हालांकि आग सिर्फ छत पर ही लगी थी।

वेस्ट जिले के डीसीपी विचित्र वीर से मिली जानकारी के अनुसार, 3 नवंबर की सुबह 4:30 बजे के करीब आग लगने की कॉल पुलिस और फायर ब्रिगेड को मिली थी, जिसके बाद आग की स्थिति को देखते हुए सात फायर टेंडर को मौके पर भेजा गया। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इसके बाद बिल्डिंग की जांच की गई तो छत का रूम अंदर से बंद था। जिसे तोड़ने के बाद जांच के दौरान दो लोगों के शव मिले। मृतकों की पहचान अतुल राय उम्र 45 साल और वह यूपी के आजमगढ़ के रहने वाले थे और मजदूर के तौर पर काम करते थे और इसी बिल्डिंग में सोते थे। जबकि दूसरे व्यक्ति की पहचान नंदकिशोर के रूप में हुई जो गया बिहार के रहने वाले थे और उनकी उम्र 65 साल थी। वह सामान ढोने का काम करते थे। मौके पर एफएसएल टीम को बुलाकर जांच करवाई गई जिससे यह पता चल सके की आग लगने की वजह क्या थी। हालांकि शुरूआती जानकारी में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है।

सुबह घटना की जानकारी जैसे ही मृतक के परिजनों को जैसे तैसे मिली उसके बाद दोनों मृतकों के परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए। इन लोगों ने बताया इतनी बड़ी घटना होने के बाद भी ना मौके पर इस बिल्डिंग के मालिक ही आए और ना ही उन्होंने फोन पर कोई सांत्वना दी। इस बात से वह बेहद दुखी है। आजमगढ़ के रहने वाले 45 वर्ष के अतुल राय के जीजा का कहना है कि लगभग 25 साल से वे इसी जगह प्लाई लगाने का काम करते थे। घटना के बारे में मलिक ने कुछ नहीं बताया एक रिक्शा वाले ने फोन कर जानकारी दी वही अतुल के चचेरे भाई ने बताया एक दिन पहले ही वह मिलकर गए और एक रात में इतनी बड़ी घटना हुई। सुबह किसी ने 8 बजे फोन कर जानकारी दी मलिक की तरफ से कोई फोन नहीं आया।

फिलहाल आग लगने की घटना किस वजह से हुई इस बात का पता नहीं चल पाया है हालांकि आशंका यह जताई जा रही है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी होगी। लेकिन आग लगने की पुख्ता वजह का खुलासा एफएसएल की रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा। फिलहाल दोनों मृतकों की डेड बॉडी डीडीयू अस्पताल में रखवा दी गई है। जहां पोस्टमार्टम के बाद डेड बॉडी परिजनों को सौंप दी जाएगी।

## एक नजर

### ब्रह्माकुमारी आश्रम में भी गरिमा पूर्ण ढंग से बना भैया दूज का पर्व

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ब्रह्माकुमारी आश्रमम भी बड़े ही गरिमा पूर्ण ढग से "भाई दूज" का पर्व"बनाया गया वह इस विषय में अच्छी जानकारियां दी गई जिसने कहा भैया दूज क दिन बहनें भाइयों के माथे पर तिलक लगाती हैं, तिलक लगाना अर्थात अपनी पवित्र दृष्टि से सभी को देखना, सभी को सम्मान देते हुए चलना, अपना मुख मीठा करना अर्थात मीठे बोल सम्मान भरे बोल बोलना सबके साथ मीठा व्यवहार करना सभी को दुआएं देते हुए चलना यह भाई दूज का पावन पर्व हमें एकता के सूत्र में बंधे रहने का संदेश हमें देता है साथ ही में हमें यह संदेश भी देता है कि सारा विश्व हमारा परिवार है। जब इस प्रकार हम दिवाली का त्यौहार मानते हैं, तब हम अपने आध्यात्मिक अज्ञानता के अंधकार पर विजय प्राप्त करते हुए स्वयं के अंदर दिव्यज्ञान का दिया जला सकते हैं। हम स्वयं के आंतरिक संसार पर विजय प्राप्त कर सकते हैं। इस प्रकार से हम स्वयं के भीतर श्री लक्ष्मी जी की दिव्यता को जागृत कर सकते हैं जिसका अर्थ है कि हम नई तरह से सोचने, जीवन जीने और व्यवहार करने का स्वागत कर अनंत खुशियों अच्छे स्वास्थ और सद्भाव का अनुभव कर सकते हैं। मिट्टी के दीपक और लैम्प जलाना दिवाली का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है। एक अकेला दिया बेहद सुंदर होता है और अंधकार मिटाता है। आइए जानें कि आध्यात्मिक रूप से, हमें किस अंधकार को मिटाने की जरूरत है? यह अंधकार है- हमारा अहंकार और हमारी आध्यात्मिक अज्ञानता। दीये का आध्यात्मिक महत्व है कि मिट्टी से बना हुआ दिया हमारे भौतिक शरीर का प्रतीक है। उसमें जलने वाली बाती हमारी असली पहचान, अर्थात आत्मा का प्रतीक है। तेल इस आध्यात्मिक ज्ञान को दशार्ता है कि हम सभी आत्माएं हैं और हमारे मूल गुण शांति, आनंद, प्रेम, सुख, पवित्रता, शक्ति और ज्ञान हैं। हमारी आत्मा रूपी लौ लगातार जलती रहे इसके लिए आवश्यक है कि हम यह सुनिश्चित करें कि इसमें तेल लगातार भरता रहे।

### मंत्र सुनाओ अभियान का समर्थन करने पहुंचीअंजली द्विवेदी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भुवनेश सिंघल द्वारा कई वर्षों से जारी मंत्र सुनाओ पुरुष्कार पाओ अभियान की श्रृंखला में आज भजनपुरा मैन मार्किट में पुनः कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका समर्थन करने के लिए प्रसिद्ध भजन गायिका अंजली द्विवेदी पहुंचीं और बच्चों व महिलाओं से मंत्र, चौपाई, चालीसा, श्लोक, आरती, भजन, गुरुवाणी व जिनवाणी आदि सुनकर उन्हें पुरुष्कार बांटे। अंजली द्विवेदी ने कहा कि भुवनेश सिंघल का यह अभियान अपने आप में अद्भुत पहल है जिससे लोगों में धर्म व संस्कृति के प्रति जुड़ाव बढ़ रहा है। अभियान से लोग संस्कारित हो रहे हैं। सम्पूर्ण देश में ऐसे अभियान होना बहुत जरूरी है। जो पहल भुवनेश सिंघल ने शुरू की हुई है वो धर्म क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए प्रेरणा है। वहीं भुवनेश सिंघल ने कहा कि वो इस अभियान को पिछले तीन वर्षों से चला रहे हैं और इस अभियान के माध्यम से अब तक डेढ़ लाख लोगों को मंत्र आदि सिखाया जा चुका है। लाखों लोग ऐसे भी हैं जो तेजी से धर्म के संस्कारों को सीख रहे हैं और हमसे जुड़ना चाहते हैं। इस अभियान का समर्थन करने अनेक प्रसिद्ध लोग समय समय पर पहुंचते हैं। इस अवसर पर मुख्य लोगों में भाजपा मण्डल के मंत्री विपिन कुमार, ललित आनंद, अजय कुमार, प्रिंस, राहुल, रविन्द्र व वैभव आदि उपस्थित रहे।

### केजरीवाल को पदयात्रा के दौरान अपनी जमीनी स्थिति का पता चल जाऐगा : देवेन्द्र यादव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविन्द केजरीवाल को उनकी पदयात्राओं में जनता द्वारा पूरी तरह नकारा जा रहा है, क्योंकि पिछले 10 वर्षों में दिल्ली के ढ़ांचे को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है। चुनावी प्रचार की पदयात्राओं में केजरीवाल को जनता के जबरदस्त विरोध का करना पड़ रहा है। भविष्य के लिए केजरीवाल के पास कुछ नही है क्योंकि उन्होंने दिल्लीवालों के वर्तमान को खत्म कर दिया है। केजरीवाल ने शिक्षा, स्वास्थ्य, पानी, परिवहन, पेंशन, राशन जैसी सुचारु रुप से मिलने वाली सुविधाओं को लोगों से दूर कर दिया है। उन्होंने कहा कि सत्ता के आंदोलन में जनलोकपाल और स्वराज की बात करने वाले केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के दिल्ली की जनता का विश्वास खत्म हो चुका है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली की जनता भाजपा और आम आदमी पार्टी की अवसरवादी राजनीति को अच्छी तरह समझ चुकी है और दिल्ली में कांग्रेस को अवसर देने की बात कर रही है। 15 वर्षों में कांग्रेस की सरकार द्वारा बनाए गए अस्पतालों, स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में 11 वर्षों के शासन में कोई वृद्धि नही की है, जबकि 500 स्कूल और 20 नए कॉलेज खोलने का वायदा किया था और अस्पतालों में 30 हजार बेड जोड़ने का वायदे का क्या हुआ? जनसंख्या वृद्धि के कारण अस्पतालों में मरीजों की भीड़ बढ़ रही है वहीं सरकारी स्कूलों हर वर्ष छात्रों की संख्या लगातार घट रही है। 2023-24 में स्कूलों में 30,000 छात्रों के नामांकन में कमी आई है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि अरविन्द केजरीवाल का दिल्ली में पदयात्राएं करने का ऐलान के बाद जनता केजरीवाल का इंतजार कर रही है ताकि वो पिछले 11 वर्षों में विधानसभा, निगम चुनावों में किए गए अनगिनत वायदों के बारे में पूछ सकें, क्योकि पिछले 11 वर्षों आम आदमी पार्टी की सरकार में भ्रष्टाचार के अलावा कुछ नही है जिसके कारण अरविन्द केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, सत्येन्द्र जैन, संजय सिंह सहित कई विधायक जेल से बाहर आए और कुछ अभी जेल में है।

### राजधानी में सीजन की सबसे ठंडी रही रविवार की सुबह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में रविवार की सुबह इस सीजन में सबसे ज्यादा ठंडी रही। दिल्ली के सफदरजंग मौसम केंद्र में न्यूनतम तापमान 16.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। हालांकि, दिल्ली का अधिकतम और न्यूनतम तापमान अभी भी सामान्य से ज्यादा है, लेकिन तीन-चार दिन पहले की तुलना में इसमें दो से तीन डिग्री तक की गिरावट आई है। मौसम विभाग का अनुमान है कि सोमवार से हल्के कोहरे का आगाज भी दिल्ली में हो सकता है। राजधानी में इस बार अक्तूबर का अधिकतम और न्यूनतम तापमान पिछले 73 सालों में सबसे ज्यादा रहा। दीवाली के बाद से इसमें बदलाव देखने को मिल रहा है। दिल्ली के ज्यादातर हिस्सों में सुबह के समय हल्की धुंध देखने को मिल रही है। दिन के समय आसमान साफ रहता है। दोपहर तीन बजे के बाद से धूप कमजोर पड़ रही है और फिर से हल्की धुंध हो रही है। इसके चलते तापमान में गिरावट आई है। दिल्ली के सफदरजंग मौसम केन्द्र में रविवार को न्यूनतम तापमान 16.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। हालांकि, यह सामान्य से एक डिग्री ज्यादा है। लेकिन इस सीजन की यह सबसे ठंडी सुबह रही। इससे पहले 15 अक्तूबर को न्यूनतम तापमान 17.5 डिग्री और दो नवंबर को न्यूनतम तापमान 17.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। सफदरजंग मौसम केंद्र में अधिकतम तापमान 33.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो कि सामान्य से तीन डिग्री ज्यादा है। यहां पर आर्द्रता का स्तर 94 से 43 फीसदी तक रहा। दिल्ली के रिज क्षेत्र में सुबह के समय सबसे ज्यादा ठंडी रही। यहां का न्यूनतम तापमान 13.3 डिग्री सेल्सियस रहा। आयानगर में न्यूनतम तापमान 14.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। सोमवार की सुबह हल्का कोहरा दिख सकता है। इसके चलते स्मॉग की स्थिति भी बनने की आशंका है। दिन के समय आसमान साफ रहने का अनुमान है। अधिकतम तापमान 33 और न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस तक रहेगा। हवा की रफ्तार ज्यादातर समय 10 किलोमीटर प्रति घंटे से कम रहने के आसार हैं।

# थाने के बाहर हिंदुओं का धरना, आरोपी के गिरफ्तारी की मांग



**फरीदाबाद, एजेंसी।** बल्लभगढ़ सेक्टर 62 आशियाना फ्लैट्स में 10 साल की बच्ची के साथ विशेष समुदाय के युवक द्वारा अश्लील हरकत करने के मामले ने अब दूसरा रुख अपना लिया है।

घटना 30 अक्टूबर की है, जब आशियाना फ्लैट में रह रही 10 साल की दलित बच्ची के साथ एक विशेष समुदाय के युवक ने गलत हरकत की थी। जब उन्होंने इसका विरोध किया था, तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की थी। इसी से परेशान लगभग 15 घरों के बाहर विशेष समुदाय के आतंक के चलते अपने घरों को छोडकर पलायन करने के पोस्टर चस्पा किए थे। लेकिन बावजूद उसके अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।

आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर पीड़ित परिवार और बजरंग दल के कार्यकताओं के साथ सैकड़ों समर्थक आज आदर्श नगर थाने पहुंचकर धरने पर बैठ गए। उनकी मांग है कि जल्दी आरोपियों गिरफ्तार किया जाए नहीं तो उनका धरना समाप्त नहीं होगा।

घटना फरीदाबाद के सेक्टर 62 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी की है, जहां पर इस तरह के पोस्टर अब भी मकानों के बाहर लगे हुए हैं। इस मामले में जानकारी देते हुए हाउसिंग बोर्ड के ही रहने वाले सुजीत कुमार ने बताया कि वह लोग विशेष दलित समुदाय से आते हैं।

बीते 30 अक्टूबर को उनके पड़ोस की रहने वाली 10 साल की बच्ची के साथ अल्पसंख्यक कहे जाने वाले विशेष समुदाय के एक युवक ने गलत हरकत की थी। जब उन्होंने आरोपी के परिवार से इसकी शिकायत की तो उन्होंने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी।

सुजीत ने बताया कि झगड़े में उनके अपने समुदाय के लोगों को काफी चोटें आई थी। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर एसीपी और थाना प्रभारी के साथ-साथ भारी पुलिस बल मौके पर पहुंची थी। पुलिस हालांकि इस मामले में कार्रवाई कर रही थी लेकिन अभी भी आरोपी फकरू नाम का प्रधान अपने समाज के लोगों के साथ मिलकर उन्हें जान से मारने की धमकियां दे रहा है।

इस मामले में जानकारी देते हुए बजरंग दल के कार्यकर्ता मोनू ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर आज सेक्टर 62 आशियाना फ्लैट्स के पीड़ित लोग आदर्श नगर थाने में बैठे हैं जब तक और कोई गिरफ्तारी नहीं हो जाती तब तक उनका धरना समाप्त नहीं होगा।

# नोएडा स्टेडियम में 40 हजार लोग मनाएंगे छठ पूजा का पर्व



**द न्यूज 15 ब्यूरो**

**नोएडा।** प्रवासी महासंघ समिती की तरफ से नोएडा में छठ पूजा के भव्य आयोजन की तैयारी चल रही है। जिसके लिए जगह-जगह घाट भी बनाए जा रहे हैं। जो कि रविवार को आयोजन की जानकारी प्रवासी महासंघ समिती नोएडा के अध्यक्ष आलोक वत्स द्वारा दी गई है और उन्होंने आयोजन में कुमार विश्वास, चित्रा त्रिपाठी समेत तमाम वीआईपी के शामिल होने की बात कही है।

प्रवासी महासंघ नोएडा अध्यक्ष आलोक वत्स द्वारा गई जानकारी के मुताबिक, आयोजन का समय 4 बजे से रात 10 बजे तक होगा। वहीं, 40 हजार लोगों के पूजा में शामिल होने की उम्मीद है। वहीं, पूजन करने वालों के साथ सभी को जोड़ते हुए एक लाख से ऊपर लोग मौजूद होंगे। इसको देखते हुए इंतजाम किए गए हैं। प्रवासी महासंघ नोएडा अध्यक्ष आलोक वत्स ने बताया कि महासंघ के तमाम लोग सुरक्षा में तैनात होंगे। वहीं, पुलिस द्वारा भी आयोजन में मदद की जाएगी। करीब तीन से 4 टुकड़ियां कार्यक्रम की सुरक्षा के लिए तैनात होंगी। महासंघ द्वारा ड्रोन से भी सुरक्षा पर पैनी नजर रखी जाएगी।

कुमार विश्वास, चित्रा त्रिपाठी समेत तमाम लोग होंगे शामिल!

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद महेश होंगे। वहीं, प्रवासी महासंघ नोएडा अध्यक्ष आलोक वत्स ने बताया कि विमला बाथम, जिला अध्यक्ष, जिलाधिकारी, कुमार विश्वास और चित्रा त्रिपाठी को भी आमंत्रित किया गया है। इन तमाम वीआईपी लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। छठ पर्व पर सूर्य देव की पूजा की जाती है और उन्हें अर्घ्य दिया जाता है। इस पर्व के दौरान महिलाएं पानी में उतरकर पूजा करती हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार, जब भगवान राम और माता सीता वनवास के बाद अयोध्या वापस लौटे थे, तो उस समय लोगों ने व्रत रखा था और इसके बाद से छठ पर्व मनाने की परंपरा शुरू हुई थी।

## शिक्षकों ने शिक्षा मंत्री से समस्याओं पर की चर्चा



**गुरुग्राम, एजेंसी।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ हरियाणा से विनोद ठाकरान कार्यकारी अध्यक्ष अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ, तरुण सुहाग प्रधान राजेश शर्मा महासचिव एवं संगठन के राज्य और जिला पदाधिकारियों ने शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा के निवास स्थान पानीपत में आकर उनको दीपावली पर्व व शिक्षा मंत्री बनने पर शुभकामनाएं दी।

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला गुरुग्राम प्रधान अशोक प्रजापति ने बताया कि राज्य प्रधान तरुण सुहाग की स्कूल, बच्चों और शिक्षकों की समस्याओं पर बातचीत हुई है जिसमें प्रमोशन हुए शिक्षकों की सूची शीघ्र जारी करने, एकल अध्यापक स्कूलों में अध्यापकों स्थाई व्यवस्था, अतर जिला स्थानांतरण, प्राथमिक विद्यालय में सफाई कर्मचारी की व्यवस्था के लिए कहा। शिक्षा मंत्री ने जल्दी ही शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों से बातचीत के बाद चंडीगढ़ सचिवालय में संघ को बैठक के लिए जल्दी ही आमंत्रित किया जाएगा। जिला गुरुग्राम से दुष्यंत ठाकरान, रामचंद्र यादव, विवेक जैमिनी, अशोक कादियान बलविंदर धारीवाल, ज्ञान सिंह, आदि शामिल थे।

## यति नरसिंहानंद गिरी के खिलाफ दायर याचिका के खिलाफ 100 धर्म गुरु दाखिल करेंगे शपथपत्र

**गाजियाबाद, एजेंसी।** शिवशक्ति धाम डासना के पीठाधीश्वर व श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी के विरुद्ध इलाहाबाद उच्च न्यायालय में हजरत ख्वाजा गरीबनवाज वेलफेयर एसोसिएशन महाराष्ट्र के सचिव मोहम्मद यूसुफ और उसके एक और साथी के द्वारा दायर की गई जनहित याचिका में सौ सनातनी धर्म गुरु अपना शपथपत्र दाखिल करेंगे। यह बात आज शिवशक्ति धाम डासना में एक प्रेस वार्ता के माध्यम से साधु संतों और हिंदू संगठनों के कार्यकताओं ने रखी। प्रेस वार्ता में महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी के साथ महेश आहूजा, डॉ. उदिता त्यागी, अनिल यादव समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए यति नरसिंहानंद गिरी ने कहा कि वो शिवशक्ति धाम डासना में सम्पूर्ण विश्व के इस्लामिक विद्वानों को विनम्रता के साथ इस्लाम पर शास्त्रार्थ के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। गैर मुस्लिमों के साथ किया गया व्यवहार आज सारी दुनिया को पता चलना ही चाहिए। आज सम्पूर्ण विश्व को पता चलना ही चाहिए कि दुनिया की ज्यादातर बड़ी मस्जिदें दूसरे समुदायों के पूजा उपासना स्थल को तोड़कर बनाई गई हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वो कल ही इलाहाबाद उच्च न्यायालय में उनके विरुद्ध दायर हुई जनहित याचिका पर अपना शपथपत्र भेजेंगे।

प्रेस वार्ता में बालाजी मंदिर हिंडन विहार के श्रीमहंत मच्छेंद्र पूरी महाराज ने कहा कि यति नरसिंहानंद गिरी महाराज का पक्ष जानने की आवश्यकता है। यदि उनकी बातें सच हैं तो यह बहुत ही भयानक हैं।

# पुलिस मुठभेड़ में दो लुटेरे आरोपी गिरफ्तार



**द न्यूज 15 ब्यूरो**

**नोएडा।** थाना सेक्टर-24 नोएडा पुलिस द्वारा रविवार को पुलिस मुठभेड़ के दौरान दो लुटेरे आरोपी घायल अवस्था में गिरफ्तार, कब्जे से लूट का एक मोबाइल फोन, 4700 रुपये नगद, घटना में प्रयुक्त अवैध हथियार व चोरी की मोटरसाइकिल बरामद किया गया है।।

थाना सेक्टर-24 पुलिस द्वारा सेक्टर-54 टी-पाईन्ट से एलीवेटिड रोड की तरफ जाने वाले रास्ते पर बैरियर लगाकर चेकिंग की जा रही थी, तभी एक मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति सेक्टर-54 टी पोईन्ट की तरफ से आते हुए दिखाई दिये, जिनको रुकने का इशारा किया गया तो मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर पीछे मुड़कर भागने का प्रयास करने लगे जिससे उनकी मोटरसाइकिल डिस्बैलेंस होकर बैरियर पर टकराकर गिर गई और दोनो अभियुक्त अवैध हथियार से पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने लगे।

पुलिस टीम द्वारा की गयी जवाबी कार्रवाई में दोनो बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए। घायल बदमाशो की पहचान 1.राजा ठाकुर पुत्र लल्लू ठाकुर 2.मिथुन ठाकुर पुत्र लल्लू ठाकुर के रूप में हुयी है। अभियुक्तों के कब्जे से एक अवैध तमंचा नाजायज .315 बोर मय 01 खोखा कारतूस व 01 जिन्दा कारतूस .315 बोर, घटना में प्रयुक्त एक पिस्टल .32 बोर मय 01 खोखा कारतूस व 04 जिन्दा कारतूस तथा थाना सेक्टर-24 पर पंजीकृत अभियोग से सम्बन्धित लूट का एक मोबाइल फोन व 4700 रुपये नगद व चोरी की एक मोटरसाइकिल स्पैलण्डर रजि0 नं0 डीएल 9 एस0बी0एस0 7565 बरामद हुई है।

## भाई और बहन के प्यार, जुड़ाव,समान और एकजुटता का त्यौहार है भैया दूज का त्यौहार - गंगेश्वर दत्त शर्मा जिलाध्यक्ष 'सीटू'



**नोएडा।** बहनों से तिलक करा कर उपहार देकर सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा ने सभी को दी भैया दूज की बधाई/ शुभकामनाएं!

साथ ही इस अवसर पर उन्होंने कहा की दीपावली के दो दिन बाद मनाए जाने वाली भैया दूज एक महत्वपूर्ण त्यौहार है, जिसे पूरे देश में बड़े जोश और उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस दिन भाई- बहनों के बीच मिठाईयां/ उपहार का आदान-प्रदान किया जाता है! बहनें भाइयों को टीका लगाकर व गोला देकर उनकी रक्षा कुशलता की कामना करती हैं। इस अवसर पर अच्छी किश्म की मिठाइयां व व्यंजन बनाकर खिलाएं जाते हैं। यह पर्व भाई बहनों के बीच गहन रिश्तो को प्रतिबिंबित करता है। यह एक ऐसा त्यौहार है जो भाई और बहनों के प्यार, जुड़ाव और एकजुटता का सम्मान प्रकट करता है।

## एयरपोर्ट के लिए अधिग्रहीत जमीन पर मकान बनाने का आरोप

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** नोएडा एयरपोर्ट के दूसरे चरण में जमीन अधिग्रहण में अधिक मुआवजे के लिए अवैध निर्माण का मामला सामने आया है। आरोप है कि दूसरे फेज में नंगला हुकम सिंह गांव की भूमि अधिग्रहीत होनी है, वहां के लोगों ने अधिक मुआवजा लेने के लिए अपने खेतों पर मकान बनाने शुरू कर दिए हैं। ऐसे मामले में पूर्व में भी प्राधिकरण दो हजार से अधिक लोगों को नोटिस जारी कर चुका है। एक व्यक्ति ने मुख्यमंत्री को भेजी शिकायत में बताया है कि उनके गांव के चार लोगों ने भूमि अधिग्रहण का अधिक लाभ लेने के लिए गांव के नजदीक एक पटवारी से साठगांठ कर अपने खेत में अवैध रूप से निर्माण कर दो मंजिला मकान बना लिया है। आरोप है कि रबूपुरा कोतवाली में 20 दिसंबर 2023 को उनके खिलाफ एक केस भी दर्ज कराया गया था।

# घाटों पर छठ मैया की पिंडी स्थापित



**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** सूर्य की उपासना के महापर्व छठ पूजा की तैयारियां तेज हो गई हैं। घाटों की साफ-सफाई के साथ श्रद्धालुओं ने छठ मैया की पिंडी स्थापित करनी शुरू कर दी है। रविवार को बड़ी संख्या में लोग पिंडी स्थापित करने व साफ-सफाई करने पहुंचे। आयोजन समिति के पदाधिकारी व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं। कृत्रिम घाटों में पानी की व्यवस्था पांच नवंबर तक कर दी जाएगी। चार दिवसीय छठ महापर्व की शुरूआत 5 नवंबर से हो रही है। इस दौरान ग्रेटर नोएडा व आसपास के क्षेत्रों में भोजपुरी लोक संस्कृति की धूम रहेगी। ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में 10 से अधिक स्थानों पर बड़े स्तर पर छठ पूजा का आयोजन हो रहा है। इनमें नॉलेज पार्क आईईसी कॉलेज के सामने स्थित पार्क, नवादा गांव प्राचीन वैष्णो देवी मंदिर के पास, सेक्टर ईटा-1, सूरजपुर, कासना, कुलेसरा हिंडन नदी के किनारे, सेक्टर ज्यू सी-ब्लॉक, ओमीक्रॉन प्रमुख हैं। पूर्वांचल बिहार वेलफेयर सोसाइटी के परमेश्वर तिवारी ने बताया कि पार्क में साफ सफाई का काम पूरा हो गया है। यहां 450 से अधिक पिंडी स्थापित की गई हैं। श्रद्धालुओं के साथ कार्यक्रम में शामिल होने वाले लोगों के मनोरंजन के लिए लोक संस्कृति का आयोजन किया जाएगा। भीड़ को देखते हुए सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की गई है। सेक्टर ज्यू के ब्लॉक- सी में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के बारे में मोहन झा ने बताया कि घाट की सफाई का काम पूरा हो गया है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं की हर सुविधा का ध्यान रखा जाएगा।

**छठ की खरीदारी के लिए दुकानें सजीं**

पूजा में इस्तेमाल होने वाली सामग्री की दुकानें सज गई हैं। रविवार को छुट्टी का दिन होने की वजह से लोग खरीदारी करने पहुंचे। तुगलपुर, कासना, सूरजपुर, ऐच्छर आदि बाजारों में छठ की रौनक बढ़ गई है।तुगलपुर मार्केट में पूजन सामग्री की दुकान चलाने वाले भरत सोनी ने बताया कि छठ मैया की पूजा करने वाले श्रद्धालुओं ने खरीदारी करनी शुरू कर दी है। इस पूजा में फल, हरी सब्जी, सूखे मेवा, गन्ना सहित 40 से 45 सामग्री का इस्तेमाल किया जाता है। तुगलपुर मार्केट में पूजन सामग्री की 10 से अधिक दुकानें सजी हैं।

**पूजा में इस्तेमाल होने वाली प्रमुख सामग्री**

छठ पूजा में बांस की दो बड़ी टोकरियां, गन्ना, शकरकंदी, पान, सुपारी, अनानास, कच्ची हल्दी, फल, गागल, मूली, शरीफा, नारियल, सिंघाड़ा, मिठाई, गुड़, गेहूं, चावल का आटा, ठेकुआ, शहद सहित 40 से अधिक सामग्री का इस्तेमाल पूजा में किया जाता है।

## एक नजर

### जेल में कैदी ने लगाई फांसी, परिजनों को मौत पर शक

**फरीदाबाद, एजेंसी।** फरीदाबाद में 4 महीने से जेल में बंद कैदी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। 36 वर्षीय प्रमोद 20 जुलाई को जिला जेल में बंद हुआ था। लड़ाई झगड़े के मामले में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा था। मृतक आरोपी असावटी गांव का रहने वाला है। उसने रविवार सुबह 5 बजे बैरक नंबर 20 में फांसी लगाई। जेल प्रशासन ने पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल बॉडी को भेज दिया है। मृतक आरोपी के परिजनों को भी सूचित किया जा चुका है। मृतक आरोपी का नाम प्रमोद कुमार है, जो राजस्थान के भरतपुर का रहने वाला था। वह यहां पृथला विधानसभा क्षेत्र के असावटी गांव में अपने परिवार के साथ रहता था। 18 जुलाई को असावटी गांव में कुछ लोगों ने चोरी के शक में एक युवक की पिटाई कर दी थी, जिसमें उसकी मौत हो गई थी। नामजद सहित इस मामले में करीब 8 से 9 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें मृतक आरोपी प्रमोद का भी नाम शामिल था। मृतक आरोपी के भाई रामविनोद ने बताया की प्रमोद को झूठे केस में फंसा कर जेल भेजा गया वो इस मारपीट के मामले में नहीं था। उसे तो उसे दिन कुछ लोगों ने फोन करके बुलाया कि एक चोर को पड़ा है। लेकिन उससे पहले ही चोर मर चुका था। चोर को किसने मारा उसे तो पता भी नही था कुछ लोगों ने प्रमोद का नाम बेवजह डाल दिया और पुलिस ने बाकी लोगों के साथ इसे भी गिरफ्तार कर लिया था। प्रमोद बेकसूर है यह बात सभी से कहता रहता था। प्रमोद तुगलकाबाद में रेलवे में नौकरी करता था। आज सुबह पुलिस की तरफ से फोन आया कि प्रमोद ने जेल के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सभी जल्दी आ जाएं पुलिस की सूचना के बाद ही सभी लोग यहां पर पहुंचे तो देखा कि प्रमोद ने फांसी लगाई हुई थी। प्रमोद के चार बच्चे हैं और असावटी में अपने खुद के घर में रहता था। प्रमोद के परिजनों ने कहा कि प्रमोद इस तरह की हरकत नहीं कर सकता है। वो फांसी नहीं लग सकता जरूर जेल के अंदर ही कुछ हुआ है जिसकी जांच होनी चाहिए।

### हवा के बिगड़े हालत, बेचैनी और सिरदर्द के मरीजों की संख्या में इजाफा

**गाजियाबाद, एजेंसी।** दिवाली की रात से हवा की सेहत बुरी तरह बिगड़ गई है। गोवर्धन पूजा के बाद रात भी लोगों ने पटाखे छोड़े। इससे हवा में बारूद का जहर और बढ़ा। जहरीली हवा से लोगों को परेशानी हो रही है। सांस लेने में तकलीफ होने पर जिला अस्पताल में 300 मरीज पहुंचे। बेचैनी और सिरदर्द के मरीजों की संख्या भी बढ़ गई है। सबसे खराब हालत लोनी की है। यहां वायु गुणवत्ता सूचकांक 377 दर्ज किया गया। कस्बा जहरीली गैसों का चैंबर बन गया है। लोगों को सांस लेने में तकलीफ हो रही है। शहर का एक्यूआई 330 दर्ज किया गया, जबकि शुक्रवार को 303 था। इसमें 27 अंक की बढ़ोत्तरी हुई है। संजयनगर, वसुंधरा और इंदिरापुरम में भी सांस रोगियों की स्थिति लगातार खराब हो रही है। सुबह आसमान में धुंध ( स्मॉग ) छाया रहा। गनीमत रही कि हवा की गति तेज रही। इससे जहरीली कण कम इकट्ठा हुए। हैरानी की बात यह है कि हवा की सेहत इतनी बिगड़ जाने पर भी ग्रैप की पाबंदियों को सख्ती से लागू नहीं किया जा रहा है। न तो पुलिस की ओर से आतिशबाजी रोकने के लिए कोई कदम उठाया गया है और न ही नगर निगम कूड़ा जलाने वालों पर कोई कार्रवाई कर रहा है। टूटी सड़कों से उड़ती धूल भी हवा की हालत बिगाड़ रही है।

### नाली बनाने के विवाद में हुई हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद, एजेंसी।** फरीदाबाद के नीमका गांव के जमीन विवाद में हत्या के मामले में एक आरोपी को रविवार गिरफ्तार किया गया है और अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। बता दें कि पुलिस चौकी आईएमटी बल्लबगढ़ में हरेंद्र निवासी नीमका ने एक शिकायत दी। उसने अपनी शिकायत में बताया कि करीब 45 दिन पहले कुछ लोगों ने उनके खेत की नहरी पानी की नाली काट दी थी। एक नवंबर को वह अपने भाई केविंदर, पिता जीत सिंह और चाचा के लडके रणमस्त के साथ नाली को बना रहे थे, तभी मौका पर रमेश, देवेंद्र, केशराम, टिंकू आ गए और गाली गलौज करने लगे और उन्होंने बब्बे निवासी मुझेड़ी और अन्य पांच से छह लोगों को मौके पर बुला लिया और झगड़ा शुरू कर दिया। इसी दौरान झगड़े में उन लोगों ने भाई केविंदर के सिर में फावडा से चोट मार दी, चोट लगने से केविंदर मौके पर ही बेहोश होकर गिर गया। जिस दौरान शोर मचा दिया तो ये सभी लोग मौका से भाग गए और मैं मेरे पिताजी और चचेरा भाई रणमस्त मेरे भाई केवेंद्र को इलाज के लिए सर्वोदय अस्पताल ले गए। केविंदर की हालत ज्यादा खराब होने पर ट्रॉमा सेंटर दिल्ली ले गए जहां पर इलाज के दौरान केविंदर को लगी चोट के कारण मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि शिकायत पर पुलिस चौकी ने थाना सदर बल्लबगढ़ में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी केशराम (77) को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी गांव नीमका के रहने वाला है। आरोपी को पूछताछ के बाद एक दिन के रिमांड पर लिया गया है।

### घर में घुसकर युवक के ऊपर फायरिंग, जांच में जुटी पुलिस

**गाजियाबाद, एजेंसी।** टीलामोड़ थाना क्षेत्र के गांव जावली में रहने वाले दबंग ने युवक के घर में घुसकर फायरिंग कर दी। गनीमत रही कि गोली किसी को नहीं लगी। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ टीलामोड़ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव जावली में सन्नी कुमार परिवार के साथ रहते हैं। उन्होंने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रात करीब 10 बजे रविंद्र उर्फ लीलू उनके घर आए। लीलू बच्चों को धमकी देते हुए कहने लगे कि बाहर निकलो। आरोपी उनके साथ गाली-गलौज करने लगा। कुछ देर बाद वह वापस चला गया। कुछ देर बाद फिर से आया। उनके गेट पर लात मारी और गाली-गलौज करके धमकी दी। उन्होंने पुलिस को घटना की सूचना नहीं दी। सुबह करीब सवा 8 बजे लीलू राइफल लेकर आया। इस दौरान सन्नी अपने घर की छत पर था। आरोप है कि लीलू ने उनको निशाना बनाते हुए उनके तरफ तीन राउंड गोली चलाई। उन्होंने मुश्किल से अपनी जान बचाई। उन्होंने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। लीलू उनके परिवार को जान से मारने की धमकी देने लगा। लीलू ने सन्नी और उनके चाचा संजय कसाना का नाम लेकर धमकी दी। शालीमार गार्डन एसीपी सलोनी अग्रवाल ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी फरार है। जल्द उसे गिरफ्तार किया जाएगा।

### घर का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** सेक्टर ईकोटेक-3 कोतवाली क्षेत्र में दीवाली का त्योहार मनाने गांव गए एक व्यक्ति के घर को चोर खंगाल ले गए। पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया है। पीड़ित ने बताया कि चोर घर की अलमारी का ताला तोड़कर नकदी व जेवरात चोरी कर ले गए। मूलरूप से गांव खानपुर सहारनपुर निवासी मुकर्रम कुलेसरा गांव में रहते हैं। उन्होंने बताया कि दीपावली के दिन वह परिवार के साथ गांव गए थे। अगले दिन सुबह घर पहुंचे तो मकान का ताला टूटा हुआ था। बदमाश अलमारी में रखी नगदी और जेवर चोरी कर ले गए। उन्होंने कई लाख रुपये के जेवर चोरी होने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कार्यकर्ताओं के दम पर जीत का कमल खिलेगा : केशव प्रसाद मौर्य

## जनता नहीं चाहती कि सपा का गुंडाराज कायम हो : केशव प्रसाद मौर्य

**प्रयागराज, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी गंगापार के फूलपुर विधानसभा उपचुनाव में बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए केशव प्रसाद मौर्य ने आगे कहा कि आज प्रदेश की जनता नहीं चाहती कि फिर से सपा के गुंडाराज का शासन हो। क्योंकि सपा के शासन में गुण्डा, माफिया, दंगाइयों का ही बोलबाला था, जिससे लोग परेशान थे। आज सभी दंगाई, माफिया, गुण्डा या तो सुधर गये या जेल में हैं। इन गुण्डों के आका जेल में या परमात्मा के पास चलें गये।



उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि यह चुनाव साधारण चुनाव नहीं है। यह चुनाव 2027 का सेमीफाइनल चुनाव है। लोकसभा चुनाव में दुष्प्रचार से लोगों को अपने माया जाल झूठ के पुलिंदे से तैयार स्लोगन संविधान खतरे में है, हर महिलाओं को महीने में एक हजार खटाखट फटाफट खाते में भेजने के आश्वासन से कुछ सीटें मिलीं तो गुब्बारे की तरह फूल गये। अब गुब्बारे को फूटने की आवश्यकता है। यह काम भाजपा के कार्यकर्ता फिर करने जा रहे हैं।

उपस्थित कार्यकताओं को जीत का मंत्र देते हुए उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि 2014 से 2024 तक भारतीय जनता पार्टी का एक नारा सदैव लगाया जाता रहा है, बूथ जीता तो चुनाव जीता। छत्रपति शिवाजी डिग्री कॉलेज सहसो में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बूथ विजय का संकल्प लेकर चुनाव तक कड़ी मेहनत और परिश्रम की पराकाष्ठा की निरन्तर परीक्षा बूथ अध्यक्ष सहित भाजपा की नीति रीति से प्रभावित कार्यकर्ताओं ने 2014 में 2024 तक के चुनाव में विजयश्री दिलाकर केन्द्र में मोदी प्रदेश में योगी सरकार बनाने का काम किया है। हमें विश्वास है कि फूलपुर विधानसभा के उपचुनाव में कार्यकर्ता अपने बल पर जीत का कमल खिलाएंगे।

उन्होंने आगे कहा कि 2014 व 2017 के पूर्व वाली सरकार से वर्तमान सरकार की तुलना में अधिक विकास दिख रहा है। 3 करोड़ लोगों को पीएम आवास अब तक मिल चुका है और प्रधानमंत्री मोदी का फैसला है कि अब कोई भी व्यक्ति बिना घर के नहीं रहेगा। घर ही नहीं घर के साथ शौचालय भी मिलेगा। घर के साथ आयुष्मान भारत कार्ड से पांच लाख रुपये तक मुफ्त इलाज की भी सुविधा के साथ प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अन्तर्गत मुफ्त राशन भी उपलब्ध हो रहा है। प्रदेश में डबल इंजन की सरकार से हर घर हर परिवार को सरकार की किसी न किसी योजना का लाभ मिल रहा है। अब डबल इंजन की सरकार की हर घर नल से जल पहुंचाने का तेजी से काम हो रहा है।

मंत्री राकेश सचान ने कहा कि कार्यकर्ता की मेहनत और लगन निष्ठा के बल पर हर बूथ पर अधिक से अधिक कमल खिलेगा, यह कार्यकताओं के उत्साह से प्रतीत होता है। राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता के बल पर ही सभी चुनाव जीतते हैं और कार्यकताओं के सम्मान से कोई समझौता नहीं, संगठन का कार्यकर्ता सर्वोपरि है।

जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि गंगापार जिलाध्यक्ष कविता पटेल ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इसके उपरांत उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जिले के जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारियों के साथ संघठनात्मक बैठक की। सम्मेलन में राज्य सभा सांसद एवं प्रदेश महामंत्री अमर पाल मौर्य, प्रदेश उपाध्यक्ष त्रयंम्बक त्रिपाठी, फूलपुर लोकसभा सांसद प्रवीण पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष बी के सिंह, महापौर गणेश केसरवानी, विधायक गुरु प्रसाद मौर्य, हर्षवर्धन वाजपेई, बृजेश त्रिपाठी, फूलपुर उपचुनाव संयोजक अमरनाथ यादव, विधानसभा फूलपुर उपचुनाव प्रभारी रमेश द्विवेदी, प्रत्याशी दीपक पटेल सहित ब्लाक प्रमुख, पार्षद, जिला पंचायत सदस्य, जिला पदाधिकारी, मोर्चा जिलाध्यक्ष सहित मण्डल अध्यक्ष समेत मण्डल के सभी बूथ अध्यक्ष व बूथ के सदस्य उपस्थित रहे।

# भारतीय सोशलिस्ट मंच की बिजनौर जिला कार्यकारिणी घोषित

## राष्ट्रीय प्रवक्ता चरण सिंह की मौजूदगी में दिये नियुक्ति पत्र

**द न्यूज फिफ्टीन**

किरतपुर(बिजनौर)। भारतीय सोशलिस्ट मंच द्वारा आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष मनोज कुमार ने नवगठित जिला कार्यकारिणी की घोषणा की। जिसमें मयंक राजपूत, हिफजान खान जिला उपाध्यक्ष, मुकेश कुमार राजपूत जिला महामंत्री, सुरेश कुमार (शेठी), रविन्द्र राजपूत, कृष्ण कुमार, विरेन्द्र राजपूत, विपिन कुमार, दीपक कुमार एंव जीवन सिंह को जिला सचिव बनाया गया है। वहीं पवन कुमार राजपूत को जिला प्रवक्ता/मीडिया प्रभारी बनाया गया है।



रविवार को किरतपुर के गांव खेड़ी में स्थित डेजी नर्सरी पर आयोजित कार्यक्रम में भारतीय सोशलिस्ट मंच के राष्ट्रीय प्रवक्ता चरण सिंह राजपूत की मौजूदगी में नवगठित जिला कार्यकारिणी को नियुक्ति पत्र दिये गये। मुख्य अतिथि एंव मंच के राष्ट्रीय प्रवक्ता चरण सिंह राजपूत ने कहा कि समाजवादी का अर्थ निस्वार्थ सेवा त्याग और आध्यात्मिक प्रवृत्ति है ना कि पूंजीवाद और परिवारवाद है, तथा कथित समाजवादियों ने आज समाजवाद की परिभाषा ही बदल कर रख दी है। समाजवादियों की जब बात आती है तो लोग लालू प्रसाद यादव, अखिलेश यादव, नीतीश कुमार, राम विलास पासवान से समाजवाद की तुलना करने लगते हैं। जबकि उनके लिये समाजवाद परिवारवाद बनकर रह गया है, समाजवाद की बात करनी है तो डा० राम मनोहर लोहिया, लोकनारायण जयप्रकाश, कपूरी ठाकुर की बात करें। चरण सिंह राजपूत ने भारतीय सोशलिस्ट मंच के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार की प्रशंसा की और उनकी नवगठित कमेटी का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहा कि मंच के माध्यम से जनहित के मुद्दों को उठाना और जनहित में कार्य करना का मंच का उद्देश्य है। शिव कुमार राजपूत अध्यक्ष राव राजपूत सभा बिजनौर की अध्यक्षता एंव पवन कुमार के संचालन में आयोजित बैठक में वरिष्ठ पत्रकार मौहम्मद याकूब, विपिन कुमार ग्राम प्रधान सुल्तानपुर सादात, रणजीत सिंह बेहड़ी, इशांत कुमार, सुरेश कुमार उर्फ शेट्टी पूर्व ग्राम प्रधान सिकरी, कृष्ण कुमार पाडली, ठाकुर विवेक कुमार बाकरपुर, सुनील कुमार सरकड़ा खेड़ी आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# लोनी के रिस्टल गांव में हुई भव्य गोवर्धन पूजा



**लोनी।** जनपद गाजियाबाद गाजियाबाद की लोनी विधानसभा क्षेत्र के गांव रिस्टल में क्षेत्र की सबसे बड़ी गोवर्धन पूजा की गई। यह पूजा सत्ते प्रधान, ब्रिजेन्द्र पहलवान, सलक कसाना, वेद भाई, चाचा महेंद्र, योग कसाना, अजय कसाना, जीतू कसाना, सनी गुर्जर समेत गांव के कई सम्मानित लोग इस गोवर्धन पूजा में शामिल हुए। आज के एकल परिवार के इस दौर में यह गोवर्धन पूजा चर्चा का विषय बनी हुई है।

# पुलिस से मुठभेड़ के बाद इनामी अपराधी गिरफ्तार

**मऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मऊ जिले में रविवार को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद इनामी अपराधी को गिरफ्तार कर लिया जिस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित है। पुलिस ने यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक महेश सिंह ने बताया कि लूट समेत कई जघन्य मामलों में वांछित दीपक और देवदत्त नामक अपराधी की मौजूदगी की सूचना मिलने पर पुलिस ने तड़के करीब चार बजे कोपागंज थाना क्षेत्र के सरौन गांव के पास उन्हें पकड़ने की कोशिश की इस दौरान देवदत्त ने पुलिस दल पर गोलियां चला दीं।

# सपा नेता अमित चौबे ने लगाया पोस्टर, 'मठाधीश बांटेंगे और काटेंगे'




**महराजगंज, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हो रहे हैं। एनडीए और इंडी एलायंस के प्रत्याशी चुनाव प्रचार में व्यस्त हैं।

इस बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी जारी है। पोस्टर वार भी देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी में सपा नेता ने समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव की बड़ी सी तस्वीर के साथ सपा कार्यालय के बाहर एक पोस्टर लगाया है। इस पर लिखा गया है 'मठाधीश बांटेंगे और काटेंगे, पीडीए जोड़ेगी और जीतेगी।'

सपा नेता द्वारा लगाए गए इस पोस्टर के बाद सूबे की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। पोस्टर लगाने वाले सपना नेता अमित चौबे ने बताया कि समाजवादी पार्टी विचारों की पार्टी है। सपा दलितों पिछड़ों शोषितों और वंचितों की पार्टी है। लेकिन, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ह्यबटेंगे तो कटेंगेह्न जैसे नारे दे रहे हैं। वह हरियाणा विधानसभा चुनाव में जाकर इस तरह के बयान देते हैं। देश के सबसे बड़ा राज्य के मुख्यमंत्री विकास की बात नहीं करते, वह महिला सुरक्षा, कानून व्यवस्था की बात नहीं करते। वह बांटने और कांटने की बात करते हैं।

सपा नेता ने कहा, मुख्यमंत्री ने जो भी कहा है वह बहुत ही निंदनीय है। वहीं, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सभी वर्गों के लिए काम किया है। सपा विकास की बात करती है और सूबे के मुख्यमंत्री विनाश की बात करते हैं। उनकी रुचि विनाश में है। अखिलेश यादव पीडीए को लेकर चल रहे हैं। इसमें सभी वर्गों की बात की जा रही है।

बता दें कि यूपी की 9 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हो रहे हैं। 13 नवंबर को वोटिंग और 23 नवंबर को परिणाम घोषित किए जाएंगे। भाजपा ने 9 सीटों में से 8 पर प्रत्याशी उतारे हैं। वहीं, एक सीट सहयोगी पार्टी आरएलडी को दी है। इंडी एलायंस में कांग्रेस समाजवादी पार्टी का समर्थन कर रही है। कांग्रेस ने विधानसभा उपचुनाव में अपने उम्मीदवार नहीं उतारे हैं।

# ग्राम पंचायत अधिकारी नियुक्ति पर समाज की बेटी का किया गया सम्मान



**कीरतपुर (बिजनौर)।** ए-डी-एन जूनियर हाई स्कूल ग्राम शहबाजपुर में अखिल आर्यावर्त रवा राजपूत एकता एवं सेवा समिति बिजनौर कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण सभा शांतिपूर्ण संपन्न हुई। सभा की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष बिजनौर मास्टर तिलक राम निवासी ग्राम तीतर वाला ने की तथा संचालन समिति महासचिव शेखर सिंह निवासी ग्राम अब्दुल खैरपुर बंगर द्वारा किया गया ,सभा में समिति द्वारा रवा राजपूत समाज की बेटी वर्षा सिंह राजपूत सुपुत्री सुभाष चंद्र राजपूत निवासी रामजीवाला को ग्राम पंचायत अधिकारी पद पर जिला सहारनपुर में नियुक्त होने पर सम्मानित किया गया।समिति संरक्षक शिवकुमार राजपूत, सचिव मास्टर अर्जुन सिंह उपाध्यक्ष विनोद देवी , संगठन सचिव धर्मवीर सिंह, संजीव कुमार, कोषाध्यक्ष श्री कलीराम, सचिव नीटू राजपूत, विकास कुमार, प्रचार सचिव रोहित सिंह, मास्टर श्री भूदेव सिंह, ओमप्रकाश उपस्थित रहे। सभा में रवा ठिकाना प्रधानों को सक्रिय करने कार्यकारिणी विस्तार करने रवा राजपूत समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरण कार्यक्रम समीक्षा गत मीटिंग कार्रवाई की पुष्टि मुख्य बिंदु रहे,मीटिंग को समिति संस्थापक डॉक्टर इंदल सिंह द्वारा ऑनलाइन संबोधित किया गया। अध्यक्ष द्वारा अपना कीमती समय देने पर सभी का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम समापन की घोषणा की गई।

# सांसद चंद्रशेखर आजाद ने उत्तर प्रदेश में वंदेभारत ट्रेन पर पत्थर फेंके जाने का दावा किया

**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश की नगीना सीट से आजाद समाज पार्टी-कांशीराम के सांसद चंद्रशेखर आजाद ने रविवार को दावा किया कि वह जिस वंदे भारत ट्रेन में यात्रा कर रहे थे, उस पर पत्थर फेंके गए और उन्होंने रेल मंत्री और प्रशासन से ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने का आग्रह किया। आजाद ने ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए अभिभावकों और स्कूल शिक्षकों का बच्चों को इस विषय पर जागरूक करने का भी आह्वान किया।



आजाद ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, ह्यह्यआज सुबह मैं वंदेभारत ट्रेन से दिल्ली से कानपुर की यात्रा कर रहा था। सुबह सात बजकर 12 मिनट पर जैसे ही बुलंदशहर जिले के कमालपुर स्टेशन को पार किया, तभी बाहर से किसी असामाजिक तत्व ने पत्थर फेंके, जिससे मेरे से दो सीट आगे बैठे यात्री के पास का शीशा चकनाचूर हो गया।' उन्होंने कहा, 'इस घटना से मैं हतप्रभ और स्तब्ध रह गया। इस घटना से न केवल सरकारी संपत्ति को क्षति पहुंची, बल्कि यात्रियों की सुरक्षा पर भी सवाल खड़ा हुआ है। ऐसी घटनाएं निंदनीय हैं और किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं की जा सकतीं।'

आजाद ने कहा, 'एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022 में ऐसी घटनाओं का आंकड़ा 1503 तक पहुंच गया, जिससे रेलवे को करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ। यह आंकड़ा सोचने पर मजबूर करता है कि आखिर इस तरह की घटनाएं बार-बार क्यों हो रही हैं। ट्रेन पर पथराव से न केवल संपत्ति को क्षति होती है, बल्कि यह यात्रियों के लिए जानलेवा भी साबित हो सकता है।' उन्होंने कहा, 'यह समझने की जरूरत है कि रेलवे देश की एक अमूल्य संपत्ति है और इसका संरक्षण देश के हम सभी नागरिकों की जिम्मेदारी है। समाज में इस तरह की हरकतें न केवल असुरक्षा की भावना पैदा करती हैं बल्कि हमारे देश की छवि को भी नुकसान पहुंचाती हैं।'

सांसद ने कहा कि इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए केंद्रीय रेल मंत्री, रेलवे पुलिस और प्रशासन को सख्त कदम उठाने चाहिए तथा समाज में जागरुकता भी फैलानी चाहिए। उन्होंने ने अभिभावकों और अध्यापकों का आह्वान करते हुए कहा, 'मेरा निवेदन है कि परिवार में माता-पिता और स्कूलों में अध्यापकों के लिए बच्चों को इस विषय पर जागरूक करना जरूरी है। इससे न केवल ऐसी घटनाएं कम होंगी, बल्कि यात्रियों की सुरक्षा भी सुनिश्चित हो पाएगी।'

आजाद ने कहा, 'हम सभी को एक जागरूक नागरिक बनना चाहिए। यह देश हमारा है, और देश की संपत्ति की सुरक्षा केवल सरकार की ही नहीं बल्कि हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी और संवैधानिक मूल कर्तव्य है।' उन्होंने अपनी इस पोस्ट को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को भी टैग किया है।

## एक नजर

### आजमगढ़ में पुलिस के साथ मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**आजमगढ़, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ में पुलिस और बदमाश के बीच हुई मुठभेड़ हो गई। इस कार्रवाई में 25 हजार रुपये का इनामी बदमाश दीपक गौंड पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसकी स्थिति को देखते हुए वाराणसी रेफर कर दिया। बता दें कि दीपक पर कुल 10 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार, वह किसी घटना को अंजाम देने के इरादे से कोपागंज थाना क्षेत्र के सरवा धवरियासाथ में आया था। बताया जा रहा है कि वह हाल ही में थाना कोपागंज में एक शराब की दुकान पर हुई चोरी में वांछित था। पुलिस बड़ी ही सघनता के साथ उसकी तलाश कर रही थी। कई मुखबिरों से भी जानकारी लेने की कोशिश की जा रही थी। घटना की जानकारी देते हुए जिले के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, 'मऊ पुलिस ने अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ लगातार चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कोपागंज टीम को तब एक बड़ी सफलता मिली, जब मुखबिर की सूचना पर कोपागंज थाना क्षेत्र के सरवा धवरियासाथ इलाके में तड़के 4.40 पर मुकदमा संख्या 276/2024 धारा 305, 331(6) के साथ कई अन्य धाराओं में वांछित और 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश दीपक के साथ हुई मुठभेड़ में अभियुक्त घायल हो गया।' उन्होंने बताया कि पुलिस ने उसके कब्जे से एक सुपर स्प्लेंडर बाइक, एक 215 बोर का अवैध तमंचा, दो खोखा कारतूस और एक जिंदा कारतूस, साथ ही चोरी किए गए 9710 रुपये व एक फोन बरामद किया गया है। उन्होंने आगे बताया, मुठभेड़ के दौरान अभियुक्त के बाएं पैर में गोली लगी है। अभियुक्त को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। बता दें कि 10 अक्टूबर 2024 को थाना कोपागंज में एक शराब की दुकान पर चोरी हुई थी। उसी मामले में अभियुक्त वांछित था। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### युवक ने की आत्महत्या, प्रेमिका को बताया जिम्मेदार

**अमरोहा, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले में 23 साल के युवक ने आत्महत्या कर ली। उसने ट्रेन के आगे कूद कर जान दी। आत्महत्या से पहले उसने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट डाली और लिखा कि प्रेमिका उसकी मौत के लिए जिम्मेदार है। बताया जा रहा है कि युवक, प्रेमिका से काफी नाराज चल रहा था। मरने से पहले आत्महत्या करने का जिम्मेदार उसने लड़की को ठहराया। 'इंस्टाग्राम' पर उसने प्रेमिका संग फोटो शेयर की। इसमें युवती का नाम लिख कहा 'हम एक-दूसरे को कितना प्यार करते थे, फिर तुमने मुझे क्यों छोड़ा? मैं अब पागल हो गया हूं, बहुत ज्यादा ओवर थिंकिंग हो रही है। पूरी रात नींद नहीं आती, दिल घबराता है, बहुत अटैचमेंट होने के बाद क्यों छोड़ा?' इंस्टाग्राम पोस्ट में आगे लिखा, 'तुम बोलती थी कि तुम मेरे बेबी ब्वॉय हो, हमेशा अपने पास रखूंगी, तो फिर क्यों छोड़ा? अब अपनी जिंदगी को खत्म करने जा रहा हूं और मेरी मौत की जिम्मेदार सिर्फ तुम हो, तुम भी मेरे पास जल्दी आना, मैं इंतजार करूंगा।' प्रेम प्रसंग में आत्महत्या करने के बाद मृतक के घर में कोहराम मचा हुआ है। परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। यह हादसा कल्याणपुर फाटक से अतरासी रोड स्थित ओवरब्रिज के बीच में बालाजी मंदिर के नजदीक हुए। शनिवार को दो स्थानीय लोगों ने ट्रैक पर युवक का कटा हुआ शव देखा। जिसके बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई। जीआरपी और अमरोहा नगर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। मौके से एक टूटा हुआ मोबाइल बरामद किया गया। छानबीन करने के दौरान मृतक की पहचान आदित्य उर्फ चिक्कू पुत्र चंद्रपाल (अमरोहा देहात) के रूप में हुई।

### तीन वाहनों के आपस में टकराकर गड्ढे में गिरने से दो लोगों की मौत, 13 अन्य घायल

**बस्ती, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में एक बस, कार और ऑटोरिक्शा के आपस में टकराकर सड़क किनारे गड्ढे में गिर जाने से दो लोगों की मौत हो गई तथा 13 अन्य घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि यह हादसा शनिवार रात को कलवारी थाना क्षेत्र के लुंबिनी-दुद्धी मार्ग पर हुआ जब तीनों वाहन एक-दूसरे से टकराकर सड़क किनारे गड्ढे में गिर गए। उन्होंने बताया कि हादसे में रामचंद्र (78) और नाजिमा खातून (30) की मौत हो गई। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि हादस में घायल अन्य 13 लोगों को अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। सिंह ने बताया कि बस आंबेडकर नगर के किछौछा दरगाह से गोंडा जा रही थी जिसमें 65 लोग सवार थे। उन्होंने कहा कि मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

### दो पक्षों के बीच विवाद में फायरिंग, गोली लगने एक युवक की मौत

**मैनपुरी, एजेंसी।** मैनपुरी के यदुवंश नगर इलाके में रविवार को हुई फायरिंग में एक युवक की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि दो पक्षों में मामूली बात को लेकर विवाद हुआ था। मामला कोतवाली क्षेत्र के यदुवंश नगर का है। जानकारी के मुताबिक, यदुवंश नगर में रहने वाले दो पक्षों के बीच रास्ते से गाड़ी निकालने को लेकर मामूली विवाद हुआ था। देखते ही देखते विवाद बढ़ता चला गया और नौबत फायरिंग तक पहुंच गई। इस दौरान एक पक्ष की ओर से फायरिंग की गई, जिसमें एक युवक को गोली लग गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। हालांकि, एक युवक की गोली लगने की वजह से मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं। उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। चश्मदीद केशव ने बताया कि गाड़ी की वजह से विवाद हुआ था। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच हाथापाई हुई। स्थानीय लोगों ने बीच बचाव की कोशिश की, तभी दूसरे पक्ष ने फायरिंग कर दी, जिसमें एक युवक की गोली लगने से मौत हो गई। इस घटना के बाद मृतक के परिवार में मातम पसर गया। फिलहाल, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### एक व्यक्ति ने पत्नी की हत्या के बाद खुदकुशी का प्रयास किया

**बिजनौर, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले में एक व्यक्ति ने कथित तौर पर चाकू से वार कर अपनी पत्नी की हत्या कर दी और उसके बाद जहरीला पदार्थ निगल कर खुदकुशी का प्रयास किया। पुलिस के एक अधिकारी यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आरोपी पति को हिरासत में लेकर अस्पताल पहुंचाया गया। अपर पुलिस अधीक्षक संजीव वाजपेयी ने बताया कि रविवार तड़के लगभग चार बजे बिजनौर के बुल्ला के चौराहे के पास रहने वाले निजामुद्दीन ने अपनी पत्नी इसराना (36) की चाकू से वार कर हत्या कर दी और उसके बाद जहरीला पदार्थ निगल लिया। पुलिस ने उसे मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया है। कोतवाल उदय प्रताप के अनुसार दोनों का निकाह 16 साल पहले हुआ था और दोनों के बीच अक्सर झगड़ा होता था। उन्होंने बताया कि इसी साल एक जनवरी को निजामुद्दीन ने अपनी पत्नी पर तेजाब फेंक दिया था जिसके मुकदमे के फैसले के लिए इसराना शनिवार शाम को ही निजामुद्दीन के पास आई थी।

# नीतीश कुमार ने छुए आरके सिन्हा के पैर

□बीजेपी नेता ने दिया रिएक्शन

**पटना,संवाददाता।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रविवार (3 नवंबर) को चित्रगुप्त पूजा के अवसर पर पटना सिटी स्थित आदि चित्रगुप्त मंदिर नोजर घाट पर कार्यक्रम में पहुंचे। इस पूजन कार्यक्रम का आयोजन बीजेपी के पूर्व राज्यसभा सांसद आरके सिन्हा की ओर से किया गया था। इसी दौरान मुख्यमंत्री ने बीजेपी के पूर्व सांसद आरके सिन्हा के पैर छूकर सबका ध्यान आकर्षित कर लिया. ये वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

दरअसल, सीएम नीतीश कुमार के विशेष निर्देश पर मंदिर की व्यवस्था और मंदिर का पुनर्निर्माण कार्य किया गया, जिसके लिए आरके सिन्हा ने उनका धन्यवाद किया। इसी दौरान मुख्यमंत्री ने धन्यवाद का जवाब देते हुए आरके सिन्हा के पैर छूकर उनका अभिनंदन किया। चित्रगुप्त पूजा के इस खास अवसर पर बीजेपी नेता आरके सिन्हा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का धन्यवाद कर रहे थे। वो मंच से कह रहे थे कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की ओर से विशेष रूप से मंदिर पर ध्यान दिया जा रहा है। विशेष दिशा निर्देश पर इस मंदिर में व्यवस्था ठीक की जा रही है। मंदिर का पुनर्निर्माण सीएम नीतीश कुमार की वजह से संभव हो पाया। आरके सिन्हा के इतना कहते ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जो कि मंच पर बैठे थे, वह उठकर आरके सिन्हा की ओर बढ़े



और उनका पैर छू लिया। हालांकि आरके सिन्हा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से उम्र में बड़े भी हैं लेकिन सीएम नीतीश कुमार की ओर से इस तरीके से पैर छूने पर कहीं ना कहीं आरके सिन्हा भी अचंभित नजर आए। इसके बाद बीजेपी नेता आरके सिन्हा ने नीतीश कुमार के कंधे पर हाथ रखकर एक तरह से गला लगाने की कोशिश भी की। वहीं, सीएम नीतीश कुमार की ओर से बीजेपी नेता आरके सिन्हा का पैर छूना अब सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। इस वीडियो को लेकर सियासी गलियारों में भी तरह-तरह की चचाएं तेज हो गई हैं।

## एक नजर

### पूसा में अनुसूचित जाति के किसानों को मुफ्त मिले धान के बीज से फसल बर्बाद

□किसानों की मुआवजे की मांग



**पूसा,संवाददाता।** चकले वैनी पंचायत के अनुसूचित जाति के किसानों के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई), पूसा द्वारा वितरित मुफ्त धान के बीज की बुआई से फसल बर्बाद हो गई है। किसानों का कहना है कि धान की बालियों में दाना नहीं बना, जिससे उनकी मेहनत और खर्च दोनों व्यर्थ हो गए। भाकपा-माले के प्रखंड सचिव अमित कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि सैकड़ों किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। किसानों ने संस्थान से मुआवजे की मांग की, लेकिन वहां शिकायत करने पर उन्हें दुर्व्यवहार और पुलिस की धमकी मिली। भाकपा-माले ने आईएआरआई के अध्यक्ष से किसानों को तुरंत मुआवजा देने की मांग की है, अन्यथा आंदोलन का सामना करने की चेतावनी दी है।


### राष्ट्रीय नेता स्वर्गीय मौलाना अब्दुल आजाद की जयंती को सफल बनाने के लिए कि गई चर्चा



**बिट्टू कुमार, पश्चिम चंपारण/बेतिया।** तिलक मैदान काँग्रेस आश्रम बेतिया में अल्पसंख्यक कांग्रेस प० चम्पारण की एक बैठक पूर्व महासचिव बिहार कांग्रेस कमेटी अब्दुल कलाम जौहरी के अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक का उद्देश्य था राष्ट्रीय नेता स्वर्गीय मौलाना अब्दुल आजाद की जयंती को सफल बनाने तथा सदाकत आश्रम पटना जाने के लिए चर्चा की गई। अध्यक्षता कर रहे अब्दुल कलाम जौहरी ने कहा कि इस जयंती समारोह में जिले से अधिक से अधिक अल्पसंख्यक भाई लोग सदाकत आश्रम पहुंचकर अपने बातों को रखें। वही बिहार कांग्रेस कमेटी के सदस्य वसीम अहमद ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वर्गीय मौलाना अब्दुल आजाद साहब के जयंती के अवसर पर पटना में एक प्रोग्राम रखा गया है इस प्रोग्राम को कैसे सफल बनाया जाए इसके लिए यह बैठक की गई आगे उन्होंने कहा कि यह प्रोग्राम काफी भव्य होगा। बैठक में मुख्य रूप से वसीम अहमद, शम्स आगाज, मो० एजाज, तुफैल अनवर कासमी, अमजद अली, साहिल राजा, अबुलैस अली, इरशाद आलम, दिलशाद आलम, अफान हसन, शाहनवाज खा इत्यादि शामिल थे।

### बार बालाओं के ड्रांस प्रोग्राम में एक लड़के की गई जान

□हद है! श्राद्ध में भी हर्ष फायरिंग



**नालन्दा,संवाददाता।** हद है! श्राद्ध में भी हर्ष फायरिंग की जा रही थी। बार बालाओं का डांस प्रोग्राम भी चल रहा था। इसी नाच-गाने के दौरान की गई फायरिंग में एक लड़के की जान चली गई। करायपरसुराय थाना क्षेत्र के मखदुमपुर गांव की घटना है। श्राद्ध कार्यक्रम के दौरान बार बालाओं के डांस पर हुए हर्ष फायरिंग में गोली लगने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक चिकसौरा थाना क्षेत्र के भवानीबिगहा निवासी प्रमोद प्रसाद का 18 वर्षीय पुत्र आशीर्वाद कुमार था। वो घर का इकलौता चिराग था और इंटर में पढ़ रहा था। परिजनों ने बताया कि मखदुमपुर गांव के हरेंद्र यादव और अशोक यादव के माता के श्राद्ध कार्यक्रम के दौरान बार बालाओं के नाच प्रोग्राम का आयोजन किया गया था। युवक भी श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गांव आया था। नाच प्रोग्राम के दौरान भोजपुरी गीत पर अशोक यादव के बहनोई ने फायरिंग कर दी, जो युवक के कनपट्टी में लग गई । आनन फानन में उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, वहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। डीएसपी सुमीत कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस गांव पहुंची थी। शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों के हवाले कर दिया गया। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है नाच प्रोग्राम का परमिशन नहीं लिया गया था। नालंदा जिले में एक श्राद्ध समारोह में हुई हर्ष फायरिंग के दौरान एक 18 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना करायपरसुराय थाना क्षेत्र के मखदुमपुर गांव की है, जहां श्राद्ध के दौरान बार बालाओं के डांस प्रोग्राम का भी आयोजन किया गया था। इसी दौरान हुई फायरिंग में युवक को गोली लगी और उसकी मौत हो गई।

# कटिहार में छठ से पहले हादसा, गंगा नदी में पलटी नाव



**कटिहार,संवाददाता।** बिहार के कटिहार में छठ पूजा से पहले एक हादसा हो गया। यहां मनिहारी प्रखंड के केवला घाट के पास एक नाव पलट गई। इस हादसे में कई लोगों की मौत की खबर है, जबकि आठ किसान लापता बताए जा रहे हैं। कटिहार के केवाला घाट में कुछ किसान रविवार सुबह नाव में सवार होकर हटकोला के दियारा में खेती करने जा रहे थे। इसी दौरान उनकी नाव अचानक नदी में पलट गई। सूत्रों के मुताबिक, नाव में 12 किसान सवार थे, इनमें से सात किसान लापता बताए जा रहे हैं। इसके अलावा इस हादसे में कई लोगों की मौत हो गई। वहीं, घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंच गई है। फिलहाल लापता लोगों की तलाश जारी है। हालांकि, प्रशासन की ओर से अभी तक मृतकों की संख्या नहीं बताई गई है।

एसडीएम ने बताया जाता है कि नाव पर सवाल नेहा कुमारी और लवली कुमारी लापता हुई है। घटना के बाद एसडीओ सहित सभी अधिकारी घटना स्थल केवाला घाट के पास हटकोल के निकट दियारा पहुंचे और एसडीआरएफ की मदद से रेस्क्यू शुरू कर दिया गया। घटना की सूचना पाकर मनिहारी विधायक मनोहर प्रसाद भी मौके पर पहुंचे और जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि उत्तरवाहिनी केवाला घाट के पास नाव अनियंत्रित होकर पलटी है। सभी लोग परवल की खेती के लिए जा रहे थे। इससे पहले सितंबर में बिहार के औरंगाबाद जिले में एक हादसा हुआ था। यहां जितिया पर्व पर दो अलग-अलग घटनाओं में तालाब में डूबने से 8 बच्चों की मौत हो गई थी। मृतकों में सात लड़कियां थी, जिनकी उम्र 9 से 13 वर्ष के बीच थी।

# जानिए, छठ पूजा में कोसी क्यों भरा जाता है?

**पटना,दीपक कुमार तिवारी।** लोक आस्था के महापर्व 'छठ' पूजा की शुरूआत 5 नवंबर को 'नहाय खाए' से शुरू होगी। इससे पहले बिहार की राजधानी पटना में बाजारों में रौनक बढ़ गई है। 'छठ' से पहले पटना के बाजारों में 'कोसी' की जमकर खरीदारी की जा रही है। 'छठ' पूजा में कोसी का एक विशेष महत्व है। इस पर्व पर 'कोसी भरने' की परंपरा को बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है। मान्यता है कि अगर कोई मनोकामना पूरी नहीं हो रही है या असाध्य रोग है तो 'कोसी' भरने का संकल्प लिया जाता है, जिससे मनोकामनाएं पूरी होने के साथ ही कष्टों से मुक्ति भी मिलती है, इसलिए हर साल 'छठ' पर्व पर कोसी भरकर छठी मैया के प्रति आभार व्यक्त किया जाता है।

पटना की लक्ष्मी देवी ने 'कोसी' के महत्व के बारे में बताया कि सूर्य भगवान या छठी मैया जिनकी मनोकामनाओं को पूरा कर देती हैं। वह लोग मिट्टी से बने हाथी पर अर्घ्य देते हैं। 'कोसी' सिर्फ वही लोग भरते हैं, जिनकी मनोकामना पूरी होती है, हर कोई इस प्रक्रिया का फॉलो नहीं करता है। उन्होंने आगे कहा, 'हर साल बाजार में कोसी की जमकर




खरीदारी की जाती है। कोई एक कोसी खरीदता है तो कोई अनेक कोसी को खरीदकर अपने घर ले जाता है। इस बार भी कोसी की काफी डिमांड है। इसके दाम 400 रुपए से शुरू होकर 600 रुपए के बीच है। साधारण वाली कोसी 400 रुपए की है, जबकि कलरफुल कोसी की कीमत 600 रुपए है। पिछले साल की तुलना में इस बार कोसी की मांग काफी ज्यादा है। 'कोसी' भगवान गणेश की प्रतिमा की तरह होती हैं, लेकिन इनमें 4 पैर होते हैं। साथ ही प्रतिमा के ऊपर दीपक लगाए जाते हैं। बाजारों में कोसी की कीमत उसके डिजाइन और रंगों पर निर्भर करती है।

# बिहार के सांसद पप्पू यादव के घर की रेकी

□सीसीटीवी वीडियो में दिख रहे संदिग्ध□लगातार धमकी मिलने की बात

**मधेपुरा,संवाददाता।** बिहार के पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव के मधेपुरा वाले घर की रेकी की गई। ऐसा पप्पू यादव का कहना है। उन्होंने इसे लेकर एक सीसीटीवी फुटेज भी जारी किया है। पप्पू यादव का कहना है कि उनको जान से मारने की धमकी मिल रही है। हालांकि, पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। पप्पू यादव ने कहा कि उनके मधेपुरा वाले घर की रेकी की गई है और उनके परिवार को भी धमकी दी जा रही है।

सांसद पप्पू यादव का कहना है कि उन्हें 14 तारीख से लगातार धमकी भरे कॉल और मैसेज आ रहे हैं। दिल्ली से गिरफ्तार किए गए व्यक्ति के बारे में पप्पू यादव को कोई जानकारी नहीं है। उन्हें मयंक नाम के एक व्यक्ति का मलेशिया से भी फोन आ रहा है। पप्पू यादव ने बताया कि उनके मधेपुरा स्थित घर की दो दिन पहले रेकी की गई है। उन्होंने घर के बाहर संदिग्ध लोगों का एक सीसीटीवी फुटेज भी जारी किया है। पूर्णिया एमपी पप्पू यादव के मुताबिक मधेपुरा के उनके खुर्दा वाले घर की रेकी की गई है। इसकी वीडियो रिकॉर्डिंग भी सामने आई है। 30 और 31 अक्टूबर की रात को जब वो (पप्पू



यादव) अपने खुर्दा वाले घर पर थे, तब कुछ अज्ञात लोग उनके घर के आसपास देखे गए। पप्पू यादव ने बताया कि उनके पूर्णिया वाले घर के बाहर भी कुछ अनजान लोग घूमते देखे गए हैं।

ये घटनाएं चिंताजनक हैं और पप्पू यादव ने अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। पप्पू यादव ने कहा, 'मुझे 14 तारीख से लगातार धमकी दी जा रही है। एक शख्स दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है। मुझे नहीं पता है कि पकड़ा गया शख्स कौन है या किस गैंग से ताल्लुक रखता है, लेकिन मुझे कई बार अलग-अलग नंबर से कॉल और एसएमएस के माध्यम से धमकी मिली है। मयंक नाम के एक शख्स का मलेशिया से बार बार फोन आता है और कहता है कि मेरे रास्ते से हट जाओ नहीं तो जान से मार देंगे। उन्होंने कहा, 'दो दिन पहले मेरे आवास मधेपुरा के खुर्दा में रेकी की गई है। साथ ही मेरे परिवार के लोग को भी धमकी दी जा रही है।गिरफ्तार किया गया युवक सिरफिरा है या अपने आप को छिपा रहा है। मलेशिया या कनाडा से अपने साली का नंबर लेकर फोन करना ये आश्चर्य की बात है। ऐसा मैं नहीं मानता हूं, लेकिन एक-दो धमकी नहीं बल्कि 14 तारीख से लगातार धमकी दी जा रही है।'

# बिहार: सरकारी अस्पताल में डॉक्टर और नर्स की जगह गार्ड करता है इलाज

□मुजफ्फरपुर का वीडियो हुआ वायरल

संवाददाता। पटना/मुजफ्फरपुर।

बिहार में बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था का दावा सरकार आए दिन करती है। लेकिन कभी मरीज का इलाज सफाई कर्मी करते नजर आते है तो कभी सुरक्षा कर्मी। ताजा मामला मुजफ्फरपुर का जहां सरकारी अस्पताल में डॉक्टर और नर्स के रहते गार्ड मरीज की ड्रेसिंग करते नजर आए। यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। दरअसल पीएचसी का गार्ड सड़क दुर्घटना में घायल अधिवक्ता का इलाज करते नजर आ रहा है वही इस वीडियो के सामने आने की बाद एक बार फिर हाइटेक हेल्थ सिस्टम की पोल खुल गई है। हालांकि फर्स्ट बिहार इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता। लेकिन वायरल वीडियो में आप साफ तौर पर देख सकते हैं कि सड़क दुर्घटना में घायल एक अधिवक्ता मुसहरी थाना क्षेत्र के विंदा निवासी सुशील कुमार अपना ईलाज कराने मुसहरी पीएचसी



में पहुंचते है जहा पीएचसी के गार्ड द्वारा उनका इलाज किया जा रहा है। जिसका वीडियो वहां खड़े किसी व्यक्ति ने बना लिया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

सूत्रों की माने तो वायरल वीडियो मुजफ्फरपुर जिले के मुसहरी पीएचसी का बताया जा रहा है। एक तरफ सरकार स्वास्थ्य विभाग को हाईटेक बनाने की बात करती है तो वही दूसरी तरफ हाईटेक स्वास्थ्य विभाग की जो तस्वीर सामने आई है। उसमें मरीज के इलाज के लिए यदि डॉक्टर नहीं है तो गार्ड भी इलाज कर सकता हैं। वायरल वीडियो 20 अक्टूबर की बताई जा रही है अब देखना होगा कि स्वास्थ्य महकमा में इस तरह का अजीबोगरीब कारनामा पर क्या कुछ बयान आता है। फिलहाल सोशल मीडिया पर यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि अब डॉक्टर और नर्स की जरूरत नहीं निजी सुरक्षा गार्ड के भरोसे ही सरकारी अस्पताल बिहार में चल रहा है। सोशल मीडिया पर लोग तरह-तरह का कमेंट्स कर रहे हैं।

## धरती पर बढ़ गया अत्याचार, इसको खत्म करना होगा: लालू

**पटना, संवाददाता।** गोवर्धन पूजा के मौके पर पटना में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव सहित यादव समाज के कई नेता मौजूद रहे। इस मौके पर लालू प्रसाद यादव ने कहा कि धरती पर अत्याचार काफी बढ़ गया हुआ इसको खत्म करना होगा। वही बिहार विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने मंच को संबोधित करते हुए कहा कि हम सब कृष्ण के वंशज है और कृष्णजी के बारे में जानते हैं। आज पूरी दुनियां पर्यावरण की संकट से जुझ रहा है। लोगों को ऑक्सीजन नहीं मिल रहा है। हम पर्यावरण का संरक्षण करने का संकल्प लें और पेड़-पौधे लगाए। उन्होंने कहा कि जिस गौ माता की आज हम पूजा करते हैं वो कटती है तब दिल को बहुत दुख होता है। गौशाला में गाय को बांधकर रखे यह बात हम सभी पशुपालकों से कहना चाहते हैं।

# लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने दो डॉक्टरों से मांगी लाखों रुपए की रंगदारी

□पाकिस्तानी नंबर से आया थ्रेट कॉल



**पटना/गोपालगंज, संवाददाता।** बिहार में आजकल गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का नाम काफी चर्चा में आ गया है। एक तरफ जहां सांसद पप्पू यादव लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम पर सुर्खियां बटोर रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर इसको लेकर सियासत भी खूब हो रही है। इसी बीच गोपालगंज से बड़ी खबर निकलकर सामने आ रही है। दरअसल, पाकिस्तान के नंबर से कॉल कर अपराधियों ने जिले के दो डॉक्टरों से लाखों रुपए की रंगदारी मांगी है। रंगदारी मांगने वालों ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य बताया है और कहा है कि पैसे नहीं मिले तो इसका अंजाम काफी बुरा होगा। गोपालगंज के बरौली के दो अलग-अलग जगहों के रहने वाले दोनों डॉकटरों से रंगदारी मांगी गई है। डॉक्टर्स की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है और मामले के छानबीन में जुट गई है। धमकी भरा फोन आने के बाद डॉक्टर और उनके परिवार के लोग दहशत में हैं।

## लखनऊ और पटना के बाद बेतिया में खुला डब्लू.पी.सी तथा पी.वी.सी पैनल डेकोरेशन काउंटर, एकलव्य कुमार यादव ने फीता काटकर किया उद्घाटन



**बिट्टू कुमार, पश्चिम चंपारण/ बेतिया।** जिला अंतर्गत जिला मुख्यालय बेतिया एन एच 727 के सुप्रीया रोड स्थित पीएनबी बैंक के सामने मिर्जा टोली स्थित शहर में पहली बार एकलव्य डेकोरेशन प्रतिष्ठान का प्रोपराइटर विकू यादव के पुत्र एकलव्य कुमार यादव ने पूरे विधि विधान के साथ मंत्र उच्चारण के बाद फीता काटकर एकलव्य प्रतिष्ठा का शुभारंभ किया। प्रोपराइटर विकू यादव ने मीडिया को संबोधित करते हुए बताया कि हमारा प्रोडक्ट पटना से लेकर लखनऊ से सस्ता और अच्छा है। आगे उन्होंने कहा कि हमारे प्रतिष्ठा से अपने घर का डेकोरेशन कराते है। मैं गारंटी के साथ कह सकता हूं यह पैनल लगाने से 20 वर्ष तक पेंट पुचारा नहीं करना पड़ेगा और सिम और दीमक का कोई झंझट नहीं चमक और दमक बर्करार बना रहेगा। विशेष जानकारी के लिए हमारा प्रतिष्ठान सुप्रिया रोड छावनी ब्रांच से संपर्क कर सकते हैं।

# पहला पति जेल में दूसरे पर हो गई लट्टू

□शादीशुदा महिला की प्रेम कहानी में नया प्रेमी बना बंधक□जानें पूरा मामला

**भागलपुर,संवाददाता।** बिहार के भागलपुर जिले में एक शादीशुदा प्रेमिका ने बवाल काट दिया है। प्रेमिका की करतूत की वजह से घरवाले भी परेशान हैं। प्रेमिका और प्रेमी के घरवालों ने आरोप लगाया है कि उसने एक युवक को जबरन बंधक बना लिया है। उनका बेटा मेला घूमने जा रहा था, इसी दौरान प्रेमिका उसे जबरन सड़क से खींचकर ले गई और बंधक बना लिया है। मामला जिले के मधुसूदनपुर थाना क्षेत्र की बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक प्रेमिका करिश्मा पहले से शादीशुदा है। घटना को लेकर चचाओं का बाजार गर्म है।

आरोपी प्रेमिका करिश्मा की शादी पहले ही हो चुकी है। शादी के बाद उसका पति एक रेप केस में आरोपी बन गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उसके बाद से करिश्मा अपने पड़ोसी युवक से प्यार करती है। उसी के साथ शादी करना चाहती है। प्रेमी युवक की



पहचान पड़ोस के रहने वाले 28 वर्षीय रोहित कुमार के रूप में हुई है। घटना मधुसूदन थाना क्षेत्र के भदोरिया पंचायत के गंगा प्रसाद टोला की है। जहां प्रेमिका ने अपने प्रेमी रोहित कुमार को बंधक बना लिया है। परिजनों के मुताबिक प्रेमी रोहित करिश्मा से शादी करना नहीं चाहता है। जिसकी वजह से दोनों परिवारों में तनाव की स्थिति बनी हुई है। घटना की खबर जब पूरे गांव में फैली, तो आस- पड़ोस के लोग भारी संख्या में जमा हो गए। कई तरह की चर्चा शुरू हो गई। रोहित कुमार को कमरे में बंधक बनाने के बाद इसकी जानकारी मधुसूदनपुर थाने को दी गई। सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी सफदर अली दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को पहले शांत कराया।

थाना प्रभारी ने पहले प्रेमी और प्रेमिका दोनों को हिरासत में लिया और उन्हें थाने लेकर पहुंचे। जहां दोनों को समझाने के बाद थाना प्रभारी ने पीआर बांड भरवाकर दोनों को छोड़ दिया। प्रेमी रोहित की मां ने बताया कि उनका बेटा मेला देखने जा रहा था। उसी दौरान उसे जबरन उठा लिया गया और कमरे में बंद कर दिया गया। उधर, प्रेमिका के पिता कंपनी यादव का कहना है कि दोनों को उन्होंने आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया था। इसलिए रोहित को कमरे में बंद कर दिया है। वे किसी तरह से ये शादी नहीं होने देंगे।



चरण सिंह

विचार

## जाति धर्म में बदला यूपी उप चुनाव

आजाद समाज पार्टी के संस्थापक और नगीना के सांसद ने यूपी विधानसभा उप चुनाव में दलित कार्ड चल दिया है। बाकायदा चंद्रशेखर आजाद ने मुख्य सचिव मनोज सिंह को पत्र लिखकर यूपी में जातिगत शोषण, दमन के प्रति चिंता व्यक्त की है। दरअसल चंद्रशेखर आजाद बसपा के कमजोर होने का फायदा उठाकर दलित वोटबैंक हासिल करना चाहते हैं। यही वजह रही कि जब योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में हरिजन बस्ती में दिवाली मनाने को लेकर जब हरिजन बस्ती का नाम लिया तो उन्होंने हरिजन शब्द को ही मुद्दा बना लिया देखने की बात यह है कि चंद्रशेखर दलित नेता कहने पर विदक तो जाते हैं पर वह दलित वोटबैंक से बाहर भी नहीं निकल पाते हैं। राजपूतों के खिलाफ खड़े होने वाले चंद्रशेखर के समर्थक आज की तारीख में पूरे देश में है पर उन्हें अपने अलावा भी सेकेंड लाइन के नेता तैयार करने होंगे। दूसरे समाज के लोगों को भी संगठन में तवज्जो देनी पड़ेगी। उसमें दो राय नहीं कि आज की तारीख में सर्व समाज का नेता ढूंढने से नहीं मिल रहा है। चंद्रशेखर आजाद, मायावती, उदित राज, चिराग पासवान, रामदास आठवले दलित नेता, तेजस्वी यादव, अखिलेश यादव, जयंत चौधरी पिछड़ों के नेता, खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी अपने को ओबीसी नेता के रूप में प्रस्तुत करते हैं। ऐसे ही योगी आदित्यनाथ, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, अरविंद केजरीवाल, संजय सिंह स्वर्णों के नेता। इनमें बीजेपी नेता को हिंदुओं के नेता भी कह सजते हैं। असदुद्दीन ओवैसी, आजम खान मुस्लिमों के नेता। मतलब राम मनोहर लोहिया, जयप्रकाश नारायण, अटल बिहारी वाजपाई, चौधरी चरण सिंह, चंद्रशेखर, आचार्य नरेंद्र देव और कपूर्री ठाकुर की तरह कोई सर्व समाज का नेता नहीं है। देखने की बात यह है कि जब विभिन्न दलों के नेता जाति धर्म के आधार पर वोट बटोरेंगे तो फिर देश समाज की चिंता ये नेता कैसे करेंगे। कैसे देश और समाज के लिए काम होगा कैसे ये नेता देश और समाज का विकास करेंगे। कुल मिलाकर सभी पार्टियों ने अपना अपना वोटबैंक पकड़ रखा है। तो फिर इन दलों से हर वर्ग के लिए काम करने की उम्मीद कैसे की जा सकती है। चाहे सत्ता पक्ष और विपक्ष हो सभी दल भावनात्मक मुद्दों पर राजनीति कर रहे हैं। रोजगार, मंहगाई जैसे जमीनी मुद्दे उठाने को कोई तैयार नहीं। यूपी उप चुनाव में भी यही हो रहा है। अखिलेश का माई बाप पीडीए है। तो चंद्रशेखर और मायावती का दलित, योगी आदित्यनाथ हिंदुओं को रिझाने में लगे हैं। कुल मिलाकर काम को आधार मानकर वोट हासिल करने का दम किसी में नहीं। सत्ता पक्ष सरकार की उपलब्धि गिनाकर वोट नहीं मांग सकता तो विपक्ष संघर्ष के नाम पर वोट हासिल नहीं कर सकता। चंद्रशेखर आजाद को तो संघर्ष के दम पर यूपी उप चुनाव लड़ता चाहिए पर वह भी दलितों की राजनीति करने में लगे हैं।

## इजराईल- इस कद्र बेलगाम?

-तनवीर जाफरी-

फिलिस्तीन से लेकर लेबनान तक इजराईली सैन्य आतंक निरंतर अपना कहर बरपा कर रहा है। अपने हथियारों और ताकत के नशे में चूर अमेरिका संरक्षित इजराईली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू युद्धोन्माद में इतने अंधे हो चुके हैं कि उन्होंने न केवल युद्ध के सभी नियमों, नीतियों व सिद्धांतों को किनारे रख दिया है बल्कि वे दुनिया के उन देशों की भी परवाह नहीं कर रहे जो वर्तमान युद्ध में समय समय पर इस्त्राईल को आइना दिखाने की कोशिश करते हैं। इतना ही नहीं बल्कि नेतन्याहू किसी सलाह देने वाले देश या उसके नेता को भी बड़ी आसानी से अपने दुश्मनों की लाइन में खड़ा कर देते हैं। यहां तक कि किसी अंतर्राष्ट्रीय संस्था या संगठन की आलोचना या सलाह की भी परवाह नहीं करते। और नेतन्याहू के इसी जिद्दी स्वभाव ने हालात अब यहां तक पहुंचा दिए हैं कि अब इजराईली सेना यानी आईडीएफ भी अब नेतन्याहू की मानवता विरोधी युद्ध नीति से ऊब चुकी है और गजा व लेबनान में और अधिक खून की होली खेलने के बजाये इन दोनों ही जगहों पर अब युद्ध विराम करने के लिये प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पर दबाव बनाना शुरू कर चुकी है। गौर तलब है कि गजा व लेबनान में भारी नरसंहार का कलंक झेल रही आईडीएफ पहले भी युद्ध से बाहर निकलने व युद्ध विराम करने की पक्षधर रही है परन्तु हर बार प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के युद्धोन्माद व उनकी जिद व प्रतिशोधात्मक रवैय्ये के चलते अब तक युद्ध विराम संभव नहीं हो सका है।

गौर तलब है कि वर्तमान इजराईल-हमास युद्ध गत वर्ष यानी 7 अक्टूबर 2023 को उस समय शुरू हुआ था जब हमास के लड़ाकों ने इजराइली नागरिक समुदायों और कई इजराईली सैन्य ठिकानों पर अचानक एक बड़ा हमला कर दिया। इस हमले के दौरान 1, 195 इजरायली सहित अनेक विदेशी नागरिक भी मारे गए थे। इसके अलावा, 251 इजरायली और विदेशियों को गजा में बंदी बना लिया गया। हमास इस हमले से इजराईल पर यह दबाव बनाना चाहता था कि इजरायल की जेलों में बंद फिलिस्तीनी कैदियों व बंदियों को रिहा कराया जा सके। इजराईल पर हमास द्वारा किया गया यह हमला फिलिस्तीन पर इजरायल के निरंतर कब्जे, गजा की नाकेबंदी, इजराईली बस्तियों के अनाधिकृत विस्तार, इजरायल द्वारा लगातार की जा रही अंतरराष्ट्रीय कानून के अवहेलना, साथ ही अल-अक़्सा मस्जिद और फिलिस्तीनियों की सामान्य दुर्दशा के जवाब में भी था। परन्तु इजराईल ने 7 अक्टूबर 2023 के हमास के हमलों के जवाब में 27 अक्टूबर से हमास पर पहले हवाई फिर जमीनी हमले करना शुरू कर दिया। इस इजराईली सैन्य कार्रवाई का मकसद हमास का सफाया करने के साथ साथ इजराईली बंधकों को मुक्त कराना भी था। परन्तु 13 महीने से इजराईल द्वारा किये जा रहे अब तक के सबसे बड़े नरसंहार के बावजूद इजराईल अभी तक अपने दोनों में से किसी भी लक्ष्य को हासिल नहीं कर सका है। न ही हमास का खात्मा हो सका न ही 251 में से शेष बचे 101 बंधकों को हमास के चंगुल से रिहा करवा सका। जबकि युद्धोन्माद में डूबे प्रधानमंत्री नेतन्याहू के इशारों पर की जा रही विनाशकारी बमबारी में अब तक गजा में 40, 000 से अधिक फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं, जिन में अधिकांश महिलाएं व बच्चे हैं। लाखों लोग बेघर हो चुके हैं। इसके अलावा इजरायल की कड़ी नाकाबंदी ने गजा में जारी बुनियादी जरूरी सामग्री की आपूर्ति चेन को भी काट दिया है। हद तो यह है कि इस्त्राएइली सेना ने गजा के बुनियादी ढांचों पर हमले कर वहां की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली सहित सभी आवश्यक सेवाओं को भी नष्ट कर दिया है। स्कूल, शरणार्थी शिविर, मीडिया, अस्पताल, बाजार यहां तक कि युद्ध प्रभावित लोगों को सहायता पहुँचाने वाले अंतराष्ट्रीय संगठनों के लोगों को भी आई डी एफ द्वारा निशाना बनाया जा रहा है। अर्थात इजराईल द्वारा हमास के खात्मे और उसके कब्जे में मौजूद बंधकों की रिहाई के नाम पर हर वह अत्याचार किया जा रहा है जोकि अंतर्राष्ट्रीय युद्ध मानकों का सरासर उल्लंघन है। और जब कोई इजराईल या अमेरिका का सहयोगी देश नेतन्याहू को आईना दिखने की कोशिश करता है तो नेतन्याहू उसे अपमानित करने या खरी खोटी सुनाने में भी देर नहीं लगाते। उदाहरण के तौर पर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रोन ने गजा में इजराईल द्वारा किये जा रहे जनसंहार से ऊब कर जब गत 7 अक्टूबर को हमास द्वारा इजराईल पर किए गए हमले की पहली वर्षगांठ से पूर्व यह कहा है कि -'युद्धरत पक्षों के बीच "राजनीतिक समाधान" तक पहुंचने के लिए इजरायल को हथियार देना बंद करना जरूरी है।

# पीड़ितों को कब तक मिलती रहेगी 'तारीख-पे-तारीख'



-प्रियंका सौरभ

यह सही कहा गया है, "न्याय में देरी न्याय से इनकार है," सभी के लिए निष्पक्ष और न्यायसंगत न्याय सुनिश्चित करने के लिए समय पर सुधारों की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करता है। स्थगन के कारण विस्तारित समयसीमा समय पर न्याय तक पहुँच को सीमित करती है, जिससे न्यायिक प्रणाली में जनता का विश्वास प्रभावित होता है।

भारत में न्यायिक बैकलॉग एक बड़ी चुनौती है, जहाँ विभिन्न न्यायालयों में 4 करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं। इस बैकलॉग का एक मुख्य कारण अत्यधिक न्यायिक स्थगन है, जो मामले के समाधान में देरी करता है और न्याय प्रदान करने में बाधा डालता है। कार्यवाही को सुव्यवस्थित करने के प्रयासों के बावजूद, बार-बार स्थगन प्रगति को बाधित कर रहे हैं। इस मुद्दे को सम्बोधित करने के लिए इसके मूल कारणों को समझना और व्यवस्थित सुधारों को लागू करना आवश्यक है। बार-बार स्थगन से मामलों की अवधि बढ़ जाती है, कभी-कभी अंतिम समाधान में वर्षों या दशकों तक का समय लग जाता है, जिससे न्यायपालिका की दक्षता प्रभावित होती है। प्रत्येक स्थगन मुकदमेबाजी के समग्र खर्च को बढ़ाता है, जिससे पक्षकारों पर वित्तीय बोझ पड़ता है, खासकर निम्न सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि वाले लोगों पर। स्थगन के कारण विस्तारित समयसीमा समय पर न्याय तक पहुँच को सीमित करती है, जिससे न्यायिक प्रणाली में जनता का विश्वास प्रभावित होता है।

अंडरट्रायल से जुड़े आपराधिक मामलों में अक्सर कई स्थगन होते हैं, जिससे न्याय में देरी होती है और निष्पक्ष और त्वरित सुनवाई के आरोपी के अधिकार पर असर पड़ता है। स्थगन के कारण न्यायालय का बहुमूल्य समय नष्ट हो जाता है, जिसका उपयोग अन्य मामलों को निपटाने में किया जा सकता है, जिससे प्रणाली की समग्र दक्षता कम हो जाती है। स्थगन के कारण होने वाली देरी से गवाहों में थकान, स्मृति क्षरण और कभी-कभी पीछे हटने की प्रवृत्ति पैदा हो सकती है, जिससे साक्ष्य की गुणवत्ता और मामले के परिणामों पर असर पड़ता है। गवाहों को डराने-धमकाने के मामलों में, बार-बार स्थगन के कारण गवाह अपने बयान से मुकर जाते हैं या बदल देते हैं, जिससे फैसले पर असर पड़ता है।

प्रक्रियात्मक संहिता स्थगन के लिए छूट प्रदान करती है, जिससे वकील रणनीतिक लाभ के लिए इस लचीलेपन का फायदा उठा सकते हैं। सिविल प्रक्रिया संहिता कुछ शर्तों के तहत स्थगन की अनुमति देती है, लेकिन कार्यवाही में देरी के लिए अक्सर इसका दुरुपयोग किया जाता है। उच्च केस लोड और सीमित न्यायालय कर्मचारी बार-बार स्थगन में योगदान करते हैं, क्योंकि न्यायाधीश प्रत्येक मामले को पर्याप्त समय आवंटित करने के लिए संघर्ष करते हैं। निचली अदालतों में, न्यायाधीशों पर अक्सर बहुत अधिक बोझ होता है, वे हर महीने सैकड़ों मामलों को संभालते हैं, जिसके परिणामस्वरूप सुनवाई स्थगित हो जाती है। पक्षकार व्यक्तिगत या रणनीतिक कारणों से कार्यवाही में देरी करने के लिए जानबूझकर स्थगन की मांग कर सकते हैं, जैसे कि वित्तीय देनदारियों में देरी या प्रतिकूल निर्णयों को स्थगित करना। संपत्ति विवादों में, प्रतिवादी कभी-कभी समाधान के बिना कब्जे को लम्बा करने के लिए बार-बार स्थगन का अनुरोध करते हैं।

प्रभावी केस प्रबंधन प्रणालियों की अनुपस्थिति का मतलब है कि मामलों को कुशलतापूर्वक शेड्यूल या मॉनिटर नहीं किया जाता है, जिससे अनावश्यक स्थगन होता है। डिजिटल केस-ट्रैकिंग सिस्टम की कमी वाले न्यायालयों को प्रशासनिक अक्षमताओं का सामना करना पड़ता है, जिससे केस की प्रगति की निगरानी करना और देरी को कम करना कठिन हो जाता है। प्रशिक्षित न्यायालय कर्मियों की सीमित उपलब्धता, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में, प्रक्रियात्मक देरी और स्थगन के लिए बार-बार अनुरोध की ओर ले जाती है। प्रक्रियात्मक संहिताओं में संशोधन करके स्थगन की संख्या सीमित करें, खास तौर पर दीवानी और आपराधिक मामलों में। कुछ उच्च न्यायालयों ने स्थगन की अधिकतम सीमा तीन प्रति मामले तक सीमित करने के लिए सुधार पेश किए हैं, जिससे केस समाधान समयसीमा में सुधार हुआ है। शेड्यूलिंग को सुव्यवस्थित करने, केस की प्रगति की निगरानी करने और न्यायालय के संसाधनों को प्रभावी ढंग से आवंटित करने के लिए डिजिटल केस प्रबंधन उपकरण लागू करें। ई-कोर्ट परियोजना का उद्देश्य कुशल केस ट्रैकिंग, पारदर्शिता बढ़ाने और अनावश्यक देरी को कम करने के लिए डिजिटल सिस्टम शुरू करना है।

मामलों के कुशल निपटान को प्रोत्साहित करने और स्थगन को कम करने के लिए न्यायाधीशों और न्यायालय के कर्मचारियों के लिए प्रदर्शन प्रोत्साहन पेश करें। राज्यों ने ऐसी योजनाएँ लागू की हैं जो न्यायिक अधिकारियों को केस समयसीमा का पालन करने के लिए पहचानती हैं और पुरस्कृत करती हैं, जिससे जवाबदेही को बढ़ावा मिलता है। केस हैंडलिंग क्षमता में सुधार के लिए, विशेष रूप से अधिक बोझ वाली अदालतों में, अतिरिक्त कर्मियों की नियुक्ति करके न्यायाधीशों की कमी को दूर करें। अतिरिक्त ज़िला न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए हाल ही में सरकार की पहल ने कुछ उच्च-लंबित क्षेत्रों में केस लोड को कम करने में मदद की है। वकीलों को नैतिक प्रथाओं पर शिक्षित करने, अनावश्यक स्थगन अनुरोधों को हतोत्साहित करने और समय पर केस समाधान को बढ़ावा देने के लिए कार्यशालाएँ आयोजित करें। कानूनी निकायों ने सतत व्यावसायिक विकास कार्यक्रम शुरू किए हैं, जिनका उद्देश्य कुशल मामले निपटान की संस्कृति विकसित करना है।

भारत के न्यायिक बैकलॉग को सम्बोधित करने और न्याय वितरण को बढ़ाने के लिए न्यायिक स्थगन को कम करना आवश्यक है। केस प्रबंधन, स्थगन को सीमित करने और न्यायिक क्षमता का विस्तार करने जैसे उपायों को अपनाकर, न्यायपालिका एक कुशल प्रणाली की ओर प्रगति कर सकती है। यह सही कहा गया है, "न्याय में देरी न्याय से इनकार है," सभी के लिए निष्पक्ष और न्यायसंगत न्याय सुनिश्चित करने के लिए समय पर सुधारों की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करता है।

# बुरा करने वाले व्यक्ति के साथ आप अच्छा ही करें



ऊषा शुक्ला

जब हमारे साथ कोई बुरा व्यवहार करता है, तो न केवल हमारे मन को चोट पहुंचती है बल्कि हम सामने वाले के गुण और स्वभाव को लेकर कई सवाल खड़े कर देते हैं जबकि जब हम खुद किसी के साथ खराब व्यवहार या दुर्व्यवहार करते हैं, तो खुद को सही मानते हुए हम उसके बारे में एक पल भी नहीं सोचते हैं। असलियत में हमें किसी के साथ भी इतना बुरा नहीं करना चाहिए कि उसकी आत्मा आपको बद्दुआ देने लगे। जो तुम्हारे साथ बुरा करें उसके साथ बुरा नहीं करना चाहिए बल्कि अच्छा और भलाई करना चाहिए। बदला लेने की भावना किसी भी मनुष्य को महान नहीं बनाती। अगर किसी ने आपके साथ विश्वासघात किया है तो उसने बहुत बड़ा पाप किया। और यदि आप भी तो उससे बदला लेते हैं और उसके साथ विश्वासघात करते हैं या उसका बुरा करते हैं तो आप सबसे बड़े पापी कहलाते हैं आपको चाहिए कि ऐसे व्यक्ति को माफ कर दिया जाए और उसका जितना हो सके उतना भला किया जाए ।अगर कोई इंसान आपके साथ कुछ भी बुरा कर रहा है। तो हमे बुराई की गंभीरता को देखते हुए ही प्रतिक्रिया करनी चाहिए। अगर बुराई क्षमा योग्य है तो एक या दो बार क्षमा कर देना चाहिए। " क्षमा बड़न को चाहिए छोटन को उत्पात"। लेकिन छोटे इतना भी उत्पात न मचा दें कि हमे घर से सड़क पर लाकर खड़ा कर दें। इस लिए बुराई एक सीमा तक ही बर्दास्त या सहन की जानी चाहिए। उसके आगे कतई नहीं ।यदि कोई हमारे साथ बुरा व्यवहार करे तो भी हमारे मन में उसके प्रति करुणा होनी चाहिए। हमें यह समझना चाहिए कि वह यह कर रहा है क्योंकि वह अज्ञानी है अगर वह विकसित मानसिकता का होता उसे सत्य का ज्ञान होता तो ऐसा नहीं करता।अब हमारा व्यवहार उसके प्रति कैसा होना चाहिए यह बहुत सी बातों पर निर्भर करेगा। हमारा पहला लक्ष्य होना चाहिए कि उसे उसकी गलती का एहसास हो जाए और वह सही रास्ते पर आ जाए अतः उसे सुधरने का पूरा अवसर दिया जाना चाहिए। यदि यह संभव न हो और वह अनेक अवसर देने के बाद भी कुटिलता नहीं छोड़ रहा है तब हमारा लक्ष्य उसे और पतित होने से रोकना होना चाहिए इसके लिए हमें कुछ कठोर कदम भी उठाने पड़े तो पीछे नहीं हटना चाहिए। यदि इसके बाद भी वह बुरा करना नहीं छोड़ता तब करुणा इसी बात में है कि वह आपका और आपके साथ औरों का अहित न कर सके ।भले ही इसके लिए उसका अंत क्यों न करना पड़े।अगर किसी गलत फहमी मे कोइ आपसे बुरा बर्ताव करता है तो कोशिश किया जा सकता है कि उसका गलत फहमी दुर की जाये । अगर आगे चलके उसके साथ आपको कोइ लेना देना रखने का कोइ खास जरुरत नही होता है तो उससे दुर रहना ही अच्छा है , उसका गलत फहमी वो दुर करे या ना करे उससे कोइ फर्क नही आता है । मेरा साथ ऐसा कइ बार हुआ है , हम तो साइड हो जाते है , उसको रहने देते है उसको गलत फहमी के साथ। अगर कर सको तो सबसे पहले ये जानो के वो बुरा व्यवहार क्यों कर रहा है या हमेशा करता ही क्यों है।जल्दी से फटाफट ये सोचो कहीं उसके इस बर्ताव के जिम्मेदार आप खुद तो नहीं।अगर वजह पता चल जाये तो जरा सोचो,क्या आप अब उसके बुरे व्यवहार से आहत होंगे पहले की तरह।नहीं होंगे या बहुत कम होंगे।या हो सकता है आप मुस्करा भी दें।वजह जान लेने से आपके व्यवहार में सकारात्मक बदलाव ही आएगा।पर ये भी तभी मुमकिन है अगर आप शांत हैं,सहनशील हैं, हैं और आप में दुसरो की परवाह भी है। सबका भला करें और अपने परिवार का पालन कराया। किसी का बुरा काम किया अपना परिवार था आप कभी अच्छा नहीं कर सकते हैं।बदले की भावना में किसी के साथ बुरा करना आमतौर पर समाज में नकारात्मक परिणामों का कारण बन सकता है। समाज में सभी को एक अच्छा और समर्थनशील वातावरण बनाने की जिम्मेदारी होती है।अगर कोई आपके साथ बुरा करता है, तो सबसे पहले आपको अपनी सुरक्षा को सुनिश्चित करना चाहिए। फिर भी, आपके उत्तरदायित्व में होने के बावजूद, आपको उस व्यक्ति के साथ बुरे संदर्भ में कैसे व्यवहार करना है, यह आपके मूल्यों, संदेशों और अभ्यासों पर निर्भर करता है।कई बार, संवेदनशीलता, समझ, और संवाद के माध्यम से समस्याओं का समाधान बेहतर हो सकता है निष्पक्ष और संवेदनशील उपाय के माध्यम से। लेकिन यदि स्थिति गंभीर है और आपको स्वतंत्रता की सुरक्षा की आवश्यकता है, तो आपको अपने स्वार्थ को सुरक्षित रखने के लिए अपने आप को बचाने के लिए कुछ कदम उठाने पड़ सकते हैं।

# समृद्धि के उजालों के बावजूद धनाढ्यों का पलायन क्यों?



-ललित गर्ग-

भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने के साथ समृद्धि और संपन्नता के नये शिखरों पर आरोहण कर रहा है। भारत की आर्थिक प्रगति सकारात्मक दिशा में बढ़ रही है। हालिया आंकड़ों के अनुसार, देश में सोने का भंडार नई ऊंचाई पर पहुंच गया है, दूसरी तरफ डीमैट खातों और स्टार्टअप की संख्या में भी तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। इन सकारात्मक दिशाओं एवं आर्थिक उजालों के बीच कुछ देश की सोचने वाली स्थितियां भी हमें आत्ममंथन को प्रेरित कर रही है। ऐसी ही एक सोचनीय एवं चिन्ताजनक स्थिति है कि देश की बढ़ती शोभा एवं सम्पन्नता के बावजूद अमीर व प्रतिभावान लोग देश छोड़कर क्यों जा रहे हैं? वर्ष 2023 में करीब इक्कावन सौ के लगभग करोड़पतियों ने देश छोड़ा और वर्ष 2024 में तैयालिस सौ करोड़पतियों के भारत से पलायन करने का अनुमान है। यह हमारी संपन्नता का ही क्षरण एवं हमारी आर्थिक विकासमूलक यात्रा पर एक बदनुमा दाग है। इन स्थितियों पर नियंत्रण जरूरी है और इसके लिये हमें अपनी कमियों के प्रति ज्यादा ईमानदार होना पड़ेगा।

सशक्त एवं विकसित भारत निर्मित करने, उसे दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनाने और अर्थव्यवस्था की सुनहरी तस्वीर निर्मित करने के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी निरन्तर प्रयास कर रहे हैं। मोदी सरकार ने देश के आर्थिक भविष्य को सुधारने पर ध्यान दिया, न कि लोकलुभावन योजनाओं के जरिये प्रशंसा पाने अथवा कोई राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश की है। राजनीतिक हितों से ज्यादा देशहित को सामने रखने की यह पहल अनूठी है, प्रेरक है। अमृत काल का विजन तकनीक संचालित और ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था का निर्माण करना है। बुनियादी ढांचागत विकास को प्राथमिकता देने के लिये हमें मौजूदा सरकार की सराहना करनी ही चाहिए। आर्थिक वृद्धि को आवश्यक आधार प्रदान करने के साथ ही बुनियादी ढांचागत परियोजनाएं रोजगार सृजन के दृष्टिकोण से भी आवश्यक होती है। मोदी सरकार की नियोजित एवं दूरगामी सोच का ही परिणाम है रिजर्व बैंक के पास सोने के भंडार में लगातार वृद्धि हो रही है, पूर्व सरकारें देश का सोना गिरवी रखती रही है, लेकिन मोदी सरकार देश का सोना विदेशों से स्वदेश लाने के अनूठे उपक्रम किये हैं, यही कारण है कि रिजर्व बैंक के पास सितंबर में सोने का भंडार 854.73 टन था। इसमें से 510.46 टन देश में है, बाकी 324.01 टन सोना विदेशी बैंकों में है। आरबीआई सोना खरीदने वाले पांच शीर्ष केंद्रीय बैंकों में से एक है। भारतीयों के पास घरों में 25 हजार टन से ज्यादा सोना है। यह स्वर्ण भंडार में पहले पायदान पर खड़े अमेरिका के 8, 965 टन से तीन गुना है।

भारत में आर्थिक गतिविधियां नये शिखरों पर सवार है, क्योंकि भारत में डीमैट खाते 17 करोड़ के पार पहुंच चुके हैं। देश के कुल डीमैट खाते अब अन्य देशों की तुलना में नौवें स्थान पर हैं, जिसका मतलब है डीमैट खाते रूस, जापान, इथियोपिया, मैक्सिको जैसे देशों की आबादी से अधिक और बांग्लादेश की आबादी के करीब है। वर्ष 2024 में 3.18 करोड़ नए डीमैट खाते खोले गए। पिछले वर्ष 3.10 करोड़ डीमैट खाते खोले गए थे। भारत दुनिया तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है, जिसमें 1, 40, 000 से अधिक पंजीकृत स्टार्टअप और हर 20 दिन में एक यूनिकॉर्न उभरता है। यूनिकॉर्न उन स्टार्टअप को कहा जाता है, जिनका मूल्यांकन एक अरब डॉलर हो जाता है। इस बार जनवरी से सितम्बर के बीच छह स्टार्टअप यूनिकॉर्न बन गए।



भारतीय तकनीकी स्टार्टअप ने 2024 की पहली छमाही में 4.1 अरब डॉलर की फडिंग जुटाई जो बीते वर्ष की इसी छमाही से 4 फीसदी ज्यादा है। फडिंग जुटाने में भारत का चौथा स्थान है। इन उजले आंकड़ों में जहां मोदी के विजन ह्यहर हाथ को कामह्न का संकल्प साकार होता हुआ दिखाई दे रहा है, वहीं ह्यसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वासह्न का प्रभाव भी स्पष्ट रूप से उजागर हो रहा है। दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर भारत ने अनेक क्षेत्रों में नये कीर्तिमान स्थापित किये है। लेकिन श्रम शक्ति की ओर ज्यादा तवज्जों देने की जरूरत है। क्योंकि जीडीपी देश के आम नागरिकों की समृद्धि का पैमाना नहीं है। जिस पैमाने से देश के आम लोगों की समृद्धि मापी जाती है उसे प्रति व्यक्ति आय कहते हैं। इसमें दिहाड़ीदार मजदूर, कामकाजी लोग, महिलाओं की स्थिति से लेकर औद्योगिक घराने की कमाई तक सब शामिल रहते हैं। बहुत सारे लोग औसत से अधिक कमाते हैं और बहुत सारे लोग कम।

इस बार की दीपावली न केवल खुशी, बल्कि सभी के लिए प्रेरणा का अवसर बनी है, बाजार से समाज तक और उद्यमी से सरकार तक, सभी के लिये दीपावली समृद्धि का एक नया उजाला लेकर आयी। इस बार बाजार में कुल 4.25 लाख करोड़ रुपये की खरीदारी का अनुमान है। देश के ज्यादातर उद्यमी खरीद-बिक्री के अपने लक्ष्य तक पहुंचे हैं। सरकार को फायदा है कि लगभग हर खरीद-बिक्री से उसे लाभ होना है। देश में खरीद-बिक्री का यह विस्तार निश्चित ही जहां भारत में नये आर्थिक कीर्तिमान का द्योतक हैं, वहीं गरीब को सक्षम बनाने का प्रेरक भी है। समाज का एक बड़ा वंचित हिस्सा है, जिसमें खरीदारी की ज्यादा ताकत नहीं है। वास्तव में, गरीबों को सक्षम बनाना, केवल सरकार ही नहीं, बल्कि बाजार की भी जिम्मेदारी है। आधुनिक दौर में सरकार लोगों को सीधे नकद देकर सक्षम बनाती है, तो बाजार को भी लोगों को सक्षम बनाने के बारे में सोचना चाहिए। उद्यमी जो पूंजी अर्जित कर रहे हैं, उसे कहीं जमा करने या सिर्फ अपना उपभोग बढ़ाने के बजाय निवेश में लगाएं। निवेश से रोजगार और काम पैदा हो, यह ज्यादा जरूरी है।

नयी आर्थिक उपलब्धियों एवं फिजाओं के बीच धनाढ्य परिवारों का भारत से पलायन कर विदेशों में बसने का सिलसिला चिन्ताजनक है। ऐसे क्या कारण है कि लोगों को देश की बजाय विदेश की धरती रहने, जीने, व्यापार करने, शिक्षा एवं रोजगार के लिये अधिक सुविधाजनक लगती है, नये बनते भारत के लिये यह चिन्तन-मंथन का कारण बनना चाहिए। हेनले प्राइवेट वेल्थ माइग्रेशन रिपोर्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार, उच्च निवल मूल्य वाली व्यक्तिगत आबादी के 2031 तक 80 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि का अनुमान है, जो इस अवधि के दौरान भारत को दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते धन बाजारों में से एक के रूप में स्थापित करता है। यह वृद्धि मुख्य रूप से देश के भीतर संपन्न वित्तीय सेवाओं, स्वास्थ्य सेवा और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों द्वारा संचालित होगी। इसमें समृद्ध व्यक्तियों के भारत लौटने की प्रवृत्ति को भी देखा जा रहा है, और जैसे-जैसे जीवन स्तर में सुधार जारी है, यह अधिक संख्या में धनवान व्यक्तियों के भारत वापस आने का अनुमान लगाता है। लेकिन प्रश्न है कि भारत के करोड़पति आखिर नये बनते भारत एवं उसकी चिकित्सा, शिक्षा, आर्थिक, राजनीतिक, प्रशासनिक उज्ज्वलता के बावजूद क्यों विदेश जा रहे हैं? हाई नेटवर्थ वाले (अति समृद्ध) हमारे देशवासियों के देश छोड़ कर कहीं और बसने की तैयारी की ताजा रिपोर्टें बहुत कुछ कहती है। दुनियाभर में धन और निवेश प्रवासन के रुझान को ट्रैक करने वाली कंपनी की सालाना रिपोर्ट में अति समृद्ध भारतीयों का अपना सब-कुछ समेट कर हमेशा के लिए भारत से जुदा हो जाने का अनुमान अनेक प्रश्न खड़े करता है, सरकार को इन प्रश्नों पर गौर करने की जरूरत है।

क्या कारण है कि शस्य श्यामला भारत भूमि पर अपनी समृद्धि से विकास के नये क्षितिज उद्घाटित करने या अपनी प्रतिभा से देश को लाभान्वित करने की बजाय विदेश की धरती को लाभ पहुंचाते हैं। कारणों की लम्बी फहरिस्त में मूल है देश में अशांति, आतंक, जटिल कर-कानून व्यवस्था और हिंसा का ताण्डव होना? कारण है -शासन, सत्ता, संग्रह और पद के मद में चूर यह तीसरा राजनीतिक आदमी, जिसने जनतंत्र द्वारा प्राप्त अधिकारों का दुरुपयोग किया और जनतंत्र की रीढ़ को तोड़ दिया है। कृषि प्रधान देश को कुर्सी-प्रधान देश में बदल दिया है। सरकारें हैं-प्रशासन नहीं। कानून है--न्याय नहीं। साधन हैं-अवसर नहीं। भ्रष्टाचार की भीड़ में राष्ट्रीय चरित्र खो गया है। पलायनवादी सोच के कगार पर खड़े राष्ट्र को बचाने के लिए राजनीतिज्ञों को अपनी संकीर्ण मनोवृत्ति को त्यागना होगा। तभी समृद्ध हो या प्रतिभाशाली व्यक्ति अपने ही देश में सुख, शांति, संतुलन एवं सह-जीवन का अनुभव कर सकेगा और पलायनवादी सोच से बाहर आ सकेगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, **विक्रम राज** द्वारा हाऊस नं. आर-132 ब्लॉक-ए नियर मेन नसीरपुर रोड डाबरी पालम गांव न्यू दिल्ली-110045 से प्रकाशित एवं आर.डी. प्रिंटर्स पब्लिसर प्राइवेट लिमिटेड ए-41 सेक्टर-8 नोएडा-201301 उत्तर प्रदेश से मुद्रित। **सम्पादक : विक्रम राज**
समाचारों के चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदारी। समाचार पत्र में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। न्यायलय संबंधी सभी मामले दिल्ली न्यायालय में ही निपटाए जाएंगे। RNI NO.- DELHIN/2023/86360. Telephone No.-011-49385179

## एक नजर

### विशेषज्ञों की सुझाई मात्रा के अनुसार खादों का उपयोग करें किसान: संधवा

**चंडीगढ़।** पंजाब विधानसभा के अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवा ने किसानों से आगामी गेहूं बुवाई सीजन में विशेषज्ञों द्वारा सुझाई गई मात्रा के अनुसार खादों के उपयोग की अपील की है। श्री संधवा ने यूरिया का उपयोग कम करने और एन.पी.के. को फास्फोरस के विकल्प के रूप में इस्तेमाल करने की सलाह देते हुए विशेषज्ञों द्वारा सुझाए अनुसार डी.ए.पी. खाद के उपयोग का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि अन्य जैविक खादों का भी विकल्प के रूप में उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने किसानों को किसान कॉल सेंटर के टोल-फ्री नंबर 18001801551 पर कॉल करके अधिक जानकारी प्राप्त करने की सलाह दी। उन्होंने यह भी कहा कि धान के अवशेष (पराली) का खेत में ही प्रबंधन करने से मिट्टी की उपजाऊ शक्ति बढ़ती है और डी.ए.पी. के साथ अनावश्यक उत्पादों की जबरन बिक्री रोकने के लिए कृषि विभाग ने अलग-अलग टीमों का गठन किया है। उन्होंने पराली न जलाने वाले किसानों की सराहना की और अन्य किसानों को भी इस पर्यावरण-हितैषी मुहिम से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

### खिंगरा गेट फायरिंग का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**जालंधर।** पंजाब में जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने खिंगरा गेट फायरिंग की घटना के मुख्य आरोपी को अपराध के 12 घंटों के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आयुक्त ने रविवार को बताया कि शनिवार रात 8:15 बजे खिंगरा गेट इलाके में हाथापाई के कारण फायरिंग की घटना हुई थी। उन्होंने बताया कि इस घटना में ऋषभ बादशाह की गोली मारकर हत्या कर दी गई, जबकि ईशू कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस आयुक्त ने कहा कि जांच के दौरान पुलिस ने साहिल कपूर उर्फ मन्नू कपूर ढिल्लू पुत्र राकेश कपूर निवासी खिंगरा गेट जालंधर, साजन सहोता निवासी किशनपुरा जालंधर, मानव निवासी भाई दित्त सिंह नगर जालंधर, नन्नू कपूर पुत्र राकेश कपूर निवासी खिंगरा गेट जालंधर, डॉक्टर कोहली निवासी खिंगरा गेट जालंधर, चकित रंधावा निवासी जालंधर, गग्गी निवासी जालंधर, काका चाचा निवासी जालंधर और कुछ अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि मुख्य आरोपी साहिल कपूर उर्फ मन्नू कपूर ढिल्लू को एक देसी पिस्तौल और दो खाली खोखों के साथ गिरफ्तार किया गया है और बताया कि आरोपी के खिलाफ पहले से ही पांच आपराधिक मामले लंबित हैं। श्री स्वपन शर्मा ने बताया कि अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए भी छापेमारी की जा रही है।

### फतेहाबाद : नाबालिग निकला बच्चे का हत्यारा, गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** गांव हड़ौली में चार वर्ष के बच्चे की ब्लाइंड मर्डर मामले की गुत्थी को थाना सदर रतिया पुलिस ने कुछ ही घंटों मे सुलझाकर एक 13 साल के नाबालिग को काबू करने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए नाबालिग को उसके परिवार के साथ जुवेनाइल कोर्ट मे पेश कर बाल सुधार गृह अम्बाला मे भेजा गया है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या के साथ-साथ पॉक्सो एक्ट की संगीन धाराओं के तहत कार्रवाई की है। रविवार को इस बारे जानकारी देते हुए उप-पुलिस अधीक्षक रतिया संजय कुमार बिश्नोई ने जानकारी देते हुए बताया कि एवं नवंबर को थाना सदर रतिया में सूचना प्राप्त हुई कि गांव हडौली मे एक बच्चे जिसका नाम दिव्यांश है, की हत्या करके उसकी डेड बॉडी को सुनसान मकान रंजू पुत्र मुखत्यार सिंह वासी पीरखाना के पास है। सूचना पाकर तुरंत मौके पर पहुंचकर तत्परता से कार्रवाई करते हुए मृतक के पिता मगांराम पुत्र मक्खन सिंह की शिकायत पर हत्या की संगीन धारा में प्रथम सूचना रिपोर्ट अंकित किया। इस मामले में हत्या करने वाले आरोपी के खिलाफ साक्ष्य इकठ्ठा करते हुए एसआई ओम प्रकाश, प्रबंधक अफसर थाना सदर रतिया ने बड़ी सूझबूझ से मात्र कुछ ही घंटों मे दिव्यांश की हत्या की गुत्थी को सुलझाते हुए गांव हडौली के रहने वाले नाबालिग को उसके परिवार के सदस्यों के सामने शामिल तफ्तीश करने मे सफलता हासिल की है। नाबालिग को जुवेनाइल कोर्ट मे उसके परिवार के सदस्यों के सामने पेश कर जुनाईल कोर्ट के आदेशानुसार नाबालिक को बाल सुधार गृह अम्बाला मे भेजा गया है।

### सोनीपत: पुरानी रंजिश में खूनी संघर्ष, पांच घायल, 12 के खिलाफ केस दर्ज

**सोनीपत।** सोनीपत जिले के हसनगढ़ गांव में पुरानी रंजिश के चलते एक परिवार पर खतरनाक हथियारों से हमला किया गया। इस वारदात में महिलाओं ने भी ईंट-पत्थर फेंककर हिस्सा लिया, जिसमें परिवार के पांच सदस्यों को गंभीर चोटें आईं। सभी घायलों को इलाज के लिए खानपुर पीजीआई में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने इस मामले में 12 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है, हालांकि अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। पीड़ित संदीप ने गोहाना सिटी थाने में दर्ज कराई शिकायत में बताया कि घटना शनिवार की देर शाम की है, जब वह अपने चाचा राजेन्द्र और भाई दयाल दास के साथ गली में खड़ा था। इसी दौरान मंगतु (रवि) नामक व्यक्ति वहां पहुंचा और चाचा राजेन्द्र से पुरानी मारपीट का बदला लेने की धमकी दी। मंगतु ने अपने साथी काला को आवाज दी, जो हाथ में फरसा लिए वहां पहुंचा। उनके साथ संजीव, सुरेंद्र, नरेन्द्र, अंकित, मनीष और अन्य लोग भी लाठी, डंडे और लोहे के हथियार लेकर आए थे। हमलावरों ने चाचा राजेन्द्र पर हमला कर दिया, जिससे वे गिर पड़े। संदीप ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन हमलावरों ने उस पर भी हमला किया। इस दौरान संदीप की मां सुमित्रा देवी भी मौके पर पहुंचीं और मनजीत नामक हमलावर ने उन पर फरसे से वार किया। हमला इतना गंभीर था कि परिवार के सदस्य बुरी तरह घायल हो गए। घटना के बाद आस-पास के लोग वहां इकट्ठा हो गए, लेकिन हमलावर धमकी देते हुए भाग निकले। सूचना मिलने पर पुलिस ने सभी घायलों को पीजीआई खानपुर पहुंचाया और संदीप की शिकायत पर 12 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। गोहाना सिटी थाने के अधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि पुलिस जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए प्रयास कर रही है।

### सोनीपत: दिवाली के बाद प्रदूषण का स्तर खतरनाक, स्वास्थ्य पर भारी असर

**सोनीपत।** दिवाली के बाद से प्रदूषण का स्तर तेजी से बढ़ गया है, जिससे वातावरण में खतरनाक असर दिखने लगा है। वायु प्रदूषण के कारण लोगों को सांस लेने में कठिनाई और आंखों में जलन की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। रविवार सुबह जिले में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 324 तक पहुंच गया, जबकि पीएम-10 का स्तर 233 और पीएम-2.5 का स्तर 370 दर्ज किया गया। हालांकि, शाम को कुछ राहत मिली और एक्यूआई 298 पर आ गया। ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएची) के दूसरे चरण के लागू होने के बावजूद, कूड़ा जलाने की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। प्रदूषण के चलते सुबह हल्का स्मॉग छाने लगा है, जिससे सड़कों पर दृश्यता कम हो गई है। प्रदूषण का यह स्तर न केवल स्वस्थ लोगों के लिए हानिकारक है, बल्कि पहले से सांस की बीमारी से पीड़ित लोगों के लिए भी गंभीर खतरा पैदा कर रहा है। नागरिक अस्पताल के चिकित्सक, डॉ. शैलेंद्र राणा ने लोगों को सलाह दी है कि ठंडा पानी पीने से बचें क्योंकि यह ठंडक में शरीर के अंदर कणों के जमने की संभावना बढ़ा देता है। आंखों में जलन हो तो ठंडे पानी से धोने की सलाह भी दी गई है।

# मान ने रंधावा के लिए किया चुनाव प्रचार



**गुरदासपुर।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने रविवार को डेरा बाबा नानक विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी (आप) उम्मीदवार गुरदीप रंधावा के लिए चुनाव प्रचार किया।

श्री मान ने कलानौर में जनसभा एक विशाल जनसभा को संबोधित किया और लोगों से आप उम्मीदवार का समर्थन करने की अपील की। मुख्यमंत्री ने यहां कलानौर के प्रसिद्ध शिव मंदिर के भी दर्शन किए और पूजा-अर्चना की। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए मान ने दावा किया कि डेरा बाबा नानक में इस बार सिर्फ झाड़ू चलेगा। सभी सर्वे रिपोर्ट भी हमारी ही जीत बता रहे हैं। लोगों ने इस बार यहां से कांग्रेस को हराने का मन बना लिया है। कांग्रेस वालों ने कोई काम नहीं किया, उन्होंने सिर्फ यहां के लोगों पर झूठे पर्चे करवाए हैं। उन्होंने यहां से पूर्व विधायक सुखजिंदर रंधावा पर हमला बोला और कहा कि जल्द ही उनके सारे काले कारनामे उजागर करुंगा। इन लोगों ने पंजाब को बहुत लूटा है। सत्ता में रहते हुए इन्होंने गुरदासपुर से अमृतसर तक अरबों की संपत्ति बनाई है। रंधावा की की फाइलें मेरे पास है। प्रताप बाजवा पर मान ने कहा कि पीडब्ल्यूडी मंत्री रहते हुए उन्होंने पंजाब में सबसे ज्यादा टोल प्लाजे लगाए। मुख्यमंत्री बनने के बाद मैंने अभी तक 16 टोल प्लाजे बंद किए, जिससे लोगों के रोज 62 लाख रुपए से ज्यादा बच रहे हैं।

श्री मान ने कहा कि 75 साल का उलझा हुआ सिस्टम हमें विरासत में मिला है। इसे ठीक करने में थोड़ा वक्त लगेगा, लेकिन ढ़ाई साल में हमने बहुत काम किया जिसका असर अब दिखने लगा है। अब हमारा काम बोल रहा है। आज 90 प्रतिशत से ज्यादा घरों के बिजली बिल जीरो आ रहे हैं। विरोधी हमसे पूछते थे कि पैसा कहां से लाओगे, लेकिन हमने कर दिखाया क्योंकि हमारी नीयत साफ है और अगर नियत साफ हो तो सारे काम हो जाते हैं। उन्होंने अकाली दल बादल पर भी बोला हमला बोला। उन्होंने कहा कि जो लोग कहते थे कि पंजाब में हमारे बिना पत्ता नहीं हिलेगा, आज वे चुनाव छोड़कर भाग गए। उन्हें उपचुनाव के लिए चार उम्मीदवार तक नहीं मिले। उन्होंने लोगों से समर्थन की अपील करते हुए कहा कि इस बार इन लुटेरों से पीछा छुड़ाकर अच्छे व्यक्ति को अपना प्रतिनिधि चुनें। गुरदीप रंधावा ईमानदार व्यक्ति हैं। यहां की सभी समस्याओं से वाकिफ हैं। इन्हें जिताएं, मैं वादा करता हूं कि ये जो भी काम मेरे पास लगाएं मैं अविलंब पूरा करूंगा।

इस मौके पर श्री रंधावा ने कहा कि कांग्रेसियों और खासकर सुखजिंदर रंधावा ने डेरा बाबा नानक में सिर्फ गुंडागर्दी की है। इस बार डेरा बाबा नानक के लोग उन्हें सबक सिखाएंगे। कांग्रेस उम्मीदवार और रंधावा की पत्नी जतिंदर कौर खुद सरपंची चुनाव में अटैची लेकर घूमती थी और पैसे के दम पर कई सरपंच बनाए। इस बार उन्हें सबक सिखाएं।

## किसानों को उनकी मांग के अनुरूप मिलेगी डीएपी, नहीं है कोई संकट: सैनी




**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को चंडीगढ़ में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ डीएपी खाद की उपलब्धता को लेकर समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राज्य में डीएपी खाद की कोई कमी नहीं है और सभी किसानों को समय पर खाद मिलेगा।

उन्होंने कहा कि पिछले साल रबी सीजन में अक्टूबर 2023 में डीएपी की कुल खपत एक लाख 19 हजार 470 मीट्रिक टन (एमटी) थी, जबकि अक्टूबर 2024 में खपत एक लाख 14 हजार मीट्रिक टन रही। आज की तारीख में राज्य में डीएपी की उपलब्धता 24 हजार मीट्रिक टन है और किसानों के लिए डीएपी की दैनिक आपूर्ति के लिए रेक प्लानिंग की गई है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 रबी सीजन के दौरान नवंबर में कुल 72697 मीट्रिक टन की खपत हुई थी। राज्य सरकार के प्रयासों के परिणामस्वरूप, केंद्र ने नवंबर महीने के लिए 110 हजार मीट्रिक टन डीएपी उर्वरक आवंटित किया है, जिसमें से नवंबर के पहले सप्ताह के लिए रेक मूवमेंट पर 41,600 मीट्रिक टन और दूसरे सप्ताह के लिए 40 हजार मीट्रिक टन की योजना बनाई गई है और नवंबर 2024 के तीसरे सप्ताह में इसे घटाकर 20 हजार मीट्रिक टन कर दिया जाएगा। सरकारी प्रवक्ता ने जानकारी देते बताया कि डीएपी के लिए रैक योजना तैयार कर ली गई है। भिवानी, दादरी, रोहतक, महेंद्रगढ़, करनाल, पानीपत, कुरुक्षेत्र और जींद को 3 नवंबर को रैक मिलेंगे। इसी प्रकार हिसार, फतेहाबाद, कुरुक्षेत्र, झज्जर, सोनीपत और रोहतक को 4 नवंबर, कुरुक्षेत्र, यमुनानगर, करनाल, हिसार, सिरसा और जींद को 5 नवंबर, अंबाला, कुरुक्षेत्र, पंचकूला और यमुनानगर को 6 नवंबर तथा पलवल, नूंह, फरीदाबाद और गुरुग्राम को 7 नवंबर को रैक मिलेंगे। सरकार ने आश्वासन दिया कि सभी जिलों को कवर किया जा रहा है।

## झज्जर: कमरे में आग लगने से दंपति की मौत, दम घुटने से तीन बच्चे गंभीर

**झज्जर।** बहादुरगढ़ की घनी आबादी वाली कॉलोनी छोटू राम नगर में बीती रात एक मकान में आग लगने से पति-पत्नी की जिंदा जलकर मौत हो गई और दम घुटने से उनके तीन बच्चों की हालत गंभीर है। बच्चों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। हादसे में बचाव का प्रयास करते वक्त बच्चों के दादा भी झुलस गए हैं।आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हुआ है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।




बिहार के जिला नवादा के मूल निवासी सिंटू कुमार अपने पिता पांगो महतो, अपनी पत्नी निशा और तीन बच्चों के साथ पिछले कई वर्ष से बहादुरगढ़ के छोटूराम नगर में रहते थे। सिन्टू कुमार सब्जी बेचने का काम करता था और उनका पिता नजदीक की एक फैक्ट्री में काम करते थे। शनिवार की रात सारा परिवार भोजन करके सो गया। रात करीब 1:00 बजे सिन्टू कुमार के पिता की अचानक आंखें खुलीं तो देखा कि धुआं उठ रहा है और घर के एक कमरे में आग लगी हुई है। अंदर उनका बेटा और उसकी पत्नी निशा सो रहे थे। उन्होंने दरवाजा खटखटाया। अंदर से कोई रिपॉन्स नहीं मिला तो वह घबरा गए। वह मकान की छत पर चढ़कर गली में कूद गए और शोर मचाया। बचाओ बचाओ की आवाज सुनकर कुछ ही देर में पड़ोस के लोग भी शोर मौके पर आ गए और बचाव कार्य में लग गए। दरवाजा तोड़ा गया। तब तक सिंटू कुमार और उनकी पत्नी निशा देवी की जिंदा जलने से मौत हो चुकी थी। दूसरे कमरे में सोए तीनों बच्चों की हालत भी दम घुटने से गंभीर थी। बच्चों को निकटवर्ती जीवन ज्योति अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका आईसीयू में इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलने पर लाइन पार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच आरंभ की। फॉरेंसिक विशेषज्ञोंकी टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस के अनुसार आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह अभी साफ तौर पर नहीं कहा जा सकता कि यह हादसा है या किसी की साजिश। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल बहादुरगढ़ भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### जालंधर में 594523 मीट्रिक टन धान की आमद, किसानों को 1267 करोड़ का भुगतान

**जालंधर।** पंजाब में जालंधर के ज़िला उपायुक्त डा. हिमांशु अग्रवाल ने रविवार को धान की चल रही खरीद प्रक्रिया का जायजा लेते हुए कहा कि दो नवंबर तक जिले के किसानों को खरीदी गई फसल का 1267 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। डा.अग्रवाल ने बताया कि शनिवार तक जिले की मंडियों में 594523 टन धान की आमद हुई, जिसमें से 588235 टन फसल विभिन्न खरीद एजेंसियों द्वारा खरीदी जा चुकी है।उन्होंने कहा कि धान खरीद प्रक्रिया को उचित ढंग से चलाने के लिए प्रशासन कोई कमी नहीं छोड़ रहा है और खरीद के साथ-साथ लिफ्टिंग में भी तेजी लाई गई है जिसमें अब तक 214104 टन धान की खरीद की जा चुकी है। उपायुक्त ने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा मंडियों में धान की निर्बाध खरीद, समय पर भुगतान और एक साथ लिफ्टिंग के संबंध में जारी निदेर्शों का पालन करते हुए संबंधित अधिकारी लगातार खरीद प्रक्रिया की निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि खरीद के बाद धान की लिफ्टिंग एक साथ सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को पहले ही निर्देश जारी किए जा चुके है और आने वाले दिनों में फसल की लिफ्टिंग में और अधिक तेजी लाई जाएगी। उन्होंने खरीद प्रबंधों से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारियों को खरीद, लिफ्टिंग, भुगतान के संबंध में जारी दिशा-निदेर्शों का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा ताकि धान खरीद सीजन को उचित ढंग से चलाया जा सके।

### यमुनानगर: कार की टक्कर से एक्टिवा सवार महिला की मौत, बेटा घायल

**यमुनानगर।** थाना प्रताप नगर क्षेत्र में तेज रफ्तार कार ने एक्टिवा सवार मां-बेटे को टक्कर मार दी। दोनों को गंभीर हालत में नागरिक अस्पताल यमुनानगर के ट्रामा सेंटर में दाखिल कराया गया। कार चालक कार सहित मौके से फरार हो गया। घायल महिला की इलाज के दौरान की मौत हो गई, जबकि घायल बेटे का अस्पताल में इलाज जारी है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजन को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी। मृतक महिला की पहचान नंदी देवी (56) निवासी हाइडल कालोनी प्रताप नगर के तौर पर हुई। जबकि घायल युवक की पहचान नरेंद्र के नाम से हुई। रविवार को अधिक जानकारी देते हुए घायल नरेंद्र ने बताया कि वह मां के साथ सुबह नौ बजे के लगभग एक्टिवा पर सवार होकर प्रताप नगर के राधा स्वामी सत्संग घर में सत्संग सुनने के लिए जा रहे थे। जब वें गांव अराईयावाला में वन विभाग की चौकी के पास पहुंचे तो एक तेज रफ्तार सफेद रंग की कार ने उनकी एक्टिवा को टक्कर मार दी। हादसे में नरेंद्र ऊपर हवा में उछल गया और उसके हाथ, कमर और छाती पर चोट लगी और बुरी तरह से लहूलुहान हो गया। वहीं उसकी मां भी एक्टिवा से उछल कर सड़क पर जा गिरी, उसके सिर और नाक मुंह से खून बहने लगा। घायल दोनों मां बेटा को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर में दाखिल कराया गया। प्रताप नगर थाना के जांच अधिकारी तरसेम सिंह ने बताया कि आज दोपहर बारह बजे के करीब घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजन को सौप दिया और कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी।

## सोनीपत: भाजपा ने कभी जातिवाद की राजनीति नहीं की– बड़ौली



**सोनीपत।** प्रदेश में हरियाणा एक, हरियाणवी एक की सोच के साथ भाजपा सरकार समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए काम कर रही है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने रविवार को डूम समाज के प्रतिनिधियों से मुलाकात के दौरान कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में सरकार सबका साथ, सबका विकास की नीति पर आगे बढ़ रही है, जिससे समाज के सभी वर्ग लाभान्वित हो रहे हैं। बड़ौली ने बताया कि भाजपा सरकार हर व्यक्ति को उसकी पात्रता के आधार पर सरकारी योजनाओं का लाभ दे रही है, चाहे वह किसी भी जाति का हो। जात-पात से ऊपर उठकर लोगों के विकास में सकारात्मक योगदान देना ही एक अच्छे राजनेता की पहचान है। रविवार को डूम समाज के लोगों ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष से मिलकर ज्ञापन सौंपा। बड़ौली ने उन्हें डूम समाज के प्रति की गई टिप्पणी के संदर्भ में पूरी स्पष्टता से समझाया, जिसके बाद प्रतिनिधि संतुष्ट दिखाई दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी का उद्देश्य जातिगत राजनीति से ऊपर उठकर सभी को साथ लेकर विकास के पथ पर आगे बढ़ना है। प्रदेशाध्यक्ष ने आगे कहा कि आज हरियाणा में भाजपा सरकार की नीतियों का असर स्पष्ट दिख रहा है। हर वर्ग के लोग सरकार की कार्यशैली से संतुष्ट हैं और राज्य के विकास में योगदान देना चाहते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश के इतिहास में एक मिसाल कायम की है, जिससे तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी। युवाओं को बिना किसी खर्च या सिफारिश के उनकी योग्यता के आधार पर नौकरी मिल रही है, जिससे गरीब परिवार के बच्चे भी सरकारी नौकरी पा सकते हैं और अपने परिवार को बेहतर जीवन दे सकते हैं।

## सोनीपत: भाषाई अनेकता संगीत व संस्कृति से सशक्त: कुलपति

- डीसीआरयूएसटी में रूहदाद-ए-मोहब्बत सांस्कृतिक विविधता को जोड़ता है संगीत
- संगीत विभिन्न समुदायों की आत्मा को जोड़ता है: डीन प्रो.सेंगर

**सोनीपत।** दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीसीआरयूएसटी), मुरथल में आयोजित सूफी संगीत संध्या रूहदाद-ए- मोहब्बत ने सूफी संगीत की गूंज से श्रोताओं को मोह लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एस.पी. सिंह ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में एकता और विविधता का अनोखा संगम है, जिसे संगीत और संस्कृति के माध्यम से सशक्त किया जा सकता है। उन्होंने इस प्रकार के आयोजनों से क्षेत्रीय और भाषाई विभाजन को पाटने की शक्ति पर जोर दिया।

कार्यक्रम का आयोजन एक भारत श्रेष्ठ भारत (ईबीएसबी) क्लब द्वारा किया गया, जो भारत की सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने और आगे बढ़ाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों के अंतर्गत आता है। इस अवसर पर नेताजी सुभाष प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली की डीन प्रो. सुजाता सेंगर भी मौजूद थीं। उन्होंने भारत की सांस्कृतिक विविधता का महत्व बताया और कहा कि संगीत विभिन्न समुदायों को एक आत्मा में जोड़ता है। शनिवार की शाम के कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई। डीसीआरयूएसटी के कुलपति प्रो. सिंह ने इस तरह के आयोजनों को भविष्य में भी जारी रखने का संकल्प जताया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों में टीम भावना, प्रबंधन कौशल और सकारात्मकता का संचार करते हैं। प्रो. सेंगर ने भी संगीत को एकता का माध्यम बताया और कलाकारों की तारीफ की। गूंज म्यूजिकल सोसाइटी के कलाकारों ने कार्यक्रम में सूफी गीतों का मनमोहक प्रदर्शन किया। कुछ प्रमुख प्रस्तुतियों में मृदुल का बिना माही किवे, भार्गवी का ये तूने क्या किया और अक्षय और विपुल का सांसों की माला शामिल रहे, जो श्रोताओं को सूफी संगीत के गहरे भाव में ले गए। कार्यक्रम का समापन भारत माता की जयकारों और राष्ट्रगान के साथ हुआ। यह संगीतमय संध्या डीसीआरयूएसटी की सांस्कृतिक विविधता और एकता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक बन गई। आयोजन में विश्वविद्यालय के 2000 से अधिक छात्र-छात्राओं और फैकल्टी ने भाग लिया, जिन्होंने सांस्कृतिक एकता का एक नया अनुभव पाया। शैक्षणिक अधिष्ठाता और ईबीएसबी नोडल अधिकारी; प्रो. रजनी शुक्ला, वरिष्ठ संकाय सदस्य प्रो. विजय शर्मा, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. सुरेश वर्मा, अकादमिक मामलों की डीन; प्रॉक्टर; प्रो. परविंदर सिंह, डीन कंप्यूटर विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी प्रो. सुखदीप सिंह,प्रो. सुमन सांगवान, एनएसएस समन्वयक; प्रो. सुमन गुलिया,प्रो. अंजू, सांस्कृतिक समन्वयक; डॉ. मनीषा, डा.स्नेह, और कई अन्य शामिल रहे।

## पीजीआई कर्मचारियों ने जयहिंद सेना प्रमुख से लगाई मदद की गुहार, ठेकेदार पर वेतन नहीं देने का आरोप

- जयहिंद ने दी चेतावनी 12 नवंबर तक कर्मचारियों की समस्या का सरकार करे समाधान, अन्यथा आंदोलन करने पर होगे मजबूर



**रोहतक।** पीजीआईएमएस में अलग-अलग पदों पर कार्यरत सैकड़ों कच्चे कर्मचारी रविवार को सेक्टर छह में जयहिंद सेना प्रमुख नवीन के पास पहुंचे और अपनी समस्या से अवगत कराते हुए मदद की गुहार लगाई। कर्मचारियों ने बताया कि सरकार ने हरियाणा में ठेका प्रथा बंद करने की घोषणा की हुई है और सरकार द्वारा अब एचकेआरएन के तहत सभी विभागों में भर्ती किया जा रहा है, लेकिन जिस कंपनी ने पीजीआई में ठेका लिया हुआ है उस कंपनी के द्वारा सैकड़ों कर्मचारियों का शोषण किया जा रहा है।

कर्मचारियों ने बताया कि जयहिंद सेना प्रमुख नवीन को बताया कि एचकेआरएन के तहत कर्मचारियों को ज्यादा सैलरी दी जा रही है जबकि ठेकदार के द्वारा उन्हें कम सैलरी दी जा रही है, जिससे ठेकदार द्वारा करोड़ो रु का घोटाला किया जा रहा है और उनकी कई महीनों की सैलरी भी बकाया है, जो ठेकदार द्वारा नहीं दी जा रही है। जयहिंद सेना प्रमुख ने कर्मचारियों को हर संभव मदद का आश्वासन देते हुए 12 नवंबर तक सरकार को अल्टीमेटम दिया और कि अगर कर्मचारियों की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो जयहिंद सेना आंदोलन करने पर मजबूर होगी। साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री आरती राव और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से अपील की कि वह तुरंत इस मामले में संज्ञान लेते हुए कर्मचारियों की समस्या का समाधान करे। उन्होंने विपक्ष के नेताओं से भी कर्मचारियों की हितों के लिए आवाज उठाने की अपील की।

## एक नजर

### कटरा-धनौर में अग्नि पीड़ित परिवारों को आपदा सहायता चेक का वितरण



**मुजफ्फरपुर,संवाददाता।** कटरा प्रखंड झ धनौर पंचायत में हाल ही में हुए आगजनी में अपने घर खो चुके पीड़ित परिवारों के बीच रविवार को आपदा सहायता चेक का वितरण किया गया। कटरा के अंचलाधिकारी ने जियन सहनी, गराती सहनी, रामलखन सहनी और सुभद्रा देवी को क्षतिपूर्ति हेतु चेक सौंपा। इस अवसर पर जिला पार्षद राजीव कुमार, मंडल अध्यक्ष अमित शर्मा, किसान नेता नीरज नयन, जिला मंत्री भाजपा रामश्रेष्ठ सहनी, लोजपा प्रखंड अध्यक्ष विक्रम चौधरी, निषाद संघर्ष मोर्चा के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र सहनी सहित अन्य कार्यकर्ता एवं स्थानीय ग्रामीण भी उपस्थित थे। सभी ने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और उन्हें जल्द पुनर्वास में सहयोग का आश्वासन दिया।

### अग्नि पीड़ितों को राहत सामग्री वितरित

☐पूर्व मंत्री ने जताई सरकारी सहायता में देरी पर नाराजगी



**मड़वन,संवाददाता।** राज्य के पूर्व मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अजीत कुमार ने रविवार को भटौना मल्लाह टोली के अग्नि पीड़ित परिवारों के बीच राहत सामग्री का वितरण किया। उन्होंने तीन दिन बाद भी सरकारी सहायता न पहुंचने पर चिंता व्यक्त की। पूर्व मंत्री ने मौके पर अंचलाधिकारी से बात कर 24 घंटे के भीतर सरकारी राहत प्रदान करने का निर्देश दिया। ज्ञात हो कि दीपावली की रात भटौना के सहनी टोला में आग लगने से मुन्ना सहनी, सुरेश सहनी सहित कई परिवारों की झोपड़ियां जलकर राख हो गई थीं, जिसमें कई मवेशी भी हताहत हुए थे। छठ महापर्व को देखते हुए अजीत कुमार ने प्रभावित परिवारों के बीच साड़ी, धोती, लूंगी, कंबल और चावल जैसी आवश्यक वस्तुओं का वितरण किया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद शमीम, अर्जुन सहनी और अन्य स्थानीय लोग भी मौजूद थे।

### एनटीपीसी लारा में आयोजित पब्लिक स्पीकिंग और थिएटर कार्यशाला का समापन




**रायगढ़।** एनटीपीसी लारा में आयोजित पब्लिक स्पीकिंग और थिएटर कार्यशाला का समापन 3 नवंबर रविवार को केलो भवन, एनटीपीसी लारा में छात्रों के शानदार प्रदर्शन के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनटीपीसी लारा के कार्यकारी निदेशक अनिल कुमार और प्रेरित महिला समिति की अध्यक्षा, अनुराधा शर्मा की गरिमामय उपास्थिती के साथ हुआ। एनटीपीसी लारा के सहयोगी गांवों की बेहतरी के लिए कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत एनटीपीसी लारा द्वारा 29 अक्टूबर से 3 नवंबर 2024 तक पब्लिक स्पीकिंग और थिएटर पर कार्यशाला का आयोजन किया गया था। पब्लिक स्पीकिंग और संचार पर कौशल विकसित करने, आत्मविश्वास, रचनात्मकता को बढ़ावा देने और रंगमंच और प्रदर्शन के संपर्क को बढ़ाने के उद्देश्य से इस छह दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इसमें सहयोगी गांवों के कुल पचास छात्रों ने भाग लिया और बेहतर संचार, नृत्य और नाटक पर कौशल सीखे। इस अवसर पर बोलते हुए अनिल कुमार, कार्यकारी निदेशक (एनटीपीसी लारा) ने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना की बच्चों को प्रेरित करते हुए अनुराधा शर्मा, अध्यक्ष (प्रेरिता महिला समिति) ने बच्चों को बड़े सपने देखने और उन्हें हासिल करने का प्रयास करने की सलाह दी। एनटीपीसी लारा एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट के रूप में हमेशा उनके समर्थन में है। कार्यक्रम के अंत में बच्चों ने नृत्य और नाटक पर शानदार प्रदर्शन कर-के इस कार्यशाला में सिखाए गए कौशल को प्रदर्शित किया। समापन समारोह में सभी बच्चों को गणमान्य व्यक्तियों द्वारा प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। अन्य गणमान्य व्यक्तियों में आशुतोष सत्पथी, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), रविशंकर, महाप्रबंधक (परियोजना), जाकिर खान, अपर महाप्रबन्धक (मानव संसाधन), नैगम सामाजिक दायित्व झसामुदायिक विकास विभाग के कर्मचारी, प्रेरिता महिला समिति के पदाधिकारी और बच्चों के अभिभावक उपस्थित थे

### 3 दिनों में आपातकालीन सेवा 108 एम्बुलेंस को 15 हजार से अधिक कॉल मिले

**अहमदाबाद।** दिवाली से लेकर नए वर्ष के कुल तीन दिनों में राज्य के आपातकालीन सेवा 108 एम्बुलेंस को 15 हजार 179 कॉल आए। दिवाली के त्योहार को लेकर एम्बुलेंस सेवा की ओर से एक्शन प्लान बनाया गया था। इसके तहत किसी तरह की दुर्घटना को लेकर सभी क्षेत्रों में एम्बुलेंस सेवा को स्टैंडबाय रखा गया था। 31 अक्टूबर से लेकर 2 नवंबर तक यानी तीन दिन में रोजाना औसत 5060 कॉल किए गए। यह आम दिनों की तुलना में 12.34 फीसदी अधिक रहा। आम दिनों में रोजाना औसत 4504 कॉल आते हैं। राज्य की आपातकालीन सेवा 108 एम्बुलेंस के अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार पिछले तीन दिनों के दौरान झुलसने के कुल 102 कॉल किए गए। इसमें 38 कॉल दिवाली के दिन, 40 कॉल दिवाली के एक दिन बाद और नए वर्ष पर 24 कॉल किए गए। झुलसने का रोजाना औसत 34 कॉल आपातकालीन सेवा 108 एम्बुलेंस को किए गए। सामान्य दिनों में औसत 4 कॉल आते हैं। परंतु तीन दिनों के दौरान झुलसने के कॉल में 750 फीसदी बढोतरी रही। अहमदाबाद, सूरत, भरुच और राजकोट में झुलसने के सर्वाधिक केस आए। इसके अलावा शारीरिकघात के 988 कॉल आए। इसमें दिवाली की रात 323, दूसरे दिन 1 नवंबर को 381 और नए साल पर 284 कॉल किए गए। सामान्य दिनों में इसकी संख्या औसत 144 कॉल रोजाना होती है। यानी तीन दिन में औसत 329 केस आए। यानी कि 128.7 फीसदी बढोतरी देखी गई।

# बिहार के स्कूलों में अब 'हाईटेक' होगी हाजिरी

## 'टैबलेट' से चेहरा स्कैनिंग –जानिए आपके बच्चों के लिए क्या है खास?



**पटना,संवाददाता।** बिहार में एक जनवरी से सरकारी स्कूलों में बच्चों की हाजिरी डिजिटल तरीके से ली जाएगी। इसके लिए ह्रई-शिक्षाकोषह्व पोर्टल का इस्तेमाल होगा। इस पोर्टल पर बच्चों के चेहरे को स्कैन करके हाजिरी लगेगी। शिक्षा विभाग के अनुसार इस तकनीक का ट्रायल सफल रहा है। उन्होंने कहा कि इसका ट्रायल कर लिया गया है, जो पूरी तरह सफल रहा है। जल्द ही स्कूलों में टैबलेट भी दिए जाएँगे और शिक्षकों को ट्रेनिंग भी दी जाएगी। टैबलेट से बच्चों की फोटो भी ली जाएगी ताकि फर्जी हाजिरी पर रोक लग सके।

इसके अलावा, पहली कक्षा से ही बच्चों को बिहार की स्थानीय भाषाओं जैसे भोजपुरी, मगही, अंगिका और मैथिली में पढ़ाई कराई जाएगी। एक से आठ कक्षा तक के बच्चों को बिहार की स्थानीय भाषाओं मसलन मगही, भोजपुरी, अंगिका और मैथिली में पढ़ाई करायी जायेगी, ताकि बच्चे अपनी बोलचाल की भाषा में सीख सके। नौवीं से बारहवीं कक्षा तक हिंदी के साथ-साथ अंग्रेजी भाषा को भी बढ़ावा दिया जाएगा। दोनों भाषाओं में किताबें उपलब्ध कराई जाएंगी। अंग्रेजी माध्यम की किताबें स्कूल की लाइब्रेरी में रखी जाएंगी। शिक्षकों को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे कक्षा में हिंदी के बाद अंग्रेजी में भी समझाएं। शिक्षा विभाग जल्द ही आठवीं कक्षा से गणित और विज्ञान विषय में ओलंपियाड कराएगा ताकि बच्चों की प्रतिभा को निखारा जा सके। शिक्षकों की ट्रेनिंग अब जिलों में ही कराई जाएगी। स्कूलों में अतिरिक्त कक्षाओं का निर्माण मार्च 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य है।


मिडिल और प्लस टू स्कूलों के शिक्षकों को अब गैर-शैक्षणिक कार्यों से मुक्ति मिलेगी। मिडिल और प्लस टू स्कूलों में शिक्षक गैर शैक्षणिक कार्य नहीं करेंगे। वे प पर ही फोकस करेंगे। इसके लिए 6200 लिपिक और विद्या सहायकों की नियुक्ति की प्रक्रिया जल्द ही शुरू होगी। शिक्षा विभाग की ओर से जारी किए गए सभी आदेशों, निदेशों और मार्गदर्शिका की प्रति शिक्षकों को पीडीएफ फॉर्मेट में उपलब्ध कराई जाएगी ताकि किसी भी प्रकार का भ्रम न रहे।

## बांग्लादेश: खराब हालात के कारण विदेश यात्रा में भारी गिरावट, पर्यटन उद्योग को बड़ा झटका

**ढाका।** शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के बाद बांग्लादेश के खराब हालात और भारत के साथ उसके संबंधों की कड़वाहट का वहां के पर्यटन उद्योग पर गहरा असर पड़ा है। वहां की स्थिति को देखते हुए विदेशी पर्यटक आ नहीं रहे हैं, ऊपर से भारत सहित कई देशों ने वीजा नियमों में जो सख्ती की, उसका असर यह हुआ कि विदेशों की यात्रा करने वाले बांग्लादेशी यात्रियों की संख्या अचानक बहुत नीचे आ गई। इससे देश के टूर ऑपरेटर खासे निराश हैं और सरकार से जल्द इसका रास्ता निकालने की अपील कर रहे हैं। बांग्लादेश के प्रमुख समाचार पत्र प्रोथोम आलो ने 123 आउटबाउंड टूर ऑपरेटरों के मंच, बांग्लादेश आउटबाउंड टूर ऑपरेटर्स फोरम के हवाले से बताया है कि टूर ऑपरेटरों का 80 प्रतिशत व्यवसाय विदेश यात्रा करने वाले पर्यटकों से आता है। बांग्लादेशियों के लिए भारत में वीजा पर प्रतिबंध लगा दिया गया है, जिससे सबसे करीबी और पर्यटकों में लोकप्रिय भारत जाने वाले यात्रियों की संख्या में अचानक बहुत कमी हो गई। इसके साथ कई अन्य देश बांग्लादेश के राजनीतिक हालात को देखते हुए सख्त वीजा नियमों को जारी रखे हुए हैं। जिससे विमानन और पर्यटन व्यवसाय गिरावट के दौर से जूझ रहा है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि बांग्लादेश में सरकार बदलने के बाद भारत ने आपातकालीन चिकित्सा वीजा को छोड़कर बांग्लादेश को वीजा जारी करना बंद कर दिया है। जबकि संयुक्त अरब अमीरात भी पर्यटक वीजा जारी नहीं कर रहा है। थाईलैंड, सिंगापुर, इंडोनेशिया और फिलीपींस देरी से वीजा जारी करते हैं। इसके अलावा, बदले हालात के कारण व्यवसायियों और आम यात्रियों ने भी विदेश यात्राओं में कटौती की है। जिसके चलते स्थानीय पर्यटकों की विदेशी यात्राओं में 75-80 प्रतिशत की गिरावट आई है। बांग्लादेश से भारत पहुंचने वाले पर्यटकों का आंकड़ा देते हुए बताया गया है कि 2019 में बांग्लादेश से रिकॉर्ड 2.58 मिलियन पर्यटक भारत पहुंचे लेकिन कोरोनोवायरस महामारी के कारण इसमें गिरावट आई। साल 2022 में एक बार फिर इसमें वृद्धि शुरू हो गई।

भारतीय पर्यटन मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 2022 में बांग्लादेश से 1.28 मिलियन पर्यटक भारत पहुंचे और उनमें से 22 प्रतिशत ने हवाई मार्ग का इस्तेमाल किया, जबकि शेष ने सड़क मार्ग से यात्रा की। उन पर्यटकों में से 64.8 प्रतिशत यात्रा के उद्देश्य से, 25.5 प्रतिशत उपचार के लिए और 4.5 प्रतिशत व्यवसाय और नौकरी के उद्देश्य से भारत पहुंचे। 2024 में कुल 2.20 मिलियन बांग्लादेशियों ने भारत का दौरा किया। 2024 के जनवरी-जून में विभिन्न देशों से लगभग 4.78 मिलियन पर्यटकों ने भारत की यात्रा की, जिसमें सबसे अधिक 21.55 प्रतिशत बांग्लादेशी थे। बांग्लादेश आउटबाउंड टूर ऑपरेटर्स फोरम के अध्यक्ष चौधरी हसनुज्जमां के मुताबिक पर्यटन क्षेत्र को कोरोनोवायरस महामारी के बाद से लगातार नई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। कारोबार की स्थिति बेहद खराब है। भारतीय वीजा प्रक्रिया कब नियमित होगी, यह कोई नहीं जानता। उन्होंने कहा कि सरकार को पर्यटन क्षेत्र को बचाने के लिए आगे आना चाहिए।



## पूर्व मंत्री गुरजंटसिंह बराड़ का निधन, 1993 में मंत्री रहे

**श्रीगंगानगर।** भाजपा के कद्दावर नेता और पूर्व मंत्री गुरजंटसिंह बराड़ का रविवार शाम उनके पैतृक गांव पांच एलएनपी में निधन हो गया। वे 90 साल के थे। बराड़ दो बार संगरिया और एक बार सादुलशहर विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे हैं। वर्तमान में उनके पोते गुरवीरसिंह बराड़ सादुलशहर विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं।

बराड़ ने गांव पांच एलएनपी स्थित अपने पैतृक आवास पर अंतिम सांस ली। वे पिछले काफी समय से बीमार थे। बराड़ ने राजनीतिक जीवन की शुरूआत 1977 में की। इस दौरान वे कृषि उपज मंडी समिति अध्यक्ष और सादुलशहर पंचायत समिति के प्रधान रहे। उन्होंने 1993 में पहली बार चुनाव जीता और निर्दलीय विधायक चुने गए। इस वर्ष राज्य में भैरोंसिंह शेखावत के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनी थी। इस सरकार में बराड़ को सिंचाई मंत्री की जिम्मेदारी दी गई। बराड़ ने इस दौरान प्रदेश के किसानों से जुड़े कई मुद्दे विधानसभा में उठाए। उन्हें भाजपा का सिख चेहरा माना जाता रहा है। इसके बाद वे वर्ष 2003 में संगरिया और वर्ष 2013 में सादुलशहर से भाजपा विधायक चुने गए। बराड़ परिवार के राजनीतिक महत्व को देखते हुए वर्ष 2018 और 2023 में भाजपा ने उनके पोते गुरवीरसिंह बराड़ को टिकट दी। गुरवीर बराड़ ने 2023 के विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज की। गुरवीरसिंह बराड़ वर्तमान में सादुलशहर से भाजपा विधायक हैं। पूर्व मंत्री गुरजंटसिंह बराड़ का अंतिम संस्कार सोमवार को उनके पैतृक गांव पांच एलएनपी में होगा। इससे पहले शव को उनके गांव पांच एलएनपी में उनके आवास पर दर्शनार्थ रखा गया है। बराड़ के निधन की सूचना मिलने के साथ उनके गांव पांच एलएनपी स्थित आवास पर समर्थकों और भाजपा कार्यकताओं के पहुंचने का क्रम शुरू हो गया। मुख्यमंत्री ने बराड़ के निधन पर लिखा कि सादुलशहर विधायक गुरवीर सिंह बराड़ के दादा, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व कृषि राज्य मंत्री सरदार गुरजंट सिंह बराड़ का निधन अत्यंत दुःखद है। प्रभु दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिवारजनों को यह अपार दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।ओम शांति। पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ सतीश पूनियां ने सोशल मीडिया पर उन्हें श्रद्धाजंलि दी। उन्होंने लिखा कि सरदार गुरजंट सिंह का निधन पार्टी परिवार ही नहीं वरन प्रदेश की राजनीति के लिए भी एक अपूरणीय क्षति है, मेरे प्रति उनका व्यक्तिगत स्नेह हमेशा स्मृतियों में रहेगा,सरदार साहब को मैं विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

## राज्योत्सव के जिलास्तरीय कार्यक्रम में दिखेगी विभागों की प्रदर्शनी

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर राज्योत्सव का एक दिवसीय जिलास्तरीय कार्यक्रम कल पांच नवंबर को डा शोभाराम देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल के एकलव्य खेल मैदान में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल में कृषि, उद्यानिकी, पशु चिकित्सा विभाग, मत्स्य विभाग, उद्योग, जिला पंचायत, महिला एवं बाल विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, वन विभाग, खाद्य विभाग, श्रम विभाग, परिवहन विभाग, स्कूल शिक्षा और समाज कल्याण विभाग द्वारा विभाग के विशेष उपलब्धियों एवं राज्य शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं एवं सफल परियोजनाओं का प्रदर्शनी लगाया जाएगा। कलेक्टर ने राज्योत्सव 2024 के सफल एवं सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के दृष्टिकोण से अधिकारियों को दायित्व सौंपा है। उन्होंने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को राज्योत्सव 2024 का नोडल अधिकारी नियुक्त किया है तथा कलाकारों के लिए प्रशस्ति पत्र वितरण, समय पूर्व मोमेंटो, स्मृति चिन्ह इत्यादि के नमूना कलेक्टर के अनुमोदन उपरांत पर्याप्त संख्या में रखने की जिम्मेदारी दी गई है। कार्यक्रम में सुरक्षा एवं यातायात की जिम्मेदारी पुलिस अधीक्षक की होगी, वहीं बेरिकेटिंग के लिए बांस-बल्ली की व्यवस्था वनमण्डलाधिकारी द्वारा की जाएगी। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी को आमंत्रण पत्र प्रारूप तैयार करने और कानून व्यवस्था के लिए ड्यूटी लगाने, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व धमतरी और तहसीलदार धमतरी को सहायक नोडल अधिकारी सहित बैठक व्यवस्था और आमंत्रण पत्र वितरण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी तरह आयुक्त नगरनिगम, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग संभाग धमतरी को मंच व्यवस्था, बेरिकेंटिंग, बैठक, स्टेज निर्माण, लेआउट विभागीय प्रदर्शनी हेतु पंडाल व्यवस्था का दायित्व सौंपा गया। विद्युत विभाग को नियमित विद्युत आपूर्ति, जनरेटर और साउंड सिस्टम की व्यवस्था, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग एवं कार्यपालन अभियंता प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना धमतरी को स्थानीय कलाकारों की व्यवस्था, जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला मिशन समन्वयक राजीव गांधी शिक्षा मिशन को मंच संचालन हेतु उद्घोषक की व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई।

## नेपाल का भैरहवा अंतरराष्ट्रीय विमानस्थल फिर शुरू हुआ, सिर्फ 7500 रुपये में बैंकाक का सफर

**काठमांडू।** नेपाल के दूसरे अंतराष्ट्रीय विमानस्थल का रविवार से फिर संचालन शुरू किया गया है। भगवान गौतम बुद्ध की जन्मस्थली लुंबिनी के पास निर्मित गौतम बुद्ध अंतराष्ट्रीय विमानस्थल पर आज बैंकाक की पहली फ्लाइट ने लैंडिंग की। इस विमानस्थल के पुनः संचालन होने पर प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने प्रसन्नता जाहिर की है। ओली ने विश्वास व्यक्त किया है कि भैरहवा की तरह जल्द ही पोखरा विमानस्थल का नियमित संचालन भी शुरू किया जायेगा।

अपने निर्माण के दो साल बाद एक बार फिर से संचालन में लाए गए भैरहवा विमानस्थल पर रविवार को थाई एयर एशिया विमान की लैंडिंग से शुरूआत हुई है। करीब एक वर्ष पहले भी जब पहली बार भैरहवा एयरपोर्ट का संचालन किया गया था तो उस समय भी इसी एयरलाइंस ने शुरूआत की थी। विमानस्थल के प्रवक्ता विनोद सिंह रावत ने बताया कि यात्रियों की कमी की वजह से एयर एशिया सहित वहां से उड़ान भरने वाले जजीरा एयर की उड़ान भी बंद हो गई। रावत ने कहा कि आज थाई एयर एशिया के विमान से बैंकाक से एक भी यात्री नहीं आया, जबकि इधर से सिर्फ 17 यात्रियों को लेकर विमान ने उड़ान भरी। भैरहवा से बैंकाक तक का किराया सिर्फ 7500 भारतीय रुपये में रखा गया है। भारत के किसी भी शहर से बैंकाक का किराया 10 हजार से लेकर 15 हजार रुपये तक है। भारत के सीमावर्ती शहर भैरहवा में यह एयरपोर्ट रहने के कारण भी किराया कम रखा गया है। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर से सिर्फ एक घंटे की दूरी पर इस विमानस्थल से बैंकाक जाने जाने के लिए 7500 रुपये किराया है।




# मंत्री अशोक सिंघल की उपस्थिति में 'भाषा गौरव सप्ताह' का शुभारंभ

**बरपेटा (असम)।** असमिया भाषा को शास्त्रीय भाषा के रूप में प्राप्त ऐतिहासिक मान्यता के उत्सव स्वरूप, राज्य सरकार के आयोजन में 'भाषा गौरव सप्ताह' का राज्य भर में उत्सव मनाया जा रहा है। बरपेटा जिले में केंद्रीय आयोजन में आज असम सरकार के गृह निर्माण, शहरी विकास एवं जलसंचयन विभाग के मंत्री अशोक सिंघल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।

अपने संबोधन में, मंत्री सिंघल ने तीसरी और चौथी सदी से वर्तमान तक असमिया भाषा के विकास और संरक्षण में योगदान देने वाले महापुरुषों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि असमिया भाषा का विकास प्राचीन काल से आधुनिक युग तक निरंतर होता रहा है। इसे शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिलाने में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उन्होंने आभार व्यक्त किया। राज्य की ओर से, एक लाख पत्रों के माध्यम से प्रधानमंत्री को धन्यवाद भेजने का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया। सिंघल ने बताया कि असमिया भाषा का विकास तीसरी सदी के पूर्व से ही शुरू हुआ और यह समय के साथ निरंतर आगे बढ़ती रही। उन्होंने 'श्रीकृष्ण कीर्तन', हेम सरस्वती का 'प्रह्लाद चरित्र', माधव कंदली की 'रामायण' तथा शंकरदेव-माधवदेव के 'कीर्तन-नामघोषा' जैसी रचनाओं से लेकर 'अरुणोदय', 'जोनाकी' और 'रामधेनु' जैसी साहित्यिक कृतियों के माध्यम से असमिया भाषा ने अपना वर्तमान स्वरूप प्राप्त किया है। उन्होंने उन्नीसवीं सदी के आरंभ में श्रीरामपुर में प्रकाशित 'धर्मपुस्तक' का भी उल्लेख किया, जिसमें पहली बार असमिया लिपि का आधुनिक रूप देखा गया। सिंघल ने विशेष रूप से सोशल मीडिया पर शुद्ध असमिया भाषा के उपयोग का आह्वान करते हुए रोमन लिपि में असमिया लिखने की प्रवृत्ति से बचने की बात की। असमिया को वैश्विक भाषा बनाने के लिए यूनिकोड में लिखना अनिवार्य बताते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान में यह ह्लबंगाली और असमियाह्व लिपि के अंतर्गत शामिल है।

उन्होंने भारत सरकार के माध्यम से यूनिकोड कंसोर्टियम में असमिया के लिए अलग कोड चार्ट की मांग का भी आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि गूगल अनुवाद और माइक्रोसॉफ्ट बिंग में असमिया भाषा का समावेश हो चुका है, किंतु इंटरनेट पर असमिया सामग्री अन्य भारतीय भाषाओं की तुलना में अभी भी कम है। उन्होंने इंटरनेट पर असमिया सामग्री बढ़ाने हेतु असमिया वेबसाइट, ब्लॉग और सोशल मीडिया पर लेखन करने की आवश्यकता पर जोर दिया। असमिया भाषा के साथ अन्य स्थानीय भाषाओं को भी वैश्विक मंच पर ले जाने हेतु सभी को एकजुट होकर प्रयास करने का आह्वान किया।

बरपेटा की सांस्कृतिक धरोहर का जिक्र करते हुए, मंत्री सिंघल ने महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव, माधवदेव और हरिदेव के योगदान को याद किया। उन्होंने डॉ. बाणीकांत काकोती का भी विशेष उल्लेख किया, जिनकी शोध पुस्तक 'असमियाः इसका निर्माण और विकास' ने असमिया भाषा की स्वतंत्रता को स्थापित किया। कठिन समय में असमिया भाषा की स्वतंत्रता स्थापित करने के लिए काकोती के योगदान का उन्होंने विशेष रूप से स्मरण किया। अंत में, बरपेटा जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के चार साहित्यकार - अक्षय कुमार मिश्रा, निरुपमा मिश्रा, डॉ. हरेन चौधरी और हिरण सैकिया लहकर को सम्मानित किया गया। जिला पुस्तकालय सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के आयुक्त रोहन कुमार झा ने स्वागत भाषण दिया।



# वैश्विक रुख का बाजार पर रहेगा असर



**मुंबई, एजेंसी।** मध्य-पश्चिम में तनाव कम होने, भारत-चीन संबंधों में सुधार की उम्मीद, कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) के मजबूत निवेश प्रवाह की बदौलत बीते सप्ताह करीब आधे प्रतिशत की तेजी में रहे सेंसेक्स और निफ्टी पर अगले सप्ताह वैश्विक रुख का असर रहेगा।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 321.83 अंक अर्थात 0.4 प्रतिशत की तेजी के साथ सप्ताहांत पर 79724.12 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 123.55 अंक यानी 0.51 प्रतिशत उछलकर 24304.35 अंक पर बंद हुआ।

समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों के मुकाबले मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में अधिक लिवाली हुई। इससे मिडकैप 831.6 अंक अर्थात 1.82 प्रतिशत मजबूत होकर सप्ताहांत पर 46284.43 अंक और स्मॉलकैप 3286.94 अंक यानी 6.3 प्रतिशत की छलांग लगाकर 55622.60 अंक हो गया।

विश्लेषकों के अनुसार, घरेलू बाजार ने बीते सप्ताह त्योहारी सीजन के साथ सकारात्मक बदलाव के शुरूआती संकेत दिखाए। डीआईआई के लगातार जारी निवेश और अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से इस तेजी को बल मिला। मध्य-पश्चिम में तनाव कम होने और भारत-चीन संबंधों में सुधार की उम्मीदों से बाजार की धारणा और मजबूत हुई।

इसके अलावा सितंबर के लिए कोर इंफ्रास्ट्रक्चर आउटपुट आंकड़ों में सुधार ने इंफ्रा और कैपिटल गुड्स शेयरों को समर्थन प्रदान किया। हाल ही में तेज सुधार के बाद मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में सौदेबाजी देखी गई। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में भी निचले स्तरों पर कुछ खरीददारी हुई।

वहीं, कंपनियों के चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के सुस्त नतीजे और संभावित आय कटौती पर चिंताओं के दबाव में मंदी की भावना के कारण बाजार में सुधार अल्पकालिक था। वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही में सरकारी खर्च में सुस्ती रही। हालांकि दूसरी छमाही में तेजी की उम्मीद है लेकिन वर्ष के लिए समग्र विकास मध्यम रहने की संभावना है।

चीन की ओर सामरिक बदलाव के कारण एफआईआई द्वारा आक्रामक बिक्री ने घरेलू बाजार की अपील को प्रभावित किया है, जो पहले से ही कंपनियों की कमजोर आय और प्रीमियम मूल्यांकन से प्रभावित था। एफआईआई के रुख में किसी भी बदलाव के लिए घरेलू कॉर्पोरेट आय में सुधार और उचित मूल्यांकन को हासिल करने की जरूरत होगी। हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव और फेडरल रिजर्व की अगली बैठक में ब्याज दर निर्णय से पहले बाजार भी मजबूत हो रहे हैं।

बीते सप्ताह शेयर बाजार में तीन दिन तेजी जबकि दो दिन गिरावट रही। एशियाई बाजारों की तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर धातु, रियल्टी, कमोडिटीज, हेल्थकेयर और दूरसंचार समेत सत्रह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत सोमवार को सेंसेक्स 602.75 अंक की छलांग लगाकर 80,005.04 अंक और निफ्टी 158.35 अंक उछलकर 24,339.15 अंक पर पहुंच गया।

विश्व बाजार की तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर वित्तीय सेवाएं, इंडस्ट्रियल्स, यूटिलिटीज, रियल्टी और बैंकिंग समेत चौदह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत मंगलवार को सेंसेक्स 363.99 अंक की छलांग लगाकर 80,369.03 अंक और निफ्टी 127.70 अंक की तेजी के साथ 24,466.85 अंक पर बंद हुआ।

वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव की अनिश्चितताओं को लेकर विश्व बाजार में आई गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर कंपनियों के कमजोर तिमाही परिणाम से इंफोसिस, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई, एनटीपीसी और टाटा स्टील समेत उन्नीस दिग्गज कंपनियों में हुई बिकवाली से बुधवार को सेंसेक्स 426.85 अंक लुढ़ककर 79,942.18 अंक निफ्टी 126.00 अंक की गिरावट लेकर 24,340.85 अंक पर आ गया।

सोशल नेटवर्किंग साइट फेसबुक की पैतृक कंपनी मेटा प्लेटफॉर्म तथा माइक्रोसॉफ्ट दोनों के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की लागत बढ़ने की चेतावनी देने से विश्व बाजार में आई गिरावट के दबाव के बीच स्थानीय स्तर पर साप्ताहिक वायदा सौदा निपटान के दिन गुरुवार को निवेशकों की आईटी, टेक, सर्विसेज, बैंकिंग और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स समेत तेरह समूहों में हुई बिकवाली से दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स एवं निफ्टी धड़ाम हो गए। सेंसेक्स 553.12 अंक का गोता लगाकर 79,389.06 अंक और निफ्टी 135.50 अंक गिरकर 24,205.35 रह गया।

दीपावली के शुभ अवसर पर शुक्रवार शाम मुहूर्त कारोबार में हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत सेंसेक्स 335.06 अंक की तेजी के साथ 79,724.12 अंक पर पहुंच गया। साथ ही निफ्टी 99.00 अंक की मजबूती के साथ 24,304.35 अंक पर बंद हुआ।

## भारत द्वारा ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए जीवाश्म ईंधनों पर सब्सिडी कम करना सराहनीय कदम : एडीबी




**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) द्वारा भारत की ओर से ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने और इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार करने के लिए जीवाश्म ईंधनों जैसे पेट्रोलियम पर सब्सिडी कम करने और कोयले पर सेस लगाने के कदम की सरहाना की है।

एडीबी की ओर से जारी की गई एशिया-पैसिफिक क्लाइमेट रिपोर्ट के मुताबिक, खुदरा मूल्य, टैक्स की दरें और चुनिंदा पेट्रोलियम उत्पादों पर सब्सिडी जैसे तीन प्रमुख बिंदुओं पर सावधानीपूर्वक संतुलन करके, भारत तेल और गैस क्षेत्र में अपनी राजकोषीय सब्सिडी को 85 प्रतिशत तक कम करने में सक्षम रहा है, जो 2013 के आंकड़े 25 अरब अमेरिकी डॉलर से घटकर 2023 में 3.5 अरब अमेरिकी डॉलर पर आ गई है।

रिपोर्ट में आगे कहा गया कि 2014 से 2017 के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कच्चे तेल की कीमत कम होने के कारण सरकार द्वारा अतिरिक्त कर राजस्व हासिल करने के लिए पेट्रोल और डीजल पर आयात शुल्क बढ़ाया गया था। सरकार द्वारा अतिरिक्त कर राजस्व का उपयोग गरीब लोगों तक एलपीजी सिलेंडर पहुंचाने के लिए किया गया। रिपोर्ट्स में आगे बताया गया कि 2010 से लेकर 2017 तक केंद्र सरकार द्वारा कोयले के उत्पादन और आयात पर सेस लगाया गया।

## शहरी क्षेत्र में मांग घटने से एफएमसीजी कंपनियों के 'मार्जिन' में गिरावट, बढ़ा सकती हैं दाम



**नई दिल्ली, एजेंसी।** रोजमर्रा के उपभोग का सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली देश की प्रमुख कंपनियों के मार्जिन में सितंबर तिमाही में ऊंची उत्पादन लागत तथा खाद्य मुद्रास्फीति की वजह से गिरावट आई है। इससे अंततः शहरी क्षेत्रों में खपत प्रभावित हुई है। एफएमसीजी कंपनियों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले सामान मसलन पाम तेल, कॉफी और कोको के दाम बढ़ गए हैं। ऐसे में अब कुछ एफएमसीजी कंपनियों ने कीमतें बढ़ाने का संकेत दिया है। हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल), गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (जीसीपीएल), मैरिको, आईटीसी और टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (टीसीपीएल) ने शहरी खपत में कमी पर चिंता जताई है। उद्योग विशेषज्ञों के अनुसार, एफएमसीजी क्षेत्र की कुल बिक्री में शहरी खपत की हिस्सेदारी 65-68 प्रतिशत रहती है।

जीसीपीएल के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुधीर सीतापति ने दूसरी तिमाही के नतीजों की घोषणा के मौके पर कहा, 'हमें लगता है कि यह एक अल्पकालिक झटका है और हम विवेकपूर्ण मूल्य वृद्धि और लागत को स्थिर करके मार्जिन को ठीक कर लेंगे।' सिंथोल, गोदरेज नंबर-वन, हिट जैसे उत्पाद बेचने वाली जीसीपीएल ने भारत में तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और उपभोक्ता मांग में कमी के बावजूद एक स्थिर तिमाही प्रदर्शन किया है।

खास बात यह है कि ग्रामीण बाजार, जो पहले पीछे थे, ने शहरी बाजारों की तुलना में अपनी वृद्धि की रफ्तार को कायम रखा है। एक अन्य एफएमसीजी कंपनी डाबर इंडिया ने भी कहा कि सितंबर तिमाही में मांग का माहौल चुनौतीपूर्ण था, जिसमें 'उच्च खाद्य मुद्रास्फीति और शहरी मांग में कमी' शामिल थी। डाबर च्यवनप्राश, पुदीन हरा और रियल जूस बनाने वाली कंपनी ने तिमाही के दौरान एकीकृत शुद्ध लाभ में 17.65 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की है और यह 417.52 करोड़ रुपये रहा है। इस दौरान कंपनी की परिचालन आय 5.46 प्रतिशत घटकर 3,028.59 करोड़ रुपये रही है। हाल ही में, नेस्ले इंडिया के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक सुरेश नारायणन ने भी एफएमसीजी क्षेत्र में गिरावट पर चिंता जताई और कहा कि 'मध्यम खंड' दबाव में है क्योंकि उच्च खाद्य मुद्रास्फीति ने घरेलू बजट को प्रभावित किया है।

खाद्य मुद्रास्फीति में वृद्धि के बारे में नारायणन ने कहा कि फल और सब्जियों तथा तेल की कीमतों में 'तेज उछाल' आया है। उन्होंने कहा, 'अगर कंपनियों के लिए कच्चे माल की लागत का प्रबंधन मुश्किल हो जाएगा तो इससे कीमतों में बढ़ोतरी हो सकती है। जहां तक कॉफी और कोको की कीमतों का सवाल है, हम खुद एक मुश्किल स्थिति का सामना कर रहे हैं।'

नेस्ले इंडिया के पास मैगी, किट कैट और नेस्कैफे जैसे ब्रांड का स्वामित्व है। कंपनी की बिक्री वृद्धि मामूली 1.2 प्रतिशत रही है।

## कीमतें घटने से सितंबर तिमाही में सीमेंट कंपनियों का मुनाफा प्रभावित : रिपोर्ट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश की प्रमुख सीमेंट कंपनियों के 'मार्जिन' में सितंबर तिमाही में गिरावट आई है। इसकी मुख्य वजह कीमत कम होना है, जिससे सीमेंट कंपनियों की प्राप्तियां घटी हैं।

देश की तीन प्रमुख सीमेंट कंपनियों झ्र अल्ट्राटेक सीमेंट, अंबुजा सीमेंट और डालमिया भारत को छोड़कर अन्य मसलन नुवोको विस्टास कॉर्प, जेके सीमेंट, बिड़ला कॉरपोरेशन और हीडलबर्ग सीमेंट सहित अन्य छोटे खिलाड़ियों के मुनाफे और राजस्व में चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में गिरावट आई है।

उद्योग विश्लेषकों का कहना है कि अल्ट्राटेक और अंबुजा सीमेंट्स की बिक्री की मात्रा में वृद्धि मुख्य रूप से दोनों कंपनियों द्वारा कई अधिग्रहणों के कारण हुई है, जिससे उद्योग में उनकी स्थिति और मजबूत हुई है। उद्योग को मानसून के लंबे समय तक रहने, बाढ़ और सरकारी मांग में धीमी वृद्धि जैसी चुनौतियों का भी सामना करना पड़ा, जिससे कुल मिलाकर मांग कमजोर हुई। हालांकि, उद्योग के लिए बिजली, ईंधन और अन्य लागत काफी हद तक स्थिर रहीं।

जून, 2024 में अखिल भारतीय स्तर पर सीमेंट की औसत कीमत लगभग 348 रुपये प्रति 50 किलोग्राम बैग थी। सितंबर में यह सालाना आधार पर 11 प्रतिशत घटकर 330 रुपये प्रति बैग रह गई। हालांकि, मासिक आधार पर इसमें दो प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई।

इक्रा की एक रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही में सीमेंट की कीमतें सालाना आधार पर 10 प्रतिशत घटकर 330 रुपये प्रति बैग रह गईं। एक साल पहले सीमेंट की औसत कीमतें 365 रुपये प्रति बैग और 2022-23 में 375 रुपये प्रति बैग थीं।

अग्रणी सीमेंट निमार्ता अल्ट्राटेक ने सितंबर तिमाही में मात्रा के लिहाज से तीन प्रतिशत की वृद्धि के साथ 68 प्रतिशत क्षमता का उपयोग किया है। हालांकि, जुलाई-सितंबर की अवधि में ग्रे सीमेंट की बिक्री प्राप्ति में सालाना आधार पर 8.4 प्रतिशत और तिमाही आधार पर 2.9 प्रतिशत की गिरावट आई। देश की दूसरी सबसे बड़ी सीमेंट निमार्ता कंपनी अंबुजा सीमेंट्स की सितंबर तिमाही में बिक्री नौ प्रतिशत बढ़कर 1.42 करोड़ टन (एमटी) रही। हालांकि, कंपनी की ब्याज, कर, मूल्यह्रास और परिशोधन (ईबीआईटीडीए) से पूर्व की आय 15 प्रतिशत घटकर 1,074 करोड़ रुपये रही।

## एफपीआई ने अक्टूबर में भारतीय शेयर बाजार से 94,000 करोड़ रुपये निकाले

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने अक्टूबर में भारतीय शेयर बाजार से 94,000 करोड़ रुपये (करीब 11.2 अरब अमेरिकी डॉलर) निकाले हैं। इस तरह यह एफपीआई की निकासी के मामले में सबसे खराब महीना रहा है। घरेलू बाजारों में ऊंचे मूल्यांकन तथा चीन के शेयरों के आकर्षक मूल्यांकन की वजह से एफपीआई भारतीय बाजार में बिकवाल बने हुए हैं।

इससे पहले विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने मार्च, 2020 में शेयरों से 61,973 करोड़ रुपये निकाले थे। एफपीआई ने इस ताजा निकासी से पहले सितंबर में शेयरों में 57,724 करोड़ रुपये डाले थे। यह उनके निवेश का नौ माह का उच्चस्तर था। अप्रैल-मई में 34,252 करोड़ रुपये निकालने के बाद जून से एफपीआई लगातार लिवाल रहे थे।

मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट निदेशक, प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि भविष्य में भू-राजनीतिक घटनाक्रम, ब्याज दरों में उतार-चढ़ाव, चीनी अर्थव्यवस्था में प्रगति और अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के नतीजे जैसे वैश्विक घटनाक्रम भारतीय शेयरों में विदेशी निवेश को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि घरेलू मोर्चे पर मुद्रास्फीति का रुख, कंपनियों के तिमाही नतीजे और त्योहारी मांग के आंकड़ों पर एफपीआई की निगाह रहेगी।

डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने अक्टूबर में 94,017 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की है। पूरे महीने में सिर्फ एक दिन एफपीआई लिवाल रहे हैं। इस तरह 2024 में शेयरों में उनका कुल निवेश घटकर 6,593 करोड़ रुपये रह गया है। एफपीआई की बिकवाली की वजह से प्रमुख सूचकांक अपने शीर्ष स्तर से करीब आठ प्रतिशत नीचे आ गए हैं।

## विदेशों में मजबूती, मांग बढ़ने से बीते सप्ताह तेल-तिलहन कीमतों में सुधार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** विदेशी बाजारों में तेजी और खाद्य तेलों की मांग बढ़ने के कारण देश के खाद्य तेल-तिलहन बाजार में बीते सप्ताह लगभग सभी तेल-तिलहनों के दाम मजबूत बंद हुए। देशी डी-आयल्ड केक (डीओसी) के महंगा होने की वजह से कमजोर निर्यात मांग के कारण सोयाबीन तिलहन के दाम में गिरावट देखने को मिली।

बाजार सूत्रों ने कहा कि विदेशों में बायोडीजल निर्माण में खाद्य तेल-तिलहनों का इस्तेमाल बढ़ने के कारण विदेशों में सीपीओ और सोयाबीन डीगम तेल के दाम निरंतर मजबूत हो रहे हैं। खाद्य तेल-तिलहनों के बढ़ते इस्तेमाल की वजह से विदेशों में डीओसी का उत्पादन बढ़ने लगा है और वहां डीओसी का बाजार टूटा है। ऊंचे भाव के कारण देशी डीओसी की निर्यात मांग निरंतर घटने लगी है। इसी वजह से देश में सोयाबीन फसल न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से कम दाम पर बिक रही है। आयातित तेल से अब भी देशी तेल महंगा है। इसकी वजह से सोयाबीन तेल की मांग प्रभावित हुई है। अगर सरकार को किसानों को उनकी फसल के वाजिब दाम दिलाने हैं तो किसानों को सोयाबीन डीओसी के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए सब्सिडी देनी पड़ेगी।

दूसरी ओर सप्ताहांत के दिनों में विदेशों में खाद्य तेलों के दाम मजबूत होने तथा शिकॉगो एक्सचेंज में मजबूती से सोयाबीन तेल के दाम तेज रहे।

सूत्रों ने कहा कि विदेशों में बाजार तेज होने और घरेलू मांग में सुधार के कारण मूंगफली तेल-तिलहन में मजबूती रही। वैसे राजस्थान जैसे राज्यों में सोयाबीन, सूरजमुखी और मूंगफली तिलहन एमएसपी से नीचे दाम पर बिक रहा है। सरकार के एमएसपी में बढ़ोतरी करने के बाद आयातित तेलों के सामने मूंगफली जैसे खाद्य तेल का बाजार ही नहीं है। इस ओर सरकार को ध्यान देना होगा कि देशी तेल-तिलहनों का बाजार विकसित हो, नहीं तो केवल सरकारी खरीद होने से स्थिति नहीं सुधरेगी।

सूत्रों ने कहा कि यह गलत धारणा है कि खाद्य तेलों के दाम में साधारण वृद्धि से महंगाई बढ़ती है। बल्कि इसके उलट खाद्य तेलों का दाम बांधने के कारण देशी तेल-तिलहनों की पेराई प्रभावित होने से दूध, घी, चिकेन, अंडे आदि के दाम बढ़ते हैं क्योंकि इनका उत्पादन बढ़ाने में तिलहन से प्राप्त होने वाले खल और डीओसी की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। इसके मुकाबले खाद्य तेलों की प्रति व्यक्ति खपत भी बेहद मामूली होती है। यानी खाद्य तेलों के दाम बांधकर हम पैसे बचाते भी हैं तो उससे कहीं अधिक खर्च, दूध, अंडे, घी आदि के महंगे दाम चुकाने के जरिये करना पड़ता है।

सूत्रों ने कहा कि तेल विशेषज्ञ केवल खाद्य तेल की महंगाई को लेकर चिंतित रहते हैं। इन चिंताओं से जहां खाद्य तेलों के दाम बंधे रहे, वहीं तिलहन उत्पादन में गिरावट आती चली गई। मूंगफली, सूरजमुखी, महुआ, तिल आदि तेलों का देशी उत्पादन सिमटता चला गया और मौजूदा स्थिति में हम सूरजमुखी तेल के लिए लगभग आयात पर निर्भर हो चले हैं जबकि 1990 के दशक के उत्तरार्द्ध तक देश इसके लिए आत्मनिर्भर माना जाता था। सरकार को देश में तेल-तिलहन उत्पादन बढ़ाने और इनका बाजार विकसित करने की ओर प्रमुखता से ध्यान देना होगा।

सूत्रों ने कहा कि सरकार को किसानों को उनकी फसल का लाभकारी दाम सुनिश्चित करने का आश्वासन भी देना होगा। आयात शुल्क बढ़ाने या घटाने अथवा तेल संगठनों के साथ बैठक करने से कोई परिणाम निकलता नहीं दिखता। इससे निजात पाने का रास्ता राशन की दुकानों के रास्ते वितरण से या एक विशेष सरकारी पोर्टल पर अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) की नियमित तौर पर उद्घोषणा करना अनिवार्य कर ही निकल सकता है।

सूत्रों ने कहा कि 15 दिसंबर को जिस मिलावटी बिनौला खल का वायदा भाव 3,750 रुपये क्विंटल था वह कपास की नई फसल आने के समय 2900-2950 रुपये क्विंटल कर दिया गया है ताकि किसानों से कपास नरमा औने-पौने भाव में खरीदा जा सके। किसानों को कपास के बेहतर दाम मिलें इसके लिए जरूरी है कि मिलावटी खल के कारोबार के खिलाफ सख्ती की जाये जो तमाम संगठनों और सरकार के कुछ प्रतिनिधियों की चेतावनियों के बावजूद निरंतर फल-फूल रहा है। मिलावटी खल के कारोबार पर रोक लगाये बिना केवल सरकारी खरीद समस्या का समुचित हल नहीं हो सकती क्योंकि इससे बेजुबान मवेशी बीमार होते हैं।

## एक नजर

### आरआईएनएल को 'चलती स्थिति' में बनाए रखने के लिए सरकार ने कंपनी में डाले 1,650 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने परिचालन और वित्तीय मुद्दों से जूझ रही सार्वजनिक क्षेत्र की राष्ट्रीय इस्पात निगम लि. (आरआईएनएल) में करीब 1,650 करोड़ रुपये डाले हैं। एक आधिकारिक दस्तावेज से यह जानकारी मिली है। इस्पात मंत्रालय ने एक नोट में कहा गया है कि सरकार आरआईएनएल को चलती हालत में बनाए रखने के लिए कई उपाय कर रही है। दस्तावेज के अनुसार, 'इस संबंध में भारत सरकार ने 19 सितंबर, 2024 को कंपनी में इक्विटी के रूप 500 करोड़ रुपये डाले हैं। इसके अलावा 27 सितंबर, 2024 को कंपनी को कार्यशील पूंजी की जरूरतों को पूरा करने के लिए 1,140 करोड़ रुपये का कर्ज दिया गया है।' इसमें यह भी कहा गया है कि भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी एसबीआई कैपिटल को आरआईएनएल की व्यवहार्यता पर एक रिपोर्ट तैयार करने का काम सौंपा गया है। इसमें कहा गया है, 'आरआईएनएल गंभीर वित्तीय संकट में है और इस्पात मंत्रालय वित्त मंत्रालय के परामर्श से आरआईएनएल को चालू हालत में बनाए रखने के लिए कई कदम उठा रहा है। इस्पात मंत्रालय के तहत आने वाली आरआईएनएल एक इस्पात निर्माण कंपनी है। आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में इसका 75 लाख टन का संयंत्र है। कंपनी गंभीर वित्तीय और परिचालन से जुड़ी समस्याओं का सामना कर रही है।' आरआईएनएल का कुल बकाया 35,000 करोड़ रुपये से अधिक हो गया है।

### विकास दर बढ़ाने के लिए हर साल एक करोड़ नौकरियों की जरूरत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत को सालाना 6.5 फीसदी की विकास दर बनाए रखने के लिए वित्त वर्ष 2029-30 तक हर साल लगभग एक करोड़ नई नौकरियों की जरूरत होगी। गोल्डमैन सैश की रिपोर्ट के अनुसार, दूसरे और तीसरे स्तर के शहरों में आईटी हब और छोटे शहरों में ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर स्थापित करने से बड़े शहरों पर दबाव कम होगा। इससे कम सेवा वाले क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

**पीएलआई योजनाओं का प्रभाव**

रिपोर्ट के अनुसार, राजकोषीय प्रोत्साहनों को श्रम-प्रधान विनिर्माण क्षेत्रों जैसे कपड़ा, खाद्य प्रसंस्करण और फर्नीचर की ओर स्थानांतरित करने की जरूरत है। यह निम्न से मध्यम कौशल वाले श्रमिकों के लिए रोजगार सृजन में मदद कर सकता है। सरकार की उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं ने मुख्य रूप से पूंजी प्रधान उद्योगों को लाभान्वित किया है। इसके साथ ही गोल्डमैन सैश ने कपड़ा, जूते, खिलौने और चमड़े के सामान सहित अधिक श्रम प्रधान क्षेत्रों में ज्यादा बदलाव की जरूरत बताई है। इससे भारत के विनिर्माण क्षेत्र को व्यापक रोजगार लक्ष्यों के साथ जोड़ा जा सकता है, क्योंकि लगभग 67 प्रतिशत विनिर्माण नौकरियां श्रम प्रधान क्षेत्रों में रहती हैं। ब्यूरो

**20 वर्षों में 19.6 करोड़ नौकरियों का सृजन**

पिछले दो दशकों में भारत ने लगभग 19.6 करोड़ नौकरियां जोड़ीं हैं। इनमें से दो तिहाई पिछले 10 साल में जुड़ी हैं। भारत में रोजगार के लिए निर्माण क्षेत्र प्राथमिक चालक बना हुआ है। कुल नौकरियों का लगभग 13 प्रतिशत योगदान इसका है। रियल एस्टेट और बुनियादी ढांचे में निवेश से न केवल नौकरियां पैदा हुई हैं, बल्कि निम्न से मध्यम परिवारों में आय का स्तर भी बढ़ा है। कुल रोजगार में लगभग 34 प्रतिशत योगदान सेवा क्षेत्र देता है। हाल के समय में इसका विस्तार तेजी से हुआ है।

### भारत पांच साल में पेट्रोलियम, रत्न, चीनी निर्यात में वैश्विक 'खिलाड़ी' के रूप में उभरा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले पांच साल के दौरान भारत की निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता पेट्रोलियम, रत्न, कृषि रसायन और चीनी जैसे क्षेत्रों में तेजी से बढ़ी है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। भारत ने 2018 और 2023 के दौरान इन क्षेत्रों में वैश्विक व्यापार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाई है। इसके अलावा इलेक्ट्रिकल सामान, न्यूमेटिक टायर, नल और वॉल्व, तथा सेमीकंडक्टर उपकरणों में भी हिस्सेदारी बढ़ी है। मंत्रालय के आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि 2023 में पेट्रोलियम निर्यात बढ़कर 84.96 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। इसके साथ ही वैश्विक व्यापार में भारत की बाजार हिस्सेदारी 2018 के 6.45 प्रतिशत से बढ़कर 2023 में 12.59 प्रतिशत हो गई। इस श्रेणी में भारत पांचवे स्थान से बढ़कर दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक बन गया। कीमती और अर्ध-कीमती पत्थरों के क्षेत्र में वैश्विक निर्यात में देश की हिस्सेदारी 2018 के 16.27 प्रतिशत से बढ़कर 2023 में 36.53 प्रतिशत हो गई है। इस श्रेणी में देश वैश्विक व्यापार में दूसरे स्थान से शीर्ष पर आ गया। इसी तरह चीनी निर्यात 2018 के 93 करोड़ अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 3.72 अरब डॉलर हो गया। इस क्षेत्र में वैश्विक व्यापार में भारत की हिस्सेदारी 4.17 प्रतिशत से बढ़कर 12.21 प्रतिशत हो गई। कीटनाशकों और कवकनाशकों के वैश्विक व्यापार में भारत की हिस्सेदारी में भी अच्छी वृद्धि हुई। अंतरराष्ट्रीय कृषि और पर्यावरण मानकों को पूरा करने की भारत की क्षमता और कृषि रसायनों में नवोन्मेषण पर ध्यान देने की वजह से ऐसा संभव हो पाया। इसके अलावा रबड़ न्यूमेटिक टायर, सेमीकंडक्टर और फोटोसेंसिटिव उपकरणों के वैश्विक व्यापार में भी देश की स्थिति मजबूत हुई है।

### सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से छह कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.07 लाख करोड़ रुपये बढ़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 1,07,366.05 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और आईसीआईसीआई बैंक को सबसे ज्यादा लाभ हुआ। बीएसई और एनएसई पर एक नवंबर को नव संवत 2081 की शुरूआत के मौके पर 'मुहूर्त कारोबार' आयोजित किया गया। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 321.83 अंक या 0.40 प्रतिशत के लाभ में रहा। सप्ताह के दौरान जहां रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, आईटीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का बाजार पूंजीकरण बढ़ा, वहीं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल और इन्फोसिस के मूल्यांकन में गिरावट आई। समीक्षाधीन सप्ताह में भारतीय स्टेट बैंक का मूल्यांकन 36,100.09 करोड़ रुपये बढ़कर 7,32,755.93 करोड़ रुपये हो गया। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 25,775.58 करोड़ रुपये बढ़कर 9,10,686.85 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। एलआईसी की बाजार हैसियत 16,887.74 करोड़ रुपये बढ़कर 5,88,509.41 करोड़ रुपये और रिलायंस इंडस्ट्रीज की 15,393.45 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 18,12,120.05 करोड़ रुपये हो गई। आईटीसी ने सप्ताह के दौरान 10,671.63 करोड़ रुपये जोड़े और इसका बाजार पूंजीकरण 6,13,662.96 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 2,537.56 करोड़ रुपये बढ़कर 5,96,408.50 करोड़ रुपये हो गया। इस रुख के उलट इन्फोसिस की बाजार हैसियत 38,054.43 करोड़ रुपये घटकर 7,31,442.18 करोड़ रुपये पर आ गई। भारती एयरटेल का मूल्यांकन 27,299.54 करोड़ रुपये घटकर 9,20,299.35 करोड़ रुपये रह गया।

# श्री माता वैष्णो देवी मंदिर



वैष्णो देवी या श्री माता वैष्णो देवी मंदिर, हिन्दू मान्यता अनुसार, माँ आदिशक्ति दुर्गा स्वरूप माँ वैष्णो देवी जिन्हे त्रिकुटा और वैष्णवी नाम से भी जाना जाता है, देवी को समर्पित मुख्य पवित्रतम हिन्दू मंदिरों में से एक है, जो भारत के जम्मू और कश्मीर के जम्मू सम्भाग में त्रिकुट पर्वत पर स्थित है। इस धार्मिक स्थल की आराध्य देवी, वैष्णो देवी को सामान्यतः माता रानी, वैष्णवी, दुर्गा तथा शेरावाली माता जैसे अनेक नामो से भी जाना जाता है। यहा पर आदिशक्ति स्वरूप महालक्ष्मी, महाकाली तथा महासरस्वती पिंडी रूप मे त्रेता युग से एक गुफा मे विराजमान है और माता वैष्णो देवी स्वयं यहां पर अपने शाश्वत निराकार रूप मे विराजमान है। वेद पुराणो के हिसाब से ये मंदिर 108 शक्ति पीठ मे भी शामिल है। यहां पर लोग 14 किमी की चढ़ाई करके भवन तक पहुँचते है। घोड़ा, पिठु, पालकी, हेलिकॉप्टर, ट्राम रोपवे जैसी अनेक सुविधाए यहाँ पर उपलब्ध है। यहा पर पहुँचने के लिए मुख्य दो साधन है - रेलवे और रोडवे जिसमे से जादातार लोग रेलवे अर्थार्थ ट्रेन से आना पसंद करते है। यहा का रेलवे स्टेशन श्री माता वैष्णो देवी कटरा पूरे भारत से जुड़ा हुआ है।

## मंदिर के लिए चढ़ाई यहाँ से शुरू होती है



माता वैष्णो देवी अपने सर्वोच्च परमेश्वरी आदिशक्ति दुर्गा स्वरूप मे

यह मंदिर, जम्मू और कश्मीर राज्य के जम्मू के रियासी मण्डल में कटरा नगर के समीप अवस्थित है। यह उत्तरी भारत में सबसे पूजनीय पवित्र स्थलों में से एक है। मंदिर, 5,200 फ़ीट की ऊंचाई पर, कटरा से लगभग 12 किलोमीटर (7.45 मील) की दूरी पर स्थित है। प्रतिवर्ष, लाखों तीर्थ यात्री, इस मंदिर का दर्शन करते हैं[1][2] और यह भारत में कुछ सबसे मुख्य और सर्वाधिक देखे जाने वाले तीर्थस्थलों मे से एक है। इस मंदिर की देख-रेख श्री माता वैष्णो देवी तीर्थ मंडल नामक न्यास द्वारा की जाती है। माता वैष्णो देवी के प्रहरी भगवान शंकर के अवतार हनुमान जी हैं और हनुमान जी के साथ भगवान शिव के ही अवतार भैरव बाबा भी हैं। उत्तर भारत मे माँ वैष्णो देवी सबसे प्रसिद्ध सिद्धपीठ है उसके उपरांत सहारनपुर की शिवालिक पहाड़ियों मे स्थित शाकम्भरी देवी सबसे सर्वप्रमुख प्राचीन सिद्धपीठ है। शाकम्भरी पीठ मे माँ के दर्शन से पहले भैरव के दर्शन करने पड़ते है। वैष्णो देवी मंदिर जाने के सबसे अच्छा समय का चयन जरूर करें, ताकि आपको कम से कम परेशानी हो, क्योंकि वहाँ भीड़ आदि बहुत होती है।

## तीर्थयात्रा

यहाँ तक पहुँचने के लिए उधमपुर से कटड़ा तक एक रेल संपर्क को हालही में निर्मित किया गया है। माता वैष्णो देवी का स्थान हिंदुओं का एक प्रमुख तीर्थ स्थल है, जहाँ सम्पूर्ण भारत और विश्वभर से लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं।


## भैरोनाथ मंदिर



मान्यतानुसार जिस स्थान पर माँ वैष्णो देवी ने भैरोनाथ का वध किया, वह स्थान 'भवन' के नाम से प्रसिद्ध है। इस स्थान पर देवी महाकाली (दाएँ), महासरस्वती (बाएँ) और महालक्ष्मी देवी (मध्य), पिण्डी के रूप में गुफा में विराजित है, इन तीनों पिण्डियों के इस सम्मिलित रूप को वैष्णो देवी का रूप कहा जाता है। मान्यतानुसार, भैरोनाथ का वध करने पर उसका शीश भवन से 3 किमी दूर जिस स्थान पर गिरा, आज उस स्थान भैरो मंदिर के नाम से जाना जाता है। कहा जाता है कि अपने वध के बाद भैरोनाथ को अपनी भूल का पश्चाताप हुआ और उसने देवी से क्षमा माँगी। मान्यतानुसार, वैष्णो देवी ने भैरोनाथ को वरदान देते हुए कहा कि ?मेरे दर्शन तब तक पूरे नहीं माने जाएँगे, जब तक कोई भक्त मेरे बाद तुम्हारे दर्शन नहीं करेगा। भैरो बाबा का यह मंदिर, वैष्णोदेवी मंदिर से किमी की दूरी पर स्थित है।

## दर्शनीय स्थल

कटरा व जम्मू के नज़दीक कई दर्शनीय स्थल व हिल स्टेशन हैं, जहाँ जाकर आप जम्मू की ठंडी हसीन वादियों का लुत्फ उठा सकते हैं। जम्मू में अमर महल, बहू फोर्ट, मंसर लेक, रघुनाथ टेंपल आदि देखने लायक स्थान हैं। जम्मू से लगभग 112 किमी की दूरी पर 'पटनी टॉप' एक प्रसिद्ध हिल स्टेशन है। सर्दियों में यहाँ आप स्नो फॉल का भी मजा ले सकते हैं। कटरा के नजदीक शिव खोरी, झज्झर कोटली, सनासर, बाबा धनसार, मानतलाई, कुद, बटोट, और कटरा में ही देवी माता का प्राचीन मंदिर भी यहीं स्थित है इसके अलावा आदि कई दर्शनीय स्थल हैं।



## परिवहन

वैष्णो देवी का निकटतम बड़ा शहर है जम्मू जोकि रेलमार्ग, सड़कमार्ग और वायुमार्ग द्वारा भारत के तमाम बड़े शहरों से जुड़ा है। जम्मू तक बस, टैक्सी, ट्रेन तथा हवाई जहाज के मदद से आया जा सकता है। जम्मू भारत के राष्ट्रीय राजमार्ग 1ए पर स्थित है, तथा ब्राड गेज लाइन द्वारा भारत के रेलजाल से जुड़ा है। वैष्णोदेवी का मंदिर या भवन, कटरा से १३.५ किमी की दूरी पर स्थित है, जो कि जम्मू जिले में जम्मू शहर से लगभग ५० किमी दूर स्थित एक कस्बा है। मंदिर तक जाने की यात्रा इसी कस्बे से शुरू होती है। कटरा से पर्वत पर चढ़ाई करने हेतु पदयात्रा के अलावा, मंदिर तक जाने के लिए पालकियाँ, खच्चर तथा विद्युत-चालित वाहन भी मौजूद होते हैं। इसके अलावा कटरा से साँझीछत, जोकि भवन से ९.५ किमी दूर अवस्थित है, तक जाने हेतु हेलीकॉप्टर सेवा भी मौजूद है। कटरा नगर, जम्मू से सड़कमार्ग द्वारा जुड़ा है। पूर्वतः रेलवे की मदद से केवल जम्मू तक पहुंच पाना संभव था, परन्तु वर्ष २०१४ में कटरा को जम्मू-बारामूला रेलमार्ग से श्री माता वैष्णो देवी कटरा रेलवे स्टेशन के जरिए जोड़ दिया गया, जिसके बाद सीधे कटरा तक रेलमार्ग द्वारा पहुँच पाना संभव है। गर्मियों में तीर्थयात्रियों की संख्या में अचानक वृद्धि के मद्देनजर अक्सर रेलवे द्वारा प्रतिवर्ष दिल्ली से कटरा के लिए विशेष ट्रेनें भी चलाई जाती हैं।

# बदलते मौसम में प्रदूषण से हो रही है एलर्जी, इस ड्रिंक का करें सेवन

बदलते मौसम में अक्सर धूल-मिट्टी और प्रदूषण के कारण एलर्जी खासी, खराश और गले खराब की शिकायत रहती है। अगर आप इस समस्या से परेशान हैं तो इस आयुर्वेदिक ड्रिंक का सेवन जरुर करें। इससे आपको काफी आराम मिलेगा। प्रदूषण की एलर्जी से लड़ने के लिए इन ड्रिंक का सेवन करें।

मौसम बदलने के साथ ही वातावरण में धूल-मिट्टी और प्रदूषण का लेवल बढ जाता है। जिस वजह से खांसी, खराश और गला खराब रहता है। दिल्ली में दिवाली का त्योहार आते ही पॉल्यूशन की मात्रा बढ़ने लगती है। दिल्ली-एनसीआर में रहने वाले लोग प्रदूषण से परेशान रहते हैं। जिस वजह खांसी, खराश, नाक बंद होना इन समस्याओं से परेशान होते है। यदि आप भी गले में खराश, खांसी जैसी समस्या से परेशान हो रहे हैं, तो आप इस मौसम में इन ड्रिंक का सेवन करें।

एलोवेरा का जूस सेहत के लिए काफी अच्छा होता है। एलोवेरा में एंटीऑक्सीडेंट और एंटी इंफ्लेमेटरी के गुण पाए जाते हैं। इसकी वजह से गले में हो रही सूजन जैसी समस्या को खत्म करता है। इसके साथ ही इम्यूनिटी



सिस्टम को भी बेहतर करता है। धूल-मिट्टी या परागकणों के कारण होने वाली खराश एलोवेरा जूस को पीना फायदेमंद होता है।

### तुलसी का अर्क

तुलसी में कई ऐसे तत्व होते हैं, जो इंफेक्शन से लड़ने में मदद करते हैं। तुलसी के अर्क को पीने से गले में खराश, ब्रोकाइटिस, ब्रोंकियल, अस्थमा में होने वाली सांस से जुड़ी दिक्कतों में राहत मिलती है। यदि आपको खांसी, जुकाम हो रही है तो तुलसी का अर्क पीना फायदेमंद माना जाता है।

### कैसे बनाएं यह ड्रिंक

एलोवेरा जूस 10 मिली लेकर उसमें पांच से सात बूंद तुलसी के अर्क को मिलाएं और एक गिलास पानी का घोल मिला दें। रोजाना सुबह खाली पेट इस ड्रिंक के सेवन से गले में एलर्जी, खांसने, छीकने जैसी समस्या में आराम मिल जाता है।

# इन मसालों को डाइट में शामिल करने से मैनेज होगा लो ब्लड प्रेशर

क्या आप जानते हैं कि यदि आप कुछ मसालों को अपनी डाइट में शामिल करते हैं, तो इससे आपको काफी राहत मिल सकती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे मसालों के बारे में बताने जा रहें हैं। ब्लड प्रेशर की समस्या होने पर व्यक्ति को अपने सेहत का खास ख्याल रखना होता है। बता दें कि ब्लड प्रेशर को ब्लड द्वारा आर्टरीज की वॉल पर दबाव डालने वाले फोर्स के तौर पर जाना जाता है। जब भी आपका दिल धड़कता है, तो यह आपकी आर्टरीज में ब्लड पंप करता है। सामान्य ब्लड प्रेशर 120/80 मिमी एचजी होता है। वहीं जिन लोगों को हाई ब्लड प्रेशर की समस्या होती है, वह लोग काफी चिंतित होते हैं। वहीं लो ब्लड प्रेशर भी काफी खतरनाक है। जब ब्लड प्रेशर लो होता है, तो यह हार्ट से लेकर शरीर के अन्य कई अंगों तक सही तरीके से ब्लड फ्लो नहीं हो पाता है।



कम रक्तचाप की समस्या को हाइपोटेंशन भी कहा जाता है। जब सिस्टोलिक के लिए 90 मिलीमीटर पारा और डायस्टोलिक के लिए 60 मिमी एचजी से कम होता है, तो इसको लो ब्लड प्रेशर माना जाता है। लो ब्लड प्रेशर की समस्या होने पर स्ट्रोक, दिल का दौरा और किडनी खराब होने का खतरा बढ़ सकता है। वहीं हाई ब्लड प्रेशर और लो ब्लड प्रेशर की समस्या होने पर दवाओं का सेवन करना पड़ता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि यदि आप कुछ मसालों को अपनी डाइट में शामिल करते हैं, तो इससे आपको काफी राहत मिल सकती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे मसालों के बारे में बताने जा रहें हैं, जो लो ब्लड प्रेशर की शिकायत होने पर आपके लिए काफी फायदेमंद साबित हो सकते हैं।

### दालचीनी

जिन लोगों को लो ब्लड प्रेशर की शिकायत रहती है, उनको दालचीनी का सेवन जरूर करना चाहिए। आप पाउडर या स्टिक का सेवन कर सकते हैं। यह सिस्टोलिक और डायस्टोलिक रक्तचाप दोनों को कंट्रोल करने में प्रभावी होता है। दालचीनी में मैग्नीशियम और पोटेशियम जैसे मिनरल्स पाए जाते हैं। यह दोनों ही ब्लड प्रेशर पर सोडियम के प्रभाव का मुकाबला करने में सहायता करते हैं। वह यह असामान्य हृदय गति कंट्रोल करने में मदद करता है। ऐसे में आप रोजाना दूध या शहद के साथ मिलाकर दालचीनी का सेवन कर सकते हैं।

### तुलसी

लो ब्लड प्रेशर की समस्या होने पर तुलसी के पत्ते आपको काफी फायदा पहुंचा सकते हैं। तुलसी में मैग्नीशियम और पोटेशियम जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। यह हाइपोटेंशन के इलाज में भी मददगार हैं। तुलसी ब्लडप्रेशर की रीडिंग को बनाए रखने में सहायता करता है। तुलसी की पत्तियों में भरपूर मात्रा में विटामिन सी और यूजेनॉल नामक एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं। जो ब्लड प्रेशर को मैनेज करने के साथ ही ब्लड कोलेस्ट्रॉल के लेवल को भी कम करने का काम करता है। ऐसे में आप रोजाना सुबह खाली पेट 5-6 पत्तियों का रोजाना सेवन कर सकते हैं।

### अदरक

लो ब्लड प्रेशर की शिकायत होने पर आप अदरक का भी सेवन कर सकते हैं। यह आपके ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर बनाने के साथ ही ब्लड प्रेशर को बढ़ाने में भी मददगार होता है। अदरक में जिंजरोन और जिंजरोल जैसे कंपाउंड पाए जाते हैं, जो ब्लड वेसल्स को आराम देने के अलावा ब्ल फ्लो को भी इंप्रूव करता है। अदरक में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुए पाए जाते हैं। यह इंफ्लेमेशन को कम करके हार्ट हेल्थ को इंप्रूव करने का काम करता है। आप चाहें तो अदरक की चाय बनाकर पी सकते हैं, या फिर खाने में ताजे अदरक का सेवन कर सकते हैं।

### काली मिर्च

काली मिर्च का सेवन भी लो बल्ड प्रेशर के मरीजों के लिए लाभकारी माना जाता है। इसमें एक्टिव कंपाउंड पिपेरिन पाया जाता है, जो ब्लड सर्कुलेशन को इंप्रूव करता है। यह अन्य पोषक तत्वों और मसालों के अवशोषण को बढ़ाने के साथ ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करती है। आप सलाद, सूप या अन्य डिशेज में काली मिर्च पाउडर का स्प्रिंकल कर सकते हैं।

### इंडिया-न्यूजीलैंड टेस्ट

# एजाज पटेल के आगे टीम इंडिया का सरेंडर




## 24 साल बाद घर मूं पड़ा साफ, न्यूजीलैंड ने रचा इतिहास

**मुंबई, एजेंसी।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच टेस्ट सीरीज का आखिरी मुकाबला मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला गया. इस मुकाबले में भारतीय टीम को 25 रनों से हार झेलनी पड़ी. भारत को जीत के लिए 147 रनों का टारगेट मिला था. लेकिन उसके बल्लेबाजों ने निराशाजनक प्रदर्शन किया. भारतीय टीम अपनी दूसरी पारी में 121 रन ही बना सकी. न्यूजीलैंड की जीत के हीरो एजाज पटेल रहे, जिन्होंने दूसरी पारी में छह विकेट लिए. एजाज ने पहली इनिंग्स में भी 5 विकेट झटके थे.

24 साल बाद भारतीय टीम का अपने घर पर टेस्ट सीरीज में सूपड़ा साफ हुआ है. इससे पहले साल 2000 में उसे साउथ अफ्रीका ने दो मैचों की टेस्ट सीरीज में हराया था. न्यूजीलैंड की दूसरी पारी 174 रनों पर सिमट गई. भारत की ओर से बाएं हाथ के स्पिनर रवींद्र जडेजा ने पांच विकेट लिए. बता दें कि इस मुकाबले में कीवी टीम ने अपनी पहली पारी में 235 रन बनाए. जवाब में भारत ने अपनी पहली पारी में 263 रन टांगे. यानी पहली पारी के आधार पर भारत को 28 रनों की लीड मिली. भारतीय टीम सीरीज पहले ही गंवा चुकी है, अब वह इस मुकाबले को जीतकर क्लीन स्वीप से बचना चाहेगी.

वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के क्वालिफिकिशन के लिहाज से भी भारत के लिए यह मुकाबला काफी महत्वपूर्ण है. तीसरे दिन के खेल से जुड़ी अपडेट के लिए इस पेज को रिफ्रेश करते रहिए... भारत-न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला बेंगलुरु में खेला गया था, जिसमें रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम को 8 विकेट से हार मिली. फिर पुणे में खेले गए सीरीज के दूसरे मुकाबले को न्यूजीलैंड ने 113 रनों से जीतकर सीरीज में अजेय बढ़त ले ली. देखा जाए तो इस मैदान पर कीवी टीम अपना चौथा टेस्ट खेलने उतरी है. इससे पहले न्यूजीलैंड ने जो तीन मैच खेले थे, उसमें उसे एक में जीत और दो में हार का सामना करना पड़ा था.

टारगेट का पीछा करते हुए भारतीय टीम की शुरुआत काफी खराब रही. उसने 18 रनों के स्कोर तक तीन विकेट खो दिए. पहले रोहित शर्मा को मैट हेनरी ने ग्लेन फिलिप्स के हाथों कैच आउट कराया. रोहित ने दो चौकों की मदद से 11 रन बनाए. इसके बाद भारत ने शुभमन गिल और विराट कोहली के विकेट खो दिए. दोनों को स्पिनर एजाज पटेल ने चलता किया. कोहली और शुभमन के बल्ले से 1-1 रन निकले.

### गिल ने दान में दिया विकेट!

**मुंबई, एजेंसी।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का तीसरा और आखिरी मुकाबला मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जा रहा है. मुकाबले में टीम इंडिया रन चेज के लिए मैदान पर है. इस दौरान भारत के स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल ने बड़ी लाहपरवाही से अपना विकेट गंवा दिया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. वीडियो देखकर एक बार आपके मन में भी यह ख्याल आएगा कि क्या गिल ने न्यूजीलैंड को दान में अपना विकेट दे दिया? गिल कीवी स्पिनर एजाज पटेल की गेंद पर आउट हुए.

## ऋषभ पंत के विकेट पर विवाद, थर्ड अंपायर ने किया ब्लंडर?

मुंबई टेस्ट के तीसरे दिन ऋषभ पंत के विकेट के बाद भारी बवाल देखने को मिला. ऐसा दावा किया जा रहा है कि थर्ड अंपायर ने कैच की अपील पर उन्हें गलत आउट दिया. पंत भी अंपायर के फैसले नाराज दिखे. पवेलियन लौटते वक्त उन्होंने गुस्से में ड्रेसिंग



रूम के दरवाजे पर पंच किया. वहीं सुनील गावस्कर और एबी डिविलियर्स जैसे दिग्गज क्रिकेटरों ने भी इस फैसले को लेकर सवाल उठाए हैं. पंत ने फील्ड पर मौजूद अंपायर्स से इस फैसले को लेकर बातचीत करते दिखे. उनका दावा था कि गेंद और बल्ले का कोई संपर्क नहीं हुआ था. मुंबई टेस्ट के दूसरे दिन टीम इंडिया ने 147 रन को चेज करते हुए 6 विकेट के नुकसान पर 106 रन बना लिए थे. पंत 64 रन बनाकर भारतीय टीम की ओर जीत की ओर ले जा रहे थे.

तभी 22वें ओवर में एजाज पटेल की गेंद न्यूजीलैंड की टीम ने कैच आउट की अपील. अंपायर ने इसे नॉट आउट करार दिया, जिसके बाद कप्तान टॉम लैथम ने रिव्यू ले लिया. थर्ड अंपायर ने इसे चेक किया तो गेंद के बल्ले के पास होने के समय स्निको मीटर पर हलचल दिखी. इसी दौरान पंत का बल्ला पैड पर टच हो रहा था.

## सार समाचार

### पेरिस मास्टर्स फाइनल में हम्बर्ट का सामना ज्वेरेव से होगा




**पेरिस, एजेंसी।** फ्रेंच टेनिस स्टार उगो अम्बेर ने शनिवार को पेरिस मास्टर्स में करेन खाचानोव को 6-7(6), 6-4, 6-3 से हराकर पहली बार मास्टर्स 1000 फाइनल में जगह बनाई। अब वह अपने सातवें टूर-स्तरीय खिताब की तलाश में रविवार को चैंपियनशिप मैच में एलेक्जेंडर ज्वेरेव का सामना करेंगे। ज्वेरेव अब तक छह मास्टर्स 1000 खिताब, दो एटीपी टूर फाइनल्स और टोक्यो में ओलंपिक का स्वर्ण पदक जीत चुके हैं। इस साल की शुरुआत में अम्बेर ने दुबई और मार्सिले में खिताब जीते, जबकि ज्वेरेव ने रोम में एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब अपने नाम किया। अम्बेर 2016 में गेल मोन्फिल्स के बाद से मास्टर्स 1000 फाइनल में पहुंचने वाले पहले फ्रेंच खिलाड़ी हैं। 2008 में जो-विल्फ्रेड सोंगा आखिरी बार फ्रेंच खिताब विजेता बने थे।

अपनी जीत के बाद अम्बेर ने कहा, पेरिस में अपने पसंदीदा टूर्नामेंट में ऐसा करना अद्भुत है। यह एक सपना है। पहले सेट के हारने के बाद मैंने बस इस पल का आनंद लेने और दर्शकों के साथ रहने की कोशिश की। मैंने अच्छा खेला और मुझे बहुत गर्व है। इससे पहले इस हफ्ते अम्बेर ने कार्लोस अल्कराज को भी हराया था। खाचानोव के खिलाफ 35 विनर्स लगाने वाले अम्बेर एटीपी लाइव रैंकिंग में चार स्थान ऊपर बढ़कर नंबर 14 पर आ गए हैं। यदि वह खिताब जीतते हैं तो सोमवार को करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग नंबर 11 पर पहुंच जाएंगे।

### सीनियर पुरुष हॉकी नेशनल्स सोमवार से चेन्नई में




**नई दिल्ली, एजेंसी।** सीनियर पुरुष हॉकी नेशनल चैंपियनशिप का 14वां संस्करण सोमवार को तमिलनाडु के चेन्नई में मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम में शुरू होने जा रहा है। आठ पूल में विभाजित कुल 31 टीमें इस टूर्नामेंट में भाग लेंगी, जो 16 नवंबर तक चलेगा। लीग चरण के दौरान, प्रत्येक टीम अपने पूल में प्रत्येक अन्य टीम के खिलाफ खेलेगी। प्रत्येक पूल से शीर्ष टीम 13 नवंबर को क्वार्टर फाइनल में पहुंचेगी, उसके बाद 15 नवंबर को सेमीफाइनल और 16 नवंबर को फाइनल और तीसरे/चौथे स्थान के लिए प्ले-ऑफ होगा।

पूल ए में मौजूदा चैंपियन हॉकी पंजाब के साथ दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव हॉकी और छत्तीसगढ़ हॉकी शामिल हैं। पूल बी में हॉकी हरियाणा, तेलंगाना हॉकी, हॉकी हिमाचल और हॉकी मिजोरम शामिल हैं। पूल सी में हॉकी यूनिट ऑफ तमिलनाडु, हॉकी मध्य प्रदेश, हॉकी आंध्र प्रदेश और हॉकी अंडमान और निकोबार शामिल हैं। पूल डी में हॉकी कर्नाटक, हॉकी चंडीगढ़, हॉकी उत्तराखंड और त्रिपुरा हॉकी शामिल हैं। पूल ई में हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा का मुकाबला ले पुडुचेरी हॉकी, हॉकी राजस्थान और हॉकी अरुणाचल से होगा।

### बॉक्सिंगः

## अंडर-19 विश्व मुक्केबाजी में कृषा वर्मा ने जीता स्वर्ण, पांच रजत भी भारत की झोली में



**नईदिल्ली, एजेंसी।** चंचल चौधरी (महिला 48 किग्रा), अंजलि कुमारी सिंह (महिला 57 किग्रा), विनी (महिला 60 किग्रा), आकांक्षा फलासवाल (महिला 70 किग्रा) के अलावा राहुल कुंडू (पुरुष 75 किग्रा) अपने फाइनल में हार गए जिससे उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

युवा भारतीय मुक्केबाज कृषा वर्मा ने अमेरिका के कोलोराडो में विश्व मुक्केबाजी द्वारा आयोजित शुरुआती अंडर-19 विश्व चैंपियनशिप में महिलाओं के 75 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता जबकि पांच अन्य मुक्केबाजों ने रजत पदक अपनी झोली में डाले। कृषा ने 75 किग्रा वर्ग के फाइनल में जर्मनी की साइमन लेरिका को 5-0 के सर्वसम्मत फैसले में मात दी। चंचल चौधरी (महिला 48 किग्रा), अंजलि कुमारी सिंह (महिला 57 किग्रा), विनी (महिला 60 किग्रा), आकांक्षा फलासवाल (महिला 70 किग्रा) के अलावा राहुल कुंडू (पुरुष 75 किग्रा) अपने फाइनल में हार गए जिससे उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

चंचल अयोग्य घोषित किए जाने के बाद दूसरे स्थान पर रहीं जबकि अंजलि को इंग्लैंड की मिया-तिया आयटन से 0-5 से हार मिली। आकांक्षा इंग्लैंड की लिली डीकॉन से जबकि राहुल अमेरिका के अविनोंग्या जोसेफ से 1-4 के समान अंतर से पराजित हुए। विनी को इंग्लैंड की एला लोन्सडेल से 2-3 के विभाजित फैसले में शिकस्त मिली।

पांच महिला मुक्केबाज और एक पुरुष मुक्केबाज फाइनल में स्वर्ण के लिए रिंग में उतरेंगे। विश्व मुक्केबाजी का यह पहला वैश्विक टूर्नामेंट है। विश्व मुक्केबाजी को ओलंपिक आंदोलन में मुक्केबाजी का स्थान सुनिश्चित करने के लिए लांच किया गया था जिसका उद्देश्य मुक्केबाजी के लिए विश्व संचालन संस्था के तौर पर अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (आईबीए) की जगह लेना है।

### लिविंगस्टोन ने जड़े लगातार 6 छक्के

# इंग्लैंड ने दूसरे वनडे में वेस्टइंडीज को हराकर सीरीज बराबर की

**सेंट जॉन्स, एजेंसी।** कार्यवाहक कप्तान लियाम लिविंगस्टोन के धमाकेदार शतक और फिल साल्ट तथा जैकब बेथेल के अर्धशतकों की बदौलत इंग्लैंड ने दूसरे वनडे में वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर दी है। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। जॉन टर्नर ने अपने पहले अंतरराष्ट्रीय विकेट लेते हुए सलामी बल्लेबाज ब्रैंडन किंग (7) और एविन लुईस (4) जल्दी आउट किया, जिससे वेस्टइंडीज का स्कोर 12/2 हो गया। कीसी कार्टी और कप्तान शाई होप ने बल्ले से कमाल दिखाया और वेस्टइंडीज को 11.2 ओवर में 50 रन और 22.3 ओवर में 100 रन के पार पहुंचाया। होप ने 66 गेंदों में दो चौकों और तीन छक्कों की मदद से अपना अर्धशतक पूरा किया। इसके अलावा, कार्टी ने 62 गेंदों में चार चौकों की मदद से अपना चौथा वनडे अर्धशतक पूरा किया।

वेस्टइंडीज ने 29.3 ओवर में 150 रन का आंकड़ा पार किया। कार्टी और होप के बीच 143 रन की साझेदारी का अंत आदिल राशिद ने किया जिन्होंने 77 गेंदों में पांच चौकों और एक छक्के की मदद से 71 रन बनाकर कार्टी को आउट किया।

वेस्टइंडीज का स्कोर 30.2 ओवर में 155/3 था जब शेरफेन रदरफोर्ड ने होप के साथ मिलकर वेस्टइंडीज को 36 ओवर में 200 रन के पार पहुंचाया। रदरफोर्ड ने बल्ले से धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए महज 35 गेंदों में चार चौकों और तीन छक्कों की मदद से अपना लगातार चौथा वनडे अर्धशतक पूरा किया। रदरफोर्ड और होप के बीच 79 रन की साझेदारी का अंत लिविंगस्टोन ने किया जब डीप एक्स्ट्रा कवर पर डैन मूसली ने बेहतरीन कैच लपका। वेस्टइंडीज ने 39.5 ओवर में 234/4 रन बनाए। वेस्टइंडीज ने 41.4 ओवर में 250 रन का आंकड़ा पार किया। होप ने 118 गेंदों में छह




चौकों और तीन छक्कों की मदद से अपना 17वां वनडे शतक बनाया। शिमरॉन हेटमायर (11 गेंदों में तीन छक्कों की मदद से 24 रन) ने प्रभावशाली कैमियो किया जबकि होप 127 गेंदों में आठ चौकों और चार छक्कों की मदद से 117 रन बनाकर जोफ्रा आर्चर के हाथों छठे विकेट के रूप में आउट हुए।

वेस्टइंडीज के 47 ओवर में 297/6 का स्कोर था। रोस्टन चेस (22 गेंदों में दो चौकों की मदद से 20* रन) और मैथ्यू फोर्ड (11 गेंदों में तीन छक्कों की मदद से 23* रन) के कैमियो की बदौलत वेस्टइंडीज ने 50 ओवर में 328/6 रन बनाए। टर्नर (2/42) और राशिद (2/62) इंग्लैंड के लिए सबसे बेहतरीन गेंदबाज रहे। लिविंगस्टोन और आर्चर को एक-एक विकेट मिला। 329 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड ने विल जैक्स (12) और जॉर्डन कॉक्स (4) को कम स्कोर पर खो दिया लेकिन फिल साल्ट दूसरे छोर पर रन बना रहे थे। उन्होंने बेथेल के साथ तीसरे विकेट के लिए 44 रनों की साझेदारी की जिससे इंग्लैंड ने 18.3 ओवर में 100 रन का आंकड़ा पार किया। साल्ट 59 गेंदों में 59 रन बनाकर मैथ्यू फोर्ड की गेंद पर आठ चौकों की मदद से आउट हुए जिन्होंने पहले जैक्स को आउट किया था।

इंग्लैंड का स्कोर 20.1 ओवर में 107/3 था। बेथेल ने 51 गेंदों में चार चौकों और दो छक्कों की मदद से अपना पहला वनडे अर्धशतक पूरा किया, उन्होंने लिविंगस्टोन के साथ 53 रनों की साझेदारी की जिसका अंत फोर्ड ने कुरेन को 52 गेंदों में तीन चौकों और एक छक्के की मदद से 52 रन पर आउट करके किया। इंग्लैंड का स्कोर 45.3 ओवर में 300/5 था। लिविंगस्टोन ने लगातार छह छक्के जड़े और 77 गेंदों में चार चौकों और छह छक्कों की मदद से अपना पहला वनडे शतक पूरा किया।

वह 85 गेंदों में पांच चौकों और नौ छक्कों की मदद से 124* रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि मूसली (4*) ने 15 गेंद शेष रहते पांच विकेट लिए। फोर्ड (3/48) ने अपने आठ ओवरों में शानदार गेंदबाजी की, जिसमें अल्जारी जोसेफ और चेस ने एक-एक विकेट लिया। हालांकि यह हार को रोकने के लिए पर्याप्त नहीं था। लिविंगस्टोन ने अपने हरफनमौला प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता।

# गेंद बदले जाने के विवाद में उलझे किशन, ऑस्ट्रेलिया ए की बड़ी जीत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अंतिम दिन का खेल के शुरू होने से पहले अंपायर्स द्वारा गेंद बदले जाने के कारण इंडिया ए टीम विवाद में उलझ गई। गेंद बदले जाने से पहले अंपायर्स यह कहते सुनाई दिए कि गेंद पर काफ़ी खरोंच आ जाने के चलते गेंद बदलने का निर्णय लिया गया है।

कप्तान नैथन मैक्स्वीनी की नाबाद 88 रन की शानदार पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ए ने भारत ए को चार दिवसीय गैर आधिकारिक टेस्ट के अंतिम दिन रविवार को सात विकेट से हरा दिया। ऑस्ट्रेलिया ए को 225 रन का लक्ष्य मिला जिसे ऑस्ट्रेलिया ए ने 75 ओवर में तीन विकेट पर 226 रन बनाकर हासिल कर लिया। मैक्स्वीनी ने नाबाद 88 और बो वेब्स्टर ने नाबाद 61 रन बनाये। इससे पूर्व पहली गेंद डाले जाने से पहले अंपायर शॉन क्रेग और इंडिया ए के कुछ खिलाड़ियों के बीच तीखी बहस हुई। ख़ासतौर पर विकेटकीपर इशान किशन ने शायद अपने आप को बड़ी मुश्किल में डाल लिया क्योंकि उन्हें अंपायर्स के निर्णय को मूर्खतापूर्ण करार देते हुए सुना गया। स्टंप माइक्रोफ़ोन पर कैद की गई आवाज़ में क्रेग को गेंद बदले जाने का कारण बताते हुए सुना गया।

क्रेग ने कहा, गेंद को बदलना होगा। इस पर आगे चर्चा करने की आवश्यकता नहीं है। खेल शुरू करते हैं। इस पर किशन ने कहा, तो हमें इस



गेंद के साथ खेलना होगा। यह एक मूर्खतापूर्ण निर्णय है। क्रेग ने कहा, माफ़ कीजिए। आपके इस व्यवहार के लिए शिकायत की जाएगी। आप लोगों के चलते ही हमें गेंद बदलना पड़ा है। शुरुआत में यह स्पष्ट नहीं था अंपायर्स ने किस वजह से गेंद बदलने का निर्णय लिया है।

हालांकि यहां अहम बात यह है कि इस दौरान ऑस्ट्रेलिया ए को नियमानुसार पांच पेनल्टी रन भी नहीं दिए गए। कानून 41.3.14 में पेनल्टी रन देने का प्रावधान है। अगर अंपायर मानते हैं कि गेंद को ग़लत तरीके से बदला गया है तो ऐसा फ़ैसला लिया जा सकता है। अगर अंपायर्स ऐसा मानते हैं कि गेंद की स्थिति को ग़लत तरीके से बदला गया है तब ऐसी स्थिति में वह विपक्षी टीम के कप्तान यह पूछ सकते हैं कि क्या वह गेंद बदलना चाहते हैं।

41.3.4.1 - अगर गेंद को बदले जाने का आग्रह किया जाता है, तब अंपायर को तत्काल ही पिछली गेंद जैसी ही किसी स्थिति वाली गेंद के साथ खेल शुरू करने का अधिकार है। 41.3.4.2 - गेंदबाज़ी एंड के अंपायर द्वारा विपक्षी टीम के खाते में पांच पेनल्टी रन जोड़े जाने का भी प्रावधान है। इसके साथ ही अंपायर इस संबंध में बल्लेबाज़ों और गेंदबाज़ी टीम के कप्तान को भी अपने इस निर्णय की वजह बता सकते हैं।

### रिटायरमेंटः



## भारतीय डिफेंडर अनस एडाथोडिका ने पेशेवर फुटबॉल से संन्यास का एलान किया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** 37 वर्षीय खिलाड़ी ने 21 बार भारत का प्रतिनिधित्व किया। इसके अलावा वह क्लब के लिए 172 प्रतिस्पर्धी मुकाबले भी खेल चुके हैं। एडाथोडिका ने शनिवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर भावनात्मक वीडियो साझा किया और संन्यास का एलान किया।

अनुभवी भारतीय डिफेंडर अनस एडाथोडिका ने पेशेवर फुटबॉल से संन्यास की घोषणा की है जिससे उनके 17 साल का करियर समाप्त हो गया। 37 वर्षीय खिलाड़ी ने 21 बार भारत का प्रतिनिधित्व किया। इसके अलावा वह क्लब के लिए 172 प्रतिस्पर्धी मुकाबले भी खेल चुके हैं। एडाथोडिका ने शनिवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर भावनात्मक वीडियो साझा किया और संन्यास का एलान किया। अनस ने कहा- अब समय आ गया है कि मैं अपने पेशेवर फुटबॉल को अलविदा कह दूं। मलाप्पुरम के स्टेडियम से लेकर भारत के स्टेडियमों तक चली यह यात्रा सपने का सच होना रही। इस दौरान उतार-चढ़ाव के दौरान मेरे परिवार, कोच, टीम के साथी और प्रशंसकों का धन्यवाद जिन्होंने मुझे जरूरत पड़ने पर सहारा दिया।

फुटबॉल ने मुझे इतना दिया है। मैं हर पल के लिए हमेशा आभारी रहूंगा। अनस ने 2015 में दिल्ली डायनामोज के साथ इंडियन सुपर लीगमें डेब्यू किया।अनस को जमशेदपुर द्वारा 2017-18 आईएसएल प्लेयर्स ड्राफ्ट के पहले दौर में चुना गया था। उन्होंने 2015-2022 तक 54 मैच खेले और शानदार प्रदर्शन किया।

## आईपीएल-2025: केकेआर ने रिटेन नहीं किया या खुद अलग हो श्रेयस अय्यर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कोलकाता नाइट राइडर्स के सीईओ वेंकी मैसूर ने खुलासा किया है कि आईपीएल 2024 के विजयी कप्तान श्रेयस अय्यर को मेगा ऑक्शन से पहले रिटेन नहीं करने का क्या कारण था। श्रेयस ने केकेआर को 2024 में सबसे शानदार आईपीएल खिताब जीत दिलाई थी।




फिर भी फ्रेंचाइजी ने उन्हें रिटेन नहीं किया। फ्रेंचाइजी ने रिंकू सिंह के अलावा सुनील नरेन, आंद्रे रसेल, वरुण चक्रवर्ती, रमनदीप सिंह और हर्षित राणा को अपने साथ बरकरार रखा है। वेंकी मैसूर ने इशारा किया कि फ्रेंचाइजी से अलग होना श्रेयस का फैसला था, जिसके कारण उन्हें रिटेन नहीं किया गया। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि श्रेयस नीलामी में अपनी कीमत जानना चाहते थे।

रेवस्पोर्ट्ज से बात करते हुए उन्होंने कहा, वह रिटेंशन के लिए हमारी सूची में सबसे ऊपर थे। वह कप्तान हैं और हमें उनके इर्द-गिर्द ही सब कुछ बनाना था। हमने उन्हें 2022 में इसी खास वजह से चुना था।

# सार समाचार

## 04 नवंबर से सोनी एंटरटेनमेंट टेलिविजन पर शुरू होगा केबीसी जूनियर्स

मुंबई,(एजेंसी)। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर 04 नवंबर से ज्ञान–आधारित गेम शो कौन बनेगा करोड़पति (केबीसी) जूनियर्स शुरू होगा। केबीसी जूनियर मे 08 से 15 वर्ष उम्र के प्रतिभाशाली प्रतिभागी प्रतिस्पर्धा करेंगे। अपनी उम्र से ज्यादा परिपक्वता और तेज दिमाग के साथ हॉट सीट पर आने वाले, दिल्ली के छठी कक्षा के दृढ़संकल्पित छात्र, युवराज सेठी, खेल में अपना अनूठा आकर्षण जोड़ेंगे और उल्लेखनीय शिष्टता के साथ हर सवाल का जवाब देंगे!



केबीसी जूनियर्स में इस सप्ताह एक रोमांचक ट्विस्ट आया,जब युवराज सेठी मेजबान की कुर्सी पर बैठे, जबकि महानायक अमिताभ बच्चन प्रतियोगी की सीट पर बैठे। युवराज ने अमिताभ बच्चन को बताया, मैं आपकी मेजबान सीट पर बैठना चाहता हूं... और मैंने आपके लिए कुछ सवाल तैयार किए हैं। अमिताभ ने मजाकिया अंदाज में कहा, भाईसाहब, हमारी नौकरी गई और वह इस छोटे बच्चे के साथ सीट बदल लेते हैं।युवराज दर्शकों से मिस्टर बच्चन का परिचय कराते हैं और गेमप्ले की शुरूआत करते हुए कहते हैं,नमस्ते, नमस्ते, नमस्ते, आज हमारे सामने श्री अमिताभ बच्चन बैठे हैं, ये मुंबई, महाराष्ट्र से हैं, और अमिताभ से सवाल पूछने की शुरूआत करते हैं। युवराज ने अमिताभ से कुछ दिलचस्प सवाल पूछे, बचपन में आपको सबसे ज्यादा डर किस बात से लगता था? और उनके सामने विकल्प पेश किया। अमिताभ ने तुरंत जवाब दिया, टीचर की छड़ी से। इसी तरह, वे वे एक मजेदार गेमप्ले भी खेलते हैं जिससे सेट पर सभी को बहुत खुशी होती है, फिर सात करोड़ का बड़ा सवाल आता है, जिसके लिए हर कोई मिस्टर बच्चन के जवाब का बेसब्री से इंतजार करता है। युवराज पूछते हैं, यदि आपको मेजबान की सीट किसी को देनी हो, तो वह व्यक्ति कौन होगा? अमिताभ भावुक होकर जवाब देते हैं, अभी तो आपको दे दिया है, अब और किसी को नहीं देना चाहता। हम चाहते हैं कि हम यहीं बने रहें! कौन बनेगा करोड़पति जूनियर्स 04 नवंबर से रात 9 बजे, केवल सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होगा।

## अदिति और सिद्धार्थ के लिए मैजिकल रहा साल, खास अंदाज में कहा- थैंक्यू

मुंबई (एजेंसी)

बिखेरने वाली अभिनेत्री अदिति राव हैदरी और अभिनेता सिद्धार्थ इसी साल शादी के बंधन में बंधे हैं। सितारों ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर मैजिकल ईयर की झलक दिखाई है।हीरामंडी: द डायमंड बाजार की अभिनेत्री अदिति राव हैदरी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्रान पर मैजिकल ईयर की तस्वीरें शेयर कर झलक दिखाई है। अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा, हमारे विवाह समारोहों के जश्न में हमें अपने पिता–माता, हमारे गुरुओं और सलाहकारों का आशीर्वाद और प्यार मिला। इन लोगों ने न केवल हमें बढ़ते देखा है, बल्कि हमारे जीवन में हमारी तरक्की का वह कारण भी बने। शादी में ऐसे खास लोगों की मौजूदगी हमारे लिए खास रही।इसके साथ अभिनेत्री ने परिवारजनों और दोस्तों के नाम को लिखकर धन्यवाद भी दिया। उन्होंने लिखा हमारे प्यारे मणि सर और हसीनी मैम, लीला अक्का, कमल सर, रंजिनी आंटी और मनियन अंकल, सुधा और जयेंद्र। नामों की लंबी लिस्ट के साथ अभिनेत्री ने आगे लिखा हम अभी खत्म नहीं हुए हैं!साल को मैजिकल बताते हुए अभिनेत्री ने आगे लिखा इस शानदार और कभी ना भूल पाने वाले वर्ष के समाप्त होने से पहले हमारे पास शेयर करने के लिए जादू और प्यार है। अभिनेत्री ने आगे कहा, तब तक श्रीमती और श्री अदु सिद्धू (अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ) की ओर से दीपावली की शुभकामनाएं। आप सभी को धन्यवाद।सिद्धार्थ और अदिति राव हैदरी लंबे समय तक एक–दूसरे को डेट करने के बाद इसी साल 16 सितंबर को शादी के बंधन में बंध गए थे। अभिनेत्री ने शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कर सभी को चौंका दिया था। अदिति और सिद्धार्थ ने वानापार्थी स्थित 400 साल पुराने श्री रंगनायक स्वामी मंदिर में शादी की थी।



## भाई इब्राहिम संग दिखा सारा अली खान का जबरदस्त बॉन्ड, फैंस ने की टॉम एंड जेरी से तुलना



मुंबई (एजेंसी)। अभिनेत्री सारा अली खान सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर भाई इब्राहिम के साथ खूबसूरत तस्वीरें शेयर कर भाई–बहन के बीच के प्यारे रिश्ते की झलक प्रशंसकों को दिखाई है।शुक्रवार को सारा अली खान ने अपने भाई इब्राहिम अली खान के साथ शानदार तस्वीरें शेयर कर प्रशंसकों को खुश कर दिया, जिसमें भाई–बहन कभी खुशी कभी गम के पल एंजॉय करते नजर आ रहे हैं।तस्वीरों को शेयर कर केदारनाथ अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा कभी खुशी कभी गम। मेरे भाई के साथ हमेशा मजा आता है। कभी हंसी आती है और कभी–कभी वह डांटता है और अप्पा जान वही करती हैं, जो उसे बताया जाता है।इंस्टाग्राम हैंडल पर साझा की गई तस्वीरों में अभिनेत्री खूबसूरत पीले रंग के सूट में खूबसूरत लग रही हैं। वहीं, इब्राहिम एक काले रंग की पोशाक और चमकदार नीले रंग की जैकेट पहने हुए हैं। तस्वीरों में सारा और इब्राहिम कभी एक–दूजे को देखकर हंसते हुए तो कभी एक–दूजे को चिढ़ाते नजर आ रहे हैं।अभिनेत्री अक्सर दिल को छू लेने वाले पोस्ट शेयर करती रहती हैं। पार्टियों में उपस्थिति हो या किसी जश्न की तस्वीरें, भाई–बहन की जोड़ी अपनी मजबूत दोस्ती से लाइमलाइट चुराने में कभी असफल नहीं होती है। प्रशंसक भाई–बहन की जोड़ी को काफी पसंद करते हैं।फैंस सारा और इब्राहिम की ताजा तस्वीरों भी खूब प्यार लुटा रहे हैं। सारा की नवीनतम तस्वीरों पर एक फैन ने कहा निश्चित रूप से टॉम एंड जेरी की वाइब्स। दूसरे ने लिखा सबसे प्यारे भाई–बहन। एक अन्य ने लिखा सैफ और अमृता 2.0।सारा और इब्राहिम सैफ अली खान और उनकी पहली पत्नी अमृता सिंह के बच्चे हैं। सैफ की अमृता के साथ शादी ज्यादा नहीं चली और दोनों ने तलाक ले लिया था। इसके बादटशन अभिनेता ने 2012 में करीना कपूर के साथ शादी कर ली। करीना और सैफ के दो बेटे तैमूर अली खान और जहांगीर अली खान हैं।इससे पहले अतरंगी रे अभिनेत्री सारा ने मनाली से एक वीडियो पोस्ट किया था, जिसमें वह पंजाबी भोजन– दाल फ्राई के साथ मिस्सी रोटी, आलू मेथी और पनीर का आनंद लेती नजर आ रही हैं।इस बीच वर्कफ्रंट की बात करें तो सारा अली खान, आकाश कौशिक के आने वाले अनटाइटल्ड प्रोजेक्ट की शूटिंग में नजर आएंगी। कौशिक के निर्देशन में बन रही जासूसी कॉमेडी फिल्म की रिलीज डेट की अभी घोषणा नहीं की गई है।

## दीपावली पर करीना कपूर ने दिखाई हैलोवीन के रात की झलक




मुंबई (एजेंसी)। बॉलीवुड की सफल अभिनेत्रियों में से एक करीना कपूर खान सोशल मीडिया पर सक्रिय रहती हैं और अक्सर फैंस के साथ मजेदार पोस्ट शेयर करती रहती हैं। इस बीच बेबो ने दीपावली पर हैलोवीन की रात की एक झलक शेयर की है।करीना कपूर ने हाल ही में पति सैफ अली खान और बेटे तैमूर के साथ अपने हैलोवीन की एक झलक शेयर करने के लिए इंस्टाग्राम का सहारा लिया। अभिनेत्री ने एक डरावनी तस्वीर शेयर की, जिसमें वह एक हैलोवीन पार्टी के गेट के पास खड़ी नजर आ रहे हैं। हालांकि, उनका चेहरा धुंधला है और रोशनी में छिप गया है।बेबो के पास उनके बेटे तैमूर खड़े नजर आ रहे हैं। अभिनेत्री ने तस्वीर के साथ लिखा, आज हेलोवीन भी है।करीना के बगल में भूत, ताबूत, कंकाल और अन्य डरावनी चीजें नजर आ रही हैं, जो कि हैलोवीन की सजावट को और भी डरावना बनाने के लिए शानदार सेट है।इस बीच करीना कपूर के वर्कफ्रंट की बात करें तो उनकी फिल्म सिंघम अगेन सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। रोहित शेट्टी द्वारा निर्देशित इस फिल्म में करीना अवनी सिंघम के रूप में अपनी भूमिका को निभाती नजर आएंगी। पुलिस-ड्रामा में करीना कपूर के साथ कई सितारे हैं।बेबो के साथ अजय देवगन, दीपिका पादुकोण, टाइगर श्रॉफ, अर्जुन कपूर, रणवीर सिंह और अक्षय कुमार भी अहम रोल में हैं। इसके साथ ही सलमान खान भी फिल्म में कैमियो करते नजर आएंगे।एक्शन फिल्मों के किंग कहे जाने वाले रोहित शेट्टी की सिंघम अगेन रामायण से प्रेरित है। फिल्म में एक्शन के साथ कॉमेडी की भी है। अजय देवगन का किरदार भगवान राम से प्रेरित है और करीना का सीता से, जबकि टाइगर श्रॉफ का किरदार लक्ष्मण से प्रेरित है। ऐसे ही रणवीर सिंह के किरदार में भगवान हनुमान की झलक, अक्षय कुमार के किरदार में जटायु का प्रतिबिंब और अर्जुन कपूर का रोल रावण से प्रेरित है।करीना कपूर पिछली बार हंसल मेहता की मिस्ट्री थ्रिलर द बकिंघम मर्डर्स में नजर आई थीं। क्राइम थ्रिलर फिल्म में करीना ने एक जासूस जसमीत भामरा की भूमिका निभाई थी, जिसे एक बच्चे की हत्या की जांच करने का काम सौंपा गया था।इस थ्रिलर में करीना कपूर के साथ कीथ एलन, शेफ रणवीर बरार, प्रभलीन संधू और सारा-जेन डायस भी हैं।



## नेटिजन्स को लेडी सिंघम के रूप में भाया दीपिका पादुकोण का अंदाज

मुंबई। फिल्म सिंघम अगेन में बॉलीवुड की डिंपल गर्ल दीपिका पादुकोण का लेडी सिंघम का अंदाज नेटिजन्स को बेहद भाया है। सिंघम अगेन में, दीपिका पादुकोण ने शक्ति शेट्टी के किरदार में खुद को साबित किया है, और उनका प्रभाव लेडी सिंघम के रूप में काफी जोरदार रहा है। दीपिका पादुकोण के किरदार के इंट्रोडक्शन ने दर्शकों को उत्साहित कर दिया है, कई लोगों ने स्क्रीन पर उनके मजबूत प्रेजेंस और पॉवरफुल परफॉर्मेंस की खूब तारीफ की है। दीपिका अपनी वर्सेटिलिटी के लिए जानी जाती हैं, और उन्होंने रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स की इंटेंस दुनिया में बिना किसी दिक्कत के कदम रखा है। उन्होंने सिंघम फ्रेंचाइजी में नई एनर्जी और एक मजबूत महिला किरदार शक्ति शेट्टी को इंट्रोड्यूस किया है।उनका आउटस्टैंडिंग एंट्री सीन अब हॉट टॉपिक बन गया है, जिसे देखते हुए फैंस उनकी डेरिंग परफॉर्मेंस और दूसरे किरदारों के साथ मजबूत केमिस्ट्री की खूब तारीफ कर रहे हैं। खासतौर पर अजय देवगन के फेमस किरदार बाजीराव सिंघम के साथ। बहुत ही पॉजिटिव रिस्पॉन्स के बाद, फैंस लेडी सिंघम शक्ति शेट्टी को मेन किरदार के रूप में एक स्टैंडअलोन फिल्म बनाने की मांग कर रहे हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने सोशल मीडिया पर रोहित शेट्टी को टैग करके लेडी सिंघम की कहानी को और आगे बढ़ाने की रिक्वेस्ट तक की है। यह देखना कमाल है कि चेन्नई एक्सप्रेस के बाद, जहां रोहित शेट्टी और दीपिका पादुकोण ने मीनम्मा को इंट्रोड्यूस किया था, और वह एक यादगार किरदार बन गई।

## अर्जुन कपूर पहुंचे सिद्धिविनायक मंदिर, सिंघम अगेन के लिए लिया बप्पा का आशीर्वाद



मुंबई (एजेंसी)। फिल्म अभिनेता अर्जुन कपूर मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर में दर्शन करने के लिए पहुंचे। सिंघम अगेन, की सफलता के लिए अर्जुन ने मन्नत भी मांगी।अभिनेता का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में वह मंदिर के अंदर जाते और दर्शन के बाद बाहर आते नजर आ रहे हैं।अर्जुन ने हाल ही में एक वीडियो में बताया कि वह लगभग एक साल तक सुर्खियों से दूर रहे और रोहित शेट्टी द्वारा निर्देशित सिंघम अगेन में अपने किरदार को लेकर पूरा ध्यान केंद्रित किया।उन्होंने बताया, मुझे इंडस्ट्री की सबसे बड़ी फिल्म शूट करनी थी और इसलिए मैं अपना ध्यान भटकाना नहीं चाहता था। कभी-कभी जब आप कुछ दिनों के लिए गायब हो जाते हैं या कम दिखाई देते हैं, तो लोग आपको याद कर सकते हैं और आपको एक नई रोशनी में देख सकते हैं।अभिनेता ने कहा कि उन्होंने अपने किरदार की तैयारी के लिए बस सब कुछ बंद कर दियाह्व।मैंने पूरा ध्यान इस फिल्म पर लगाया, जैसे यह मेरी पहली फिल्म हो।फिल्म अभिनेता ने इस फिल्म को पहली प्राथमिकता दी। अभिनेता ने कहा, फिल्म में जो मेरा किरदार है वह रोहित का विजन था। रोहित ने मुझे कहा कि आओ और इस भूमिका को देखो और निभाओ।अजय देवगन के साथ काम करना मेरे लिए काफी महत्वपूर्ण रहा है।अर्जुन ने अजय देवगन की तारीफ करते हुए कहा है कि हिन्दी सिनेमा में उनका एक महत्वपूर्ण योगदान हैं। अगर मैं हिम्मत करू तो मैं उनके द्वारा किए गए काम का अगर 5 फीसदी भी काम कर पाया तो मुझे खुद पर बहुत गर्व होगा।सिंघम फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म में कई सितारे नजर आएंगे। इसमें अजय देवगन बाजीराव सिंघम, रणवीर सिंह सिम्बा, अक्षय कुमार डीसीपी वीर सूर्यवंशी, करीना कपूर बाजीराव सिंघम की पत्नी अवनी, दीपिका पादुकोण पुलिस अधिकारी शक्ति शेट्टी, रवि किशन, जैकी श्रॉफ और टाइगर श्रॉफ भी हैं।अर्जुन इस फिल्म में डेंजर लंका नामक खलनायक की भूमिका निभाते नजर आएंगे। यह फिल्म रामायण पर आधारित होगी और 1 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है।

## फिर पर्दे पर साथ नजर आएंगे दुलकर सलमान-साई पल्लवी, इस फिल्म में करेंगे रोमांस

चेन्नई (एजेंसी)। दुलकर सलमान अपनी हालिया फिल्म ह्यलकी भास्करह्न को मिली बेहतरीन समीक्षाओं के कारण काफी खुश हैं। वेंकी एटलुरी निर्देशित इस फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर दिवाली पर शिवकार्तिकेयन-साई पल्लवी स्टारर राजकुमार पेरियासामी द्वारा निर्देशित अमरन से टकराव हुआ था। दिलचस्प बात यह है कि अब नई खबर आई है कि लकी भास्कर के मुख्य अभिनेता दुलकर सलमान और अमरन की अभिनेत्री साई पल्लवी जल्द ही फिर से स्क्रीन साझा कर सकते हैं।

### इस फिल्म में दोनों साथ आएंगे नजर

रिपोर्ट्स के अनुसार, आगामी तेलुगु प्रोजेक्ट आकाशम लो ओका तारा को आखिरकार अपनी मुख्य अभिनेत्री मिल गई है। इस फिल्म में दुलकर सलमान मुख्य भूमिका में हैं। अब कथित तौर पर साई पल्लवी फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने के लिए बातचीत कर रही हैं। पवन सादिनेनी द्वारा निर्देशित बहुप्रतीक्षित परियोजना के 2024 के अंत तक शुरू होने की उम्मीद है। अगर सब कुछ योजना के अनुसार होता है तो आकाशम लो ओका ताराकी टीम बहुत जल्द आधिकारिक घोषणा के साथ साई पल्लवी के साथ अपने सहयोग की घोषणा करेगी।

### दुलकर सलमान-साई पल्लवी की फिल्म

दुलकर सलमान और साई पल्लवी ने इससे पहले 2016 में रिलीज हुई रोमांटिक थ्रिलर फिल्म काली में स्क्रीन शेयर की थी। लोकप्रिय अभिनेता ने फिल्म में सिद्धार्थ की भूमिका निभाई थी, जो एक युवा है, जो अपने क्रोध प्रबंधन के मुद्दों से जूझ रहा है। अभिनेत्री ने समीर ताहिर के निर्देशन में मुख्य अभिनेत्री के रूप में अपनी दूसरी फिल्म की और उन्होंने सिद्धार्थ की पत्नी अंजलि की भूमिका निभाई।

### लकी भास्कर की कहानी

दुलकर सलमान की नई फिल्म लकी भास्कर की बात करें तो फिल्म में भास्कर बने दुलकर सलमान एक बैंकर की भूमिका निभाते हैं, जो फिल्म में एक काल्पनिक मगध बैंक में काम करते हैं। ऐसा लगता है कि वे रोज-रोज जागने, कपड़े पहनने, ट्रैफिक से बचने और कभी-कभी बैंक में जाकर केवल सिर हिलाने से थक चुके हैं। वे एक आम व्यक्ति हैं, जो अपना पूरा दिन दूसरों के लिए पैसा गिनने में बिताते हैं, लेकिन एक दिन उनके पास अचानक बहुत सारा पैसा आ गया, जिससे सभी को आश्चर्य हुआ कि उन्होंने यह पैसा कैसे कमाया।



## फिल्म रिश्ते में नजर आयेगी खेसारीलाल यादव और रति पांडेय की जोड़ी





मुंबइ(एजेंसी)। भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार खेसारीलाल यादव और अभिनेत्री रति पांडेय की जोड़ी एसआरके म्यूजिक प्रा. लि. के बैनर तले बनी फिल्म रिश्ते में नजर आयेगी। फिल्म रिश्ते का निर्माण शर्मिला आर सिंह ने किया है, और इसकी प्रस्तुति रौशन सिंह ने की है। इसके लेखक और निर्देशक प्रेमांशु सिंह हैं। फिल्म रिश्ते का प्रदर्शन 2025 की होली के अवसर पर पैन इंडिया स्तर पर किया जाएगा। फिल्म रिश्ते की शूटिंग पूरी हो गयी है।

खेसारीलाल यादव और रति पांडेय की जोड़ी इससे पहले एसआरके म्यूजिक की फिल्म रंग दे बसंती में नजर आई थी। अब दोनों एक बार फिर से साथ नजर आएंगे। खेसारीलाल यादव ने कहा, फिल्म रिश्ते में काम करना एक बेहतरीन अनुभव है।

## हॉरर फिल्मों की दीवानी हैं माधुरी दीक्षित

### भूल भुलैया को बताया अपनी नई शुरूआत

मुंबई,(एजेंसी)। फिल्म इंडस्ट्री की खूबसूरत और सदाबहार अभिनेत्री माधुरी दीक्षित की बहुप्रतीक्षित फिल्म भूल भुलैया सिनेमाघरों में धूम मचाने के लिए तैयार है। इस बीच अभिनेत्री ने फिल्म में अपने रोल को लेकर बात की। अभिनेत्री ने बताया कि वह हॉरर फिल्मों की दीवानी हैं। माधुरी दीक्षित ने आईएएनएस से बातचीत के दौरान कहा कि भूल भुलैया 3 के साथ डरावनी भूमिका में वह दर्शकों के सामने आने के लिए तैयार हैं। माधुरी ने कहा उन्हें यह बहुत अच्छा लग रहा है क्योंकि वह पहले की तुलना में कुछ अलग कर रही हैं। उन्होंने कहा यह बहुत अच्छा लगता है क्योंकि इससे मुझे कुछ अलग करने का मौका मिलता है। इसके साथ ही अभिनेत्री ने बताया मैं हॉरर फिल्में ज्यादा नहीं देखती, मैं डर जाती हूं, लेकिन मैं इन फिल्मों की दीवानी रही हूं। मुझे लगता है कि यह मेरी एक नई शुरूआत है। मैंने पहले कभी इस तरह की भूमिका नहीं निभाई है। इस बीच अभिनेत्री माधुरी दीक्षित ने डांस ऑफ पर भी बात की। माधुरी दीक्षित और विद्या बालन अमी जे तोमर 3.0ह्व गाने में एक और डांस-ऑफ करने के लिए तैयार हैं। द डांस ऑफ एन्वी और डोला रे डोला के बाद बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री ने कहा कि यह जब तक दर्शकों को पसंद आ रहा है, तब तक ठीक है और इससे फिल्म का उत्साह भी बढ़ता है।

माधुरी 1997 की फिल्म दिल तो पागल है के द डांस ऑफ एन्वी में अभिनेत्री करिश्मा कपूर के साथ मैच करती नजर आई थीं। इसके बाद वह 2002 में आई शाहरुख खान स्टारर फिल्म देवदास में अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन के साथ ह्लडोला रे डोलाह्व में नजर आई थीं। अब अभिनेत्री कार्तिक आर्यन के साथ भूल भुलैया की तीसरी किस्त में विद्या के साथ कथक करती नजर आएंगी। माधुरी ने आईएएनएस को बताया लोगों ने ट्रेलर देखा है और लोग इसे काफी पसंद कर रहे हैं। इससे उत्साह बढ़ता है। ह्व

माधुरी इससे पहले 1991 में एक साइको-थ्रिलर फिल्म 100 डेज में नजर आ चुकी हैं। उस फिल्म में भी डराने वाले कई सीन मौजूद थे। भुल भूलैया को लेकर अभिनेत्री ने कहा, मैं वास्तव में बेहद उत्साहित हूं और मैंने इस भूमिका का पूरा आनंद लिया है, मुझे लगता है कि लोगों को मनोरंजन के लिए यह फिल्म देखनी चाहिए।

